कप्पिय, वि०, योग्य, उचित।
कप्पिय-कारक, पु०, जो व्यक्ति भिक्षुओं की उचित आवश्यकताएँ पूरी करता है।
कप्पिय-भाण्ड, नपुं०, वे बर्तन जिनका उपयोग भिक्षुओं के लिए विहित है।
कप्पुर, नपुं०, कपूर।
कप्पूर, पु०, कपूर।
कप्पेति, क्रिया, तैयार करता है, काटता है, बनाता है, (जीवन) व्यतीत करता है।
कप्पेत्वा, पूर्व० क्रिया, तैयारी कर, काट-कर।
कबर, वि०, चितकबरा।
कबरमणि, नपुं० तथा पु०, लहसुनिया रत्न।
कबल, पु० तथा नपुं०, कौर।
कबलिकार, पु०, मुँह भरा कौर।
कबलिकाराहार, पु०, भोजन।
कब्ब, नपुं०, काव्य, काव्यात्मक रचना।
कम, पु०, क्रम।
कमति, क्रिया, जाता है।
कमण्डलु, पु० तथा नपुं०, कमण्डल।
कमनीय, वि०, वाञ्छनीय, सुन्दर, आकर्षक।
कमल, नपुं०, कँवल।
कमल-दल, नपुं०, कँवल की पंखुड़ी।
कमलासन, पु०, कँवल पर आसन लगाये बैठा ब्रह्मा।
कमलिनी, स्त्री०, कँवल का तालाब या झील।
कमितु, नपुं०, कामुक।
कमुक, पु०, सुपारी का पेड़।
कम्पक, वि०, कँपा देने वाला।
कम्पति, क्रिया, काँपता है।
कम्पमान, कृदन्त, काँपता हुआ।
कम्पित, कृदन्त, काँप उठा।
कम्पिय, वि०, जो कँपाया जा सके, हिलाया जा सके।
कम्पेति, क्रिया, कँपाता है।
कम्पेत्वा, पूर्व० क्रिया, हिलाकर।
कम्बल, नपुं०, कंबल।
कम्बली, वि०, कंबल वाला।
कम्बु, पु० तथा नपुं०, स्वर्ण, शंख।

कम्बुगीव, वि०, त्रि-रेखा युक्त गर्दन वाला ।
कम्बोज, पु०, देश-विशेष का नाम ।
कम्म, नपुं०, कर्म, कार्य ।
कम्म-कर, कम्मकार, पु०, कर्मकार, मजदूर ।
कम्म-करण, नपुं०, परिश्रम, मज़दूरी ।
कम्म-कारणा, स्त्री०, शारीरिक-दण्ड ।
कम्म-क्खय, पु०, पूर्व जन्म के कर्मों का क्षय ।
कम्मज, वि०, कर्म से उत्पन्न ।
कम्मजात, नपुं०, नाना प्रकार के कर्म ।
कम्म-दायाद, वि०, कर्म का उत्तराधिकारी ।
कम्म-नानत्त, नपुं०, कर्मों का नानाविध होना ।
कम्म-निब्बत्त, वि०, कर्मों के द्वारा उत्पन्न ।
कम्म-पथ, पु०, कर्म-मार्ग ।
कम्म-प्पच्चय वि०, कर्माधारित ।
कम्म-फल, नपुं०, कर्म-फल, कर्म का परिणाम ।
कम्म-बन्धु, वि०, कर्म ही जिसका बन्धु हो ।
कम्म-बल, नपुं०, कर्म ही जिसका बल हो ।
कम्म-योनि, वि०, कर्म से ही जिसकी उत्पत्ति हुई हो ।
कम्म-वाद, पु०, कर्मों और उनके फलों का मानना ।
कम्म-वादी, वि०, कर्म-वादी ।
कम्म-विपाक, पु०, कर्मों का फल ।
कम्म-वेग, पु०, कर्मों का वेग ।
कम्म-समुट्ठान, वि०, कर्मोत्पन्न ।
कम्म-सम्भव, वि०, कर्मों से उत्पन्न ।
कम्म-सरिक्खक, वि०, कर्मों के सदृश विपाक ।
कम्म-सक, वि०, कर्म ही जिसका अपना-आप है ।
कम्मयूहन, नपुं०, कर्मों की ढेरी ।
कम्म-उपचय, पु०, कर्मों का संग्रह ।
कम्मज-वात, पु०, प्रसव-वेदना ।
कम्मञ्ञ, वि०, कमाया हुआ (चमड़ा) ।
कम्मञ्ञता, स्त्री०, कमाया हुआ होने का भाव ।
कम्मट्ठान, नपुं०, ध्यान का विषय, जिस पर चित्त एकाग्र किया जाता है ।
कम्मट्ठानिक, पु०, योगाभ्यास करने वाला ।
कम्मधारय, पु०, कर्मधारय समास ।
कम्मन्त, नपुं०, काम, कारोबार ।
कम्मन्तट्ठान, नपुं०, कारोबार की जगह ।
कम्मन्तिक, वि०, मजदूर ।
कम्मप्पत्त, वि०, ऐसे भिक्षु जो विनय-कर्म करने के लिए एकत्र हुए हों ।
कम्मवाचा, स्त्री०, विनय-कर्म का पाठ ।
कम्मस्सामी, पु०, कारोबार का स्वामी ।
कम्माधिट्ठायक, पु०, कारोबार का निरीक्षक ।
कम्मानुरूप, वि०, कर्मानुसार ।
कम्मार, पु०, लोहार या सुनार ।

कम्मारभण्ड, नपुं०, लोहार का सामान।
कम्मार-साला, स्त्री०, लोहार या सुनार की काम करने की जगह।
कम्मारम्भ, पु०, कार्य-विशेष का आरम्भ करना।
कम्मारह, वि०, काम के योग्य।
कम्माराम, वि०, कार्य में रस लेना।
कम्मारामता, स्त्री०, दुनियाबी कार्यों में मन लगे रहने का भाव।
कम्मास, वि०, चितकवरा, वेमेल।
कम्मास-दम्म, कुरुओं का एक नगर, जहाँ भगवान बुद्ध एक से अधिक बार ठहरे और जहाँ उन्होंने महासतिपट्ठान-सुत्त सदृश महत्त्वपूर्ण सूत्रों का उपदेश दिया।
कम्मिक, **कम्मी**, पु०, करने वाला, मजदूर।
कम्यता, स्त्री०, इच्छा।
कय, पु०, क्रय, खरीद।
कय-विक्कय, पु०, क्रय-विक्रय।
कय-विक्कयी, पु०, व्यापारी।
कयिक, पु०, खरीदार।
कर, पु०, १. हाथ, २. किरण, ३. टैक्स, ४. हाथी का सूण्ड।
करक, पु०, अनार; नपुं०, जल-पात्र।
करका, स्त्री०, ओले।
करग्ग, हाथ का सिरा।
करज, पु०, हाथ का नाखून।
करजकाय, पु० गन्दा शरीर।
करञ्ज, पु०, करंजुआ।
करतल, नपुं०, हाथ की हथेली।
कर-पुट, पु०, जुड़े हुए हाथ।
कर-भुसा, स्त्री०, हाथ का आभरण, पहुँची, बाजूबंद।
करण, नपुं०, १. करना, बनाना, २. उत्पत्ति।
करणत्थ, पु०, साधन बनने का भाव।
करणविभत्ति, स्त्री०, तीसरी विभक्ति।
करणीय, वि०, कर्तव्य।
करण्डक, पु०, टोकरी, पिटारी।
करभ, पु०, १. ऊँट, २. कलाई।
करमद्द, पु०, करमर्दक।
करमर, पु०, क़ैदी।
करमरानीत, वि०, युद्ध-बन्दी।
करवीक, पु०, कोयल।
करवीक-भाणी, वि०, स्पष्ट तथा मधुर स्वर वाला।
करसाखा, स्त्री० अंगुली।
करहाट, नपुं०, कन्द, जड़।
करिसापण्ण, पु०, कार्षापण।
करी, पु०, हाथी।
करीयति, क्रिया, किया जाता है।
करीयमान, कृदन्त, किया जाता हुआ।
करीर, पु०, क्रकच।
करीस, नपुं०, गोवर, गुँह।
करीस-मग्ग, पु०, गुदा।
करुणं, क्रि० वि०, करुणा-पूर्वक।
करुणा, स्त्री०, दया।
करुणायति, क्रिया, दया अनुभव करता है।
करेणु, स्त्री०, हथिनी।
करेरि, पु०, वृक्ष-विशेष।
करोति, क्रिया, करता है।
करोन्त, कृदन्त, करते हुए।
कल, पु०, मधुर आवाज।
कलंक, पु०, चिह्न, दाग़, धब्बा।
कलण्डुक जातक, बनारस के एक सेठ के

पास कलण्डुक नाम का दास था। उसने जाली पत्र बना पड़ोसी प्रदेश के एक सेठ की लड़की से विवाह किया (१२७)

कलत्त, नपुं०, पत्नी।

कलन्दक, पु०, गिलहरी।

कलन्दक-निवाप, पु०, वेळुवन का वह स्थान जहाँ गिलहरियों को नियम से खाना मिलता था।

कलभ, पु०, हाथी का बच्चा।

कलल, नपुं०, कीचड़।

कलल-मक्खित, वि०, कीचड़ सना हुआ।

कलल-रूप, नपुं०, गर्भ की आरम्भावस्था।

कलविंक, पु०, चिड़िया।

कलस, नपुं०, कलश, जल-पात्र।

कलसिगाम, अलसन्दा (अलैक्जैण्डरिया) द्वीप का वह स्थान, जहाँ मिलिन्द नरेश पैदा हुआ था।

कलह, पु०, झगड़ा।

कलह-कारक, वि०, झगड़ने वाला।

कलह-कारण, नपुं०, झगड़े का कारण।

कलह-सद्द, पु०, झगड़े की आवाज़।

कला, स्त्री०, सम्पूर्ण का एक भाग, कला-शिल्प।

कलाप, पु०, वण्डल, तरकश, महाभूतों के कणों का समूह।

कलापी, पु०, मोर, तरकश वाला।

कलायमुट्ठी जातक, एक बंदर की कथा, जिसने एक मटर के दाने के लिए मुट्ठी के सभी मटर गँवा दिये थे (१७६)।

कलि, पु०, हार, दुर्भाग्य, पाप, कष्ट।

कलिका, स्त्री०, फूल की कली।

कलिग्गह, पु०, हार का पाँसा।

कलियुग, पु०, सत-युग, त्रेता-युग आदि का अंतिम युग।

कलिङ्गर, पुं० तथा नपुं०, लट्ठा, लकड़ी का सड़ा हुआ लट्ठा।

कलिल, नपुं०, गहन।

कलीर, नपुं०, ताड़-वृक्ष के तने का कोमल भाग।

कलुस, नपुं०, कलुष, पाप-कर्म, अपवित्रता।

कलेवर, **कलेबर**, नपुं०, शरीर।

कल्याण, वि०, शुभ।

कल्याण-काम, वि०, भला चाहने वाला।

कल्याण-कारी, वि०, शुभ-कर्मी।

कल्याण-दस्सन, वि०, सुन्दर।

कल्याण-पटिभाण, वि०, शीघ्र-बोध।

कल्याण-मित्र, पु०, शुभचिंतक मित्र।

कल्याण-अज्झासय, वि०, शुभ-चेतना।

कल्याण-धम्म जातक, सास के बहरेपन के कारण बहू ने कुछ कहा और सास ने दूसरा ही समझा (१०१)।

कल्याणी, स्त्री०, १. सुन्दर स्त्री, २. लंका की एक नदी तथा एक नगरी।

कल्ल, वि०, दक्ष, योग्य, स्वस्थ।

कल्लता, स्त्री०, दक्षता।

कल्ल-सरीर, वि०, स्वस्थ शरीर वाला।

कल्लहार, नपुं०, श्वेत कँवल।

कल्लोल, पु०, तरङ्ग, वड़ी लहर।

कवच, पु०, ज़िरह-बख़्तर, सन्नाह।

कवंध, पु०, बिना सिर का धड़।

कवाट, पु० तथा नपुं०, खिड़की, दरवाज़े के किवाड़।

कवि, पु०, कवि, शायर ।
कविट्ठ, पु०, कैथ ।
कविता, स्त्री०, काव्य-कृति ।
कवित्त, नपुं०, कवित्व, कवि की अवस्था या काव्य-सामर्थ्य ।
कसट, पु०, कूड़ा-करकट, कसैला स्वाद ।
कसति, क्रिया, हल चलाता है ।
कसन, नपुं०, हल चलाना ।
कसंत, **कस्समान**, कृदन्त, हल चलाता हुआ ।
कसम्बु, पु०, कूड़ा-करकट ।
कसम्बु-जात, वि०, कूड़े-करकट में से उत्पन्न ।
कसा, स्त्री०, चाबुक ।
कसाहत, वि०, चाबुक के आघात प्राप्त ।
कसाय, नपुं०, दुछान्दा ।
कसाव, पु० तथा नपुं०, १. कसैला स्वाद, २. काषाय-रंग ।
कसि, स्त्री०, कृषि, खेती-बाड़ी ।
कसि-कम्म, नपुं०, खेती ।
कसि-भण्ड, नपुं०, कृषि के औज़ार ।
कसि-भारद्वाज, कसि-भारद्वाज गोत्र का एक ब्राह्मण, जो दक्षिणगिरि के एकनाळ में रहता था। बुद्धत्व-प्राप्ति के ग्यारहवें वर्ष में उसकी भगवान् बुद्ध से भेंट हुई थी ।
कसिण, वि०, कृत्स्न, समस्त नपुं०, चित्त एकाग्र करने का साधन ।
कसिण-परिकम्म, नपुं०, योगाभ्यास की पूर्व-तैयारी ।
कसिण-मण्डल, नपुं०, योगाभ्यास के लिए कागज़ या दीवार पर खींचा गया चक्र ।
कसितट्ठान, नपुं०, हल चलाई हुई भूमि।
कसित्वा, पूर्व० क्रिया, हल चलाकर ।
कसिर, वि०, कठिन, नपुं०, कठिनाई ।
कसिरेन, क्रि० वि०, कठिनाई से ।
कस्मीर, उत्तर-भारत का प्रदेश । आधुनिक काश्मीर ।
कस्सक, पु०, कृषक, किसान ।
कस्सति, क्रिया, खींचता है ।
कस्सपमन्दिय जातक, वृद्धों की तरुणों के साथ सहनशीलता का बर्ताव करने की शिक्षा (३१२) ।
कहं, क्रि० वि०, कहाँ ।
कहापण, नपुं०, स्वर्ण-मुद्रा, कार्षापण ।
कहापणक, नपुं०, दण्ड-विधान, जिसमें अपराधी के मांस के कार्षापणों के समान छोटे-छोटे टुकड़े कर दिये जाते थे ।
काक, पु०, कौआ, राजा चण्ड प्रद्योत का अति शीघ्र चलने वाला दास ।
काक-पाद, कौवे का पाँव, क्रॉस-चिह्न ।
काक-पेय्य, वि०, लबालब भरा हुआ, ताकि कौवा भी पी सके ।
काक-वर्ग, वि०, कौवे के रंग का ।
काक-जातक, राजपुरोहित स्नान करके लौट रहा था। कौवे ने उस पर बीट कर दी। राजपुरोहित ने क्रुद्ध हो सभी कौवों को मरवा डालना चाहा (१४०) ।
काक-जातक, कौवा तथा उसकी कौवी शराब पीकर मस्त हो गये। कौवी को समुद्र की लहर बहा ले गई। कौवे का विलाप सुन सभी कौवे समुद्र के शत्रु बन बैठे (१४६) ।
काक-जातक, लोभी कौवे ने मांस-लोभ

से पिंजरे में रहने वाले कबूतर से दोस्ती की और रसोई के हाथ पड़ जान गँवाई ।
काकच्छति, क्रिया, नाक बजाता है।
काकणिका, स्त्री०, काकणी, कौड़ी ।
काकतालीय, नपुं०, काकतालीय-न्याय, अकस्मात् घटित ।
काकतिन्दुक, पु०, काकतिन्दुक ।
काकपक्ख, पु०, बालों का गुच्छा, शिखा ।
काकली, स्त्री०, धीमा स्वर ।
काकसूर, वि०, कौवे की तरह शूर, निर्लज्ज ।
काकाति जातक, बनारस के राजा की काकाति नामक पटरानी पर गरुड़ मोहित हो गया और उसे उड़ा ले गया (३२७) ।
काकी, स्त्री०, कौवी ।
काकोल, काकोळ, पु०, काला कौवा, जंगली कौआ ।
काच, पु०, काँच ।
काच-तुम्ब, पु०, काँच की बोतल ।
काचमय, वि०, काँच-निर्मित ।
काज, पु०, बहँगी ।
काज-हारक, पु०, बहँगी ढोने वाला ।
काट, पु०, पुरुषेन्द्रिय ।
काण, वि०, काना, एक आँख का अंधा ।
कातब्ब, नपुं०, कर्तव्य ।
कातर, वि०, दुखी, दरिद्र ।
कातवे, कातुं, करने के लिए ।
कातुकाम, वि०, करने की इच्छा वाला ।
कादम्ब, पु०, बत्तख-विशेष ।
कानन, नपुं०, जंगल ।
कापिलवत्थव, वि०, कपिलवस्तु का ।
कापुरिस, पु०, घृणित व्यक्ति ।
कापोतक, वि०, कबूतर के समान सफेद ।
कापोतिका, स्त्री०, एक तरह की शराब ।
काम, पु०, कामना, कामुकता ।
काम-गिद्ध, इन्द्रिय-सुख का लोभी ।
काम-गुण, इन्द्रिय सुख ।
काम-गेध, इन्द्रिय-सुख के प्रति आसक्ति ।
कामच्छन्द, कामुकता ।
काम-तण्हा, काम-तृष्णा ।
काम-दद, वि०, इच्छित वस्तु का देना ।
काम-धातु, इच्छा-लोक ।
काम-पङ्क, इच्छाओं का कीचड़ ।
काम-परिळाह, पु०, काम-ज्वर ।
काम-भव, पु०, कामनाओं का संसार ।
काम-भोगी, वि०, इन्द्रिय-सुख का भोगने वाला ।
काम-मुच्छा, स्त्री०, काम-मूर्च्छा ।
काम-रति, स्त्री०, कामुकता का आनन्द ।
काम-राग, पु०, काम-चेतना ।
काम-लोक, पु०, कामनाओं का लोक ।
काम-वितक्क, पु०, कामनाओं सम्बन्धी विचार ।
काम-संकप्प, पु०, कामनाओं के सम्बन्ध में संकल्प-विकल्प ।
काम सञ्ञोजन, नपुं०, कामनाओं के बन्धन ।
काम-सुख, नपुं०, कामेन्द्रिय-जनित सुख ।

काम-सेवना, स्त्री०, मैथुन-धर्म का सेवन।

काम जातक, राजकुमार की कामना उत्तरोत्तर बढ़ गई (४६७)।

कामनीत जातक, बहुत कुछ काम जातक के समान ही (२२८)।

कामता, स्त्री०, आकांक्षा, इच्छा।

कामी, कामेन्द्रिय सुखों के साधनों से सम्पन्न।

कामुक, वि०, रागी।

कामेतिं, क्रिया, इच्छा करता है।

कामेतब्ब, कृदन्त, इच्छा किये जाने के योग्य।

काय, पु०, ढेर, संग्रह, शरीर।

काय-कम्म, नपुं०, शारीरिक कर्म।

काय-कम्मञ्ञता, स्त्री०, शरीर की कमनीयता (कमाया हुआ होना)।

काय-गत, वि०, शरीर-सम्बन्धी।

काय-गन्थ, पु०, शारीरिक बंधन।

काय-गुत्त, वि०, शरीर से संयत।

काय-डाह, पु०, शरीर-ज्वर।

काय-दरथ, पु०, शारीरिक कष्ट।

काय-दुच्चरित, नपुं०, शारीरिक दुश्चरित्र।

काय-द्वार, नपुं० शारीरिक इन्द्रियाँ।

काय-धातु, स्त्री०, स्पर्शेन्द्रिय।

कायप्पकोप, पु०, शारीरिक दुष्कर्म।

कायप्पचालकं, क्रि० वि०, शरीर का हिलना-डोलना।

काय-पटिबद्ध, वि०, शरीर से सम्बन्धित।

काय-प्पयोग, पु०, शारीरिक साधन।

काय-परिहारिक, वि० शरीर का पालन।

काय-प्पसाद, पु०, स्पर्शेन्द्रिय का स्पष्ट बोध।

काय-प्पसद्धि, स्त्री०, इन्द्रियों की शान्ति।

काय-पागब्भिय, नपुं०, शारीरिक प्रगल्भता, शारीरिक असंयम।

काय-बंधन, नपुं०, कमर की पट्टी।

काय-बल, नपुं० शारीरिक-बल।

काय-मुदुता, स्त्री०, इन्द्रियों की कोमलता।

काय-लहुता, स्त्री०, इन्द्रियों का हलकापन।

काय-वङ्क, पु०, टेढ़े कार्य।

काय-विकार, पु०, संकेत।

काय-विञ्ञत्ति, स्त्री०, शारीरिक सूचना।

काय-विञ्ञाण, नपुं०, स्पर्श द्वारा चेतना।

काय-विञ्ञेय्य, वि०, स्पर्श द्वारा जानने योग्य।

काय-विवेक, पु०, शारीरिक एकान्त।

काय-वेय्यावच्च, नपुं०, शारीरिक सेवा-कार्य।

काय-संसग्ग, पु०, शारीरिक संसर्ग।

काय-सक्खी, वि०, शरीर से सत्य का साक्षात्-कृत।

काय-संखार, पु०, शरीर का सूक्ष्म स्वरूप।

काय-समाचार, पु०, सदाचरण।

काय-सम्फस्स, पु०, स्पर्शेन्द्रिय।

काय-सुचरित, नपुं०, शारीरिक सदाचरण।

काय-सोचेय्य, नपुं०, शारीरिक पवित्रता।

कायविच्छिन्द जातक, धार्मिक जीवन बिताने का संकल्प करने पर पीलिका रोग चला गया (२९३)।

कायिक, वि०, शारीरिक।

कायिक-दुक्ख, नपुं०, शारीरिक वेदना।

कायुजुकता, स्त्री०, शरीर का सीधापन।

कायूपग, वि०, शरीर से आसक्त, नया जन्म ग्रहण करने वाला।

कायूर, नपुं०, बाजूबंद।

कार, पु०, क्रिया, कर्म, सेवा। (रथ-) कार; वि०, रथ बनाने वाला।

कारक, पु०, कर्ता, करने वाला। व्याकरण में कर्ता-कारक आदि 'कारक'।

कारण, नपुं०, हेतु। कारणा, अपादान (कारक), हेतु से। किं कारणा, किस हेतु से, क्यों?

कारण्डिय जातक, बिना किसी की योग्यता-अयोग्यता परखे हर किसी को उपदेश देने वाले आचार्य की कथा (३९६)।

कारणा, स्त्री०, यातना, शारीरिक दण्ड।

कारणिक, पु०, यातना देने वाला।

कारवेल्ल, पुं०, कारवेल्लक।

कारा, स्त्री०, जेल।

काराघर, नपुं०, जेलखाना।

कारापक, पुं०, कराने वाला।

कारापिका, स्त्री०, कराने वाली।

कारापन, नपुं०, करवाना।

कारापित, कृदन्त, करवाया गया।

कारापेति, क्रिया, करवाता है।

कारा-भेदक, वि०, जेल से भाग आने वाला।

कारिका, स्त्री०, व्याख्या।

कारिय, नपुं०, कार्य, कर्तव्य।

कारी, पु०, करने वाला।

कारुञ्ञ, नपुं०, करुणा।

कारुणिक, वि०, दयालु।

कारेति, क्रिया, करवाता है।

काल, पु०, समय।

कालस्सेव, समय रहते।

कालेन, ठीक समय पर।

कालेन कालं, समय-समय पर।

कालं करोति, मर जाता है।

कालं कत, (कृदन्त), मर गया।

काल-किरिया, स्त्री०, मृत्यु।

काल-कण्णी, पु०, मनहूस।

काल-पवेदन, नपुं०, समय की सूचना।

काल-वादी, वि०, समयोचित बोलने वाला।

कालञ्ञू, वि०, (उचित) समय का जानकार।

कालंतर, नपुं०, व्यवधान, समय-विभाग।

कालिक, वि०, समय सम्बन्धी।

कालिङ्ग, पूर्व-भारत का एक जनपद।

कालुसिय, नपुं०, मैल (कालुष्य)।

कावेय्य, नपुं०, काव्य।

कास, पु०, नरकट, तपेदिक (रोग)

कासाय, कासाव, नपुं०, काषाय-वस्त्र; वि०, काषाय-वर्ण युक्त।

कासि, सोलह जनपदों में से एक। इसकी राजधानी वाराणसी थी।

कासिक, वि०, काशी का, काशी में निर्मित।

कासु, स्त्री०, गड्ढा ।
काळ, वि०, काला ।
काल, पु० काला रंग ।
कूट, पु०, हिमालय पर्वत का एक शिखर ।
काळ-केस, वि०, काले बाल वाला ।
काळ-तिपु, नपुं०, काला सीसा ।
काळ-पक्ख, पु०, कृष्ण-पक्ष ।
काळ-लोण, नपुं०, काला नमक ।
काळ-सीह, पु०, काला सिंह ।
काळ-सुत्त नपुं०, काला सूत्र ।
काळ-हंस, पु०, काला हंस ।
काळक, वि०, काला (चिह्न); नपुं०, धब्बा, धान में काला दांना ।
काळकण्णी जातक, अनाथ पिण्डक के काळकण्णी मित्र की कथा के समान (८३) ।
काळबाहु-जातक, काळ-बाहु बन्दर की कथा (३२९) ।
काळाम, गोत्र-विशेष । काळामों को ही भगवान् बुद्ध ने प्रसिद्ध काळाम-सुत्त का उपदेश दिया था ।
काळायस, नपुं०, काला लोहा (ताँबा) ।
काळावक, पु०, एक प्रकार का हाथी ।
कालिंग-बोधि-जातक, कालिंग-नरेश के दो पुत्रों की कथा (४७९) ।
कासाव जातक, काषाय वस्त्र के कारण हाथी ने दुष्ट आदमी को क्षमा कर दिया (२२१) ।
किकी, पु०, नील-कण्ठी; स्त्री० मुर्गी ।
किंकर, पु०, नौकर, सेवक ।
किंकिणी, स्त्री०, छोटी घंटी, घुंघरू ।
किंकिणिक-जाल, नपुं०, घुंघरुओं की जाली ।
किच्च, नपुं०, कृत्य ।
किच्चकारी, वि०, अपना कर्तव्य निभाने वाला ।
किच्चाकिच्च, नपुं०, कृत्य तथा अकृत्य, करणीय तथा अकरणीय ।
किच्छ, वि०, कठिन, दुखद; नपुं०, कठिनाई, दुःख ।
किच्छति, क्रिया, कष्ट पाता है ।
किंचन, नपुं०, कुछ, सांसारिक आसक्ति; वि०, तुच्छ ।
किंचापि, अव्यय, कुछ भी, कैसे भी, कितना भी, लेकिन ।
किंचि, अव्यय, कुछ ।
किंचिक्ख, नपुं०, तुच्छ ।
किंजक्ख, पु० तथा नपुं०, रेणु ।
किट्ठ, नपुं०, उगता हुआ धान ।
किट्ठाद, वि०, धान खाने वाला ।
किट्ठा-सम्बाध-समय, पु०, खेती पक जाने का समय ।
किणन्त, कृदन्त, खरीदते हुए ।
किणित्वा, पूर्व० क्रिया, खरीदकर ।
किण्ण, कृदन्त, बिखरा हुआ; नपुं०, खमीर ।
कितव, पु०, ठग ।
कित्तक, सर्वनाम, कितना, किस सीमा तक, कितने ।
कित्तन, नपुं०, कीर्तन, प्रशंसा, स्तुति ।
कित्तावता, क्रि० वि०, कहाँ तक, किस सम्बन्ध में ।
कित्ति, स्त्री०, कीर्ति, प्रसिद्धि ।
कित्ति-घोस, **कित्ति-सद्द**, पु०, यश ।
कित्ति-मन्तु, वि०, यशस्वी ।
कित्तिम, वि०, कृत्रिम ।

कित्तेति, क्रिया, प्रशंसा करता है ।
किन्नर, पु०, पक्षी-विशेष, जंगल में रहने वाली जाति-विशेष ।
किन्नरी, स्त्री०, किन्नर-स्त्री ।
किपिल्लिका, स्त्री०, चींटी ।
किब्बिस, नपुं०, अपराध ।
किब्बिसकारी, पु०, अपराधी ।
किमि. पु०, कीड़ा, कृमि ।
किमि-कुल, नपुं०, कीड़ों का समूह ।
किमक्खायी, वि०, किस उपदेश का उपदेष्टा ।
किमत्थं, क्रि० वि०, किस लिए ।
किमत्थिय, वि०, किस उद्देश्य से ।
किमपक्क-फल, नपुं०, आम की शक्ल का जहरीला फल ।
किम्पुरिस, देखो, किन्नर ।
किंसुकोपम जातक, बुद्ध द्वारा चार भिक्षुओं को चार भिन्न-भिन्न कर्म-स्थान दिये गये चारों ने अर्हत्व-लाभ किया (२४८) ।
किंच्छन्द जातक, रिशवत लेने वाले न्यायाधीश पुरोहित की कथा (५११) ।
किर, अव्यय, वास्तव में ।
किरण, पु० तथा नपुं०, (सूर्य या चन्द्र की) किरण ।
किरति, क्रिया, बिखेरता है ।
किरात, पु०, जंगली जाति-विशेष ।
किरिय, नपुं०, क्रिया ।
किरियवाद, पु०, कर्म-फल में विश्वास ।
किरिय-वादी, पु०, कर्म-फल में विश्वासी ।
किरीट, नपुं०, राज-मुकुट ।
किलञ्जा, स्त्री०, चटाई ।
किमन्त, कृदन्त, थका हुआ ।
किलमति, क्रिया, थकता है ।
किलमथ, पु०, थकावट ।
किलमन्त, कृदन्त, थकता हुआ ।
किलमित, कृदन्त, थका हुआ ।
किलमेति, क्रिया, थकाता है ।
किलास, पु०, छूत का रोग, कोढ़ ।
किलिट्ठ, कृदन्त, मैला ।
किलिन्न, कृदन्त, भीगा ।
किलिस्सति, क्रिया, दाग लगता है, अशुद्ध होता है ।
किलिस्सन, नपुं०, मैला होना, दाग लगना ।
किलेस, पु०, कामुकता ।
किलेसक्खय, कामुकता का क्षय ।
किलेसप्पहाणं, कामुकता का नाश ।
किलेस-वत्थु, नपुं०, आसक्ति के पात्र ।
किलेसेति, क्रिया, धब्बा या दाग लगाता है ।
किलोमक, नपुं०, फुप्फुस का आवरण ।
किस, वि०, कृश, दुबला-पतला ।
किं, सर्वनाम, क्या ।
को, पु०, कौन पुरुष ।
का, स्त्री०, कौन स्त्री ।
कं, नपुं०, किस वस्तु को ।
किं कारणा, क्रि० वि०, किस कारण से ।
किंवादी, वि०, किस मत का ।
कीट, पु०, कीड़ा ।
कीत, कृदन्त, खरीदा हुआ ।
कीदिस, वि०, कैसा ।
कीर, पु०, तोता ।
कील, पु०, खूंटा ।
कीव, अव्यय, कितना, कब तक ।

कीवतिक, वि०, कितने । कितना ।
कीळति, क्रिया, खेलता है ।
कीळनक, नपुं०, खिलौना ।
कीळना, केळी, स्त्री०, क्रीड़ा, विनोद ।
कीळा, स्त्री०, क्रीड़ा ।
कीळा-गोलक, नपुं०, खेलने की गेंद ।
कीळा-पसुत, वि०, खेल में लगा हुआ ।
कीळा-भण्डक, नपुं०, खिलौना ।
कीळा-मण्डल, नपुं०, क्रीड़ा-भूमि ।
कीळा-पनक, वि०, खिलाड़ी; नपुं० खिलौना ।
कीळापेति, क्रिया, खिलाता है ।
कीळित, कृदन्त, खेला हुआ ।
कुकुत्थक, पु०, एक प्रकार का पक्षी ।
कुक्कु, पु०, हाथ भर का माप ।
कक्कु जातक, राजा ब्रह्मदत्त (बनारस) को समझाने के लिए दी गई अनेक उपमाओं से युक्त कथा (३९६) ।
कुक्कुच्च, नपुं०, कौकृत्य, पश्चात्ताप ।
कुक्कुचायति, क्रिया, पश्चात्ताप करता है ।
कुक्कुट, पु०, मुर्गा ।
कुक्कुट-जातक, एक बिल्ली ने एक मुर्गे की पत्नी बनने की बात बना उसे ठगना चाहा । वह उसमें असफल हुई (३८३) ।
कुक्कुट जातक, एक बाज ने एक मुर्गी को ठगना चाहा (४४८) ।
कुक्कुटी, स्त्री०, मुर्गी ।
कुक्कुर, पु०, कुत्ता ।
कुक्कुर-वतिक वि०, कुक्कुर-व्रती ।
कुक्कुर-जातक, बनारस के राजा ने अपने कुत्तों के अपराध के कारण सभी दूसरे निरपराध कुत्तों को भी मरवाने की आज्ञा दी (२२) ।
कुक्कुळ, पु०, गर्म राख ।
कुंकुम, नपुं०, केसर ।
कुच्छि, पु०, पेट ।
कुच्छिट्ठ, वि०, कुच्छि-स्थित ।
कुच्छि-दाह, पु०, पेट की जलन ।
कुच्छित, कृदन्त, कुत्सित, घृणित ।
कुज, पु०, वृक्ष-विशेष, मङ्गल-ग्रह ।
कुज्झति, क्रिया, क्रोधित होता है ।
कुज्झन, नपुं०, क्रोध ।
कुज्झित्वा, पूर्व० क्रिया, क्रुद्ध होकर ।
कुञ्चनाद, पु०, क्रौञ्च-नाद, हाथी की चिंघाड़ ।
कुञ्चिका, स्त्री०, चाबी ।
कुञ्चिका-विवर, नपुं०, चाबी का छेद ।
कुञ्चित, कृदन्त, मुड़ा हुआ ।
कुञ्ज, नपुं०, घाटी, लताओं आदि से ढका स्थान ।
कुञ्जर, पु०, हाथी ।
कुट, पु० तथा नपुं०, जल-पात्र ।
कुटज, पु०, औषध-विशेष, बूटी-विशेष (कुरैया) ।
कुटि, स्त्री०, झोंपड़ी ।
कुटि दूसक जातक, बये ने बरसात में भीगे बन्दर को उपदेश दिया । बन्दर ने बये का घोंसला ही उजाड़ दिया (३२१) ।
कुटिल, वि०, टेढ़ा ।
कुटिलता, स्त्री०, टेढ़ापन ।
कुटुम्ब, नपुं०, परिवार ।
कुटुम्बिक, पु०, परिवार का मुखिया ।
कुट्ठ, नपुं०, कुष्ठ, एक पौधा-विशेष ।

कुट्ठी, पु०, कोढ़ी ।
कुठारी, स्त्री०, कुल्हाड़ी ।
कुडुव, पु०, कुडव ।
कुडुमल, पु०, कोंपल, मुकुल ।
कुड्ड, नपुं०, दीवार ।
कुणप, पु०, लाश ।
कुणप-गन्ध, पु०, लाश की सड़ाँध ।
कुणाल, पु०, कोयल ।
कुणाल-जातक, कोयलों के कुणाल नाम के राजा की कथा (५३६) ।
कुणी, पु०, लंगड़ा ।
कुण्ठ, वि०, भोथरा ।
कुण्ठेति, क्रिया, कुण्ठित कर देता है ।
कुण्डक, चावलों के भीतर से प्राप्त चूर्ण ।
कुण्डक-पूव, कुण्डक के बने पूए ।
कुण्डल,, नपुं०, कान की बाली ।
कुण्डल-केस, वि०, घुंघराले बाल ।
कुण्डली, वि०, जिसके कान में कुण्डल हो या जिसके बाल घुंघराले हों ।
कुण्डिका, स्त्री०, कूण्डी, मिट्टी का जल-पात्र ।
कुतूहल, नपुं०, उत्तेजना, कौतूहल ।
कुतो, क्रि० वि०, कहाँ से ?
कुत्त, नपुं०, आचरण, नखरा ।
कुत्तक, नपुं०, वड़ा गलीचा ।
कुत्ति, स्त्री०, सजावट ।
कुत्थ, कुत्र, क्रि० वि०, कहाँ ?
कुथित, कृदन्त, उबाला गया ।
कुदस्सु, अव्यय, कब ?
कुदाचन, कुदाचनं, अव्यय, कभी, किसी समय ।
कुद्दाल, पु०, कुदाली ।
कुद्दाल जातक, कुद्दाल पण्डित अपनी कुदाली के प्रति असीम आसक्ति के कारण छह बार गृहस्थ बना और गृहस्थी के झंझटों के कारण छह बार साधु (७०) ।
कुद्ध, कृदन्त, क्रुद्ध ।
कुदरूसक, पु०, धान्य-विशेष ।
कुन्त, पु०, वर्छी, पक्षी-विशेष ।
कुन्तनी, स्त्री०, सारस, बगुला ।
कुन्तनी जातक, लड़कों ने बगुली के दो बच्चे मरवा डाले । बगुली ने शेर को कहकर लड़कों को मरवा डाला और स्वयं हिमालय की ओर चली गई (३४३) ।
कुन्तल, पु०, केश-राशि ।
कुन्थ, पु०, चींटी-विशेष ।
कुन्द, नपुं०, जूही के समान सफेद फूल ।
कुन्नदी, स्त्री०, छोटी नदी ।
कुपथ, पु०, कुमार्ग ।
कुपित, कृदन्त, क्रुद्ध ।
कुपुरिस, पु०, दुष्ट आदमी ।
कुप्प, वि०, अस्थिर, चञ्चल ।
कुप्पति, क्रिया, क्रोधित होता है, उत्तेजित होता है ।
कुप्पन, नपुं०, उत्तेजना, क्रोध ।
कुब्बति, क्रिया, करता है ।
कुब्बनक, नपुं०, छोटा जंगल ।
कुब्बन्त, कृदन्त, करता हुआ ।
कुब्बर, गाड़ी के पहियों की धुरी ।
कुमति, स्त्री०, मिथ्या दृष्टि ।
कुमार, पु०, लड़का ।
कुमार-कीळा, स्त्री०, कुमार-क्रीड़ा ।
कुमार-पञ्ह, खुद्दक-निकाय (सुत्त-पिटक) का चौथा परिच्छेद । सात वर्ष के सोपाक अर्हत् से पूछे गये

प्रश्न।

कुमारिका, स्त्री०, कुँवारी।

कुमुद, नपुं०, श्वेत कँवल।

कुमुद-णाल, नपुं०, श्वेत कँवल की नलिका।

कुमुद-वण्ण, वि०, श्वेत कुँवल के वर्ण का।

कुम्भ, पु०, घड़ा।

कुम्भक, नपुं०, जहाज का मस्तूल।

कुम्भकार, पु०, कुम्हार।

कुम्भकार जातक, बोधिसत्व के कुम्हार की योनि में उत्पन्न होने पर गृह-त्याग की कथा (४०८)।

कुम्भकार-साला, स्त्री०, बर्तन बनाने का स्थान।

कुम्भ-दासी, स्त्री०, पानी लाने वाली दासी।

कुम्भ-जातक, शराब के आरम्भ की कथा (५१२)।

कुम्भण्ड, पु०, दिव्य-लोक के प्राणी-विशेष, नपुं०, कद्दू।

कुम्भी, स्त्री०, बर्तन।

कुम्भील, पु०, मगरमच्छ।

कुम्म, पु०, कछुआ।

कुम्मग्ग, पु०, कुमार्ग।

कुम्मास, पु०, कुल्माष।

कुम्मासपिण्ड-जातक, कुल्माष-पिण्ड के दान की कथा (४१५)।

कुर, नपुं०, भात।

कुरण्डक, पु०, एक पौधा, जिसमें फूल लगते हैं।

कुरर, पु०, कुररी, मछली खाने वाला पक्षी-विशेष।

कुरु, सोलह महाजन पदों में से एक।

कुरुंग, पु०, मृगों की एक जाति।

कुरुंग-मिग-जातक, शिकारी ने कुरुंग-मृग को छलकर मारना चाहा। वह उसके छल को भाँप गया (२१)।

कुरुंग-मिग-जातक, मृग, कठफोड़े तथा कछुवे की कथा (२०६)।

कुरु-धम्म-जातक, पंचशील अथवा कुरु-धम्म के पालन से जनपद समृद्ध हो गया (२७६)।

कुरुमान, कृदन्त, करते हुए।

कुरु-रट्ठ, उत्तर-भारत का कुरु राष्ट्र।

कुरूर, वि०, क्रूर, अत्याचारी।

कुल, नपुं०, परिवार, जाति।

कुल-गेह, नपुं०, माता-पिता का घर।

कुलङ्गार, पु०, कुल-विनाशक।

कुल-तन्ति, स्त्री०, कुल-परम्परा।

कुल-दूसक, पु०, कुल की बदनामी करने वाला।

कुल-धीता, स्त्री०, कुल की बेटी।

कुल-पुत्त, पु०, कुल-पुत्र।

कुल-वंस, नपुं०, वंश-परम्परा।

कुलटा, स्त्री०, कुलटा नारी।

कुलत्थ, पु०, पौधा-विशेष।

कुल-पालिका, स्त्री०, कुल-स्त्री, कुल का पालन करनेवाली।

कुलल, पु०, बाज, गीध।

कुलाल, पुं०, कुम्हार।

कुलाला-चक्क, नपुं० कुम्हार का चाक।

कुलावक-जातक, गाँव के उनतीस परिवारों के मुखिया के रूप में मघ की समाज-सेवा की कथा (३१)।

कुलिस, नपुं०, वज्र (इन्द्रायुध), गदा।

कुलीन, वि०, श्रेष्ठ कुल का।

कुलीर, पु०, केकड़ा।
कुलूपग, वि०, परिवार-विशेष से सुपरिचित।
कुल्ल, पु०, बेड़ा।
कुवलय, नपुं०, जल-कँवल।
कुवेर, पु०, यक्षाधिपति।
कुस, पु०, कुश (दर्भ)।
कुसग्ग, नपुं०, कुश का सिरा।
कुसचीर, नपुं०, कुश-निर्मित पहनावा।
कुस जातक, स्त्री के प्रति आसक्त हुए एक भिक्षु को सावधान करने के लिए कही गई कथा (५३१)।
कुसल, नपुं०, कुशल-कर्म; वि०, शुभ (कर्म)।
कुसल-चेतना, स्त्री०, शुभ-चिंतन।
कुसल-धम्म, पु०, कुशल-धर्म, शेष दो हैं अकुशल-धर्म तथा अव्याकृत-धर्म।
कुसल-विपाक, शुभ-कर्मों का फल।
कुसलता, स्त्री०, कुशलता।
कुसा, स्त्री०, नाक की नकेल।
कुसि, पु०, चीवर के अङ्ग।
कुसीनारा, मल्लों की राजधानी।
कुसीत, वि०, आलसी।
कुसीतता, स्त्री०, आलस्य।
कुसुम, नपुं०, फूल।
कुसुमित, वि०, पुष्पित।
कुसुब्भ, नपुं०, छोटा तालाब।
कुसुम्भ, नपुं०, केशर।
कुसूल, पु०, धान्यागार।
कुसेसय, नपुं०, पद्म।
कुह, **कुहक**, वि०, ठग, ढोंगी।
कुहक जातक, तपस्वी ने धनी गृहस्थ का सोना हड़प जाना चाहा (८९)।
कुहण, नपुं०, ढोंग।
कुहणा, स्त्री०, ढोंग।
कुहर, नपुं०, सुराख, छिद्र।
कुहिं, क्रि० वि०, कहाँ।
कुहेति, क्रिया, ठगता है।
कूजति, क्रिया, कूजता है।
कूजन, नपुं०, पक्षियों की आवाज़।
कूजंत, कृदन्त, कूजता हुआ।
कूट, वि०, मिथ्या।
कूट-गोण, पु०, दुष्ट बैल।
कूट-अट्ट, नपुं०, झूठा मुक़द्दमा।
कूट-अट्टकारक, पु०, झूठा मुक़द्दमा दायर करनेवाला।
कूट-जटिल, पु०, ढोंगी तपस्वी।
कूट-वाणिज, पुं०, ठग व्यापारी।
कूट वाणिज जातक, पण्डित तथा अपण्डित नाम के दो व्यापारियों की कथा (९८)।
कूट वाणिज जातक, एक सद्गृहस्थ ने एक व्यापारी को अपने लोहे के हल सुरक्षित रखने के लिए दिये। वापिस माँगने पर उसका वह मित्र बोला, चूहे खा गये (२१८)।
कूटागार, नपुं०, शिखर वाला भवन।
कूप, पु०, कुआँ।
कूपक, पु०, मस्तूल।
कूल, नपुं०, किनारा।
केका, स्त्री०, मोर की आवाज़।
केणि(नि)पात, पु०, नौका का चप्पु।
केतकी, स्त्री०, पौधा-विशेष, जिसके पत्ते काँटेदार होते हैं।
केतन, नपुं०, पताका।
केतव, नपुं०, शठता।

केतु, पु०, झण्डा, पताका ।
केतु-कम्यता, स्त्री०, प्रमुखता की कामना ।
केतु-मन्तु, वि०, पताकाओं से सुसज्जित ।
केतुं, क्रिया, खरीदने के लिए ।
केदार पु० तथा नपुं०, खेत ।
केदार-पाळि, स्त्री०, दो खेतों के बीच का बाँध ।
केयूर, नपुं०, बाजूबंद ।
केय्य, वि०, खरीदने योग्य ।
केराटिक, वि०, ठग, ढोंगी ।
केराटिय, नपुं०, ठगी, ढोंग ।
केलास, पु०, कैलास पर्वत ।
केळि, स्त्री०, क्रीड़ा ।
केळि सील जातक, हँसोड़ राजा को इन्द्र ने लोगों के परिहास का भाजन बनाया (२०२) ।
केवट्ट, पु०, मछुवा ।
केवल, वि०, एकान्त, समस्त ।
केवल-कप्पं, वि०, लगभग सारा ।
केवल-परिपुण्णं, वि०, सम्पूर्ण ।
केवलि, वि०, सम्पूर्णता-प्राप्त, अर्हत् ।
केस, पु०, सिर के बाल ।
केसोहारक, पु०, नाई ।
केस-कम्बल, नपुं०, बालों का बना कम्बल ।
केस-कलाप, पु०, केश-गुच्छ ।
केस-कल्याण, नपुं०, केशों का सौन्दर्य ।
केस-धातु, स्त्री०, भगवान् बुद्ध की पवित्र केश-धातु ।
केसर, नपुं०, रेणु, अयाल (पशुओं के कन्धे के बाल) ।
केसर-सीह, पु०, केसरी (सिंह) ।
केसव, वि०, केशों वाला ।
केसव, पु०, केशव (वासुदेव कृष्ण) ।
केसव जातक, तपस्वी को राज-वैद्य अच्छा न कर सके । वह अपने शिष्यों के बीच पहुँचकर बिना दवाई के ही अच्छा हो गया (३४६) ।
केसोरोपन, नपुं०, बालों का काटना ।
केसोहारण, नपुं०, बाल काटना ।
को, पु०, कौन ।
कोक, पु०, भेड़िया ।
कोकनद, नपुं०, लाल कँवल ।
कोकिल, पु०, कोयल ।
कोचि, अव्यय, कोई ।
कोच्छ, नपुं०, १. झाड़ू, २. कुर्सी, काउच ।
कोज, पु०, कवच ।
कोजव, पु०, गलीचा ।
कोकालिक जातक, वाचाल नरेश को वाचालता के विरुद्ध दिया गया शिक्षण (३३१) ।
कोञ्च, पु०, सारस ।
कोञ्चनाद, पु०, हाथी की चिंघाड़ ।
कोट, नपुं०, शिखर ।
कोटचिका, स्त्री०, चूत ।
कोटि, स्त्री०, शिखर, करोड़ ।
कोटिप्पकोटि, स्त्री०, १०,०००,०००,०००,०००,०००,०००,०० संख्या ।
कोटिप्पत्त, वि०, सिरे तक पहुँच गया, भली प्रकार समझ गया ।
कोटिल्ल, नपुं०, कुटिलता, टेढ़ापन ।
कोटिसिम्बलि जातक, गरुड़ ने नाग को पकड़ा । नाग वट-वृक्ष के गिर्द

लिपट गया। गरुड़ वट-वृक्ष को भी उखाड़ ले गया। (४१२)
कोटुम्बर, नपुं०, वस्त्र-विशेष।
कोट्टन, नपुं०, कूटना।
कोट्ठ, पु०, कोठा।
कोट्ठागार, नपुं०, धान्यागार।
कोट्ठागारिक, पु०, भाण्डागारिक।
कोट्ठासय, वि०, पेट में रहने वाला।
कोट्ठक, पु० तथा वि०, १. द्वार, २. छिपने का स्थान।
कोट्ठास, पु०, हिस्सा, भाग।
कोण, पु०, कोना, सिरा।
कोण्डञ्ञ, प्रसिद्ध ब्राह्मण-क्षत्रिय गोत्र।
कोतूहल, नपुं०, उत्तेजना, जिज्ञासा।
कोत्थु, कोत्थुक, पु०, गीदड़।
कोदण्ड, नपुं०, धनुष।
कोध, पु०, क्रोध, गुस्सा।
कोधन, वि०, असंयत चित्त।
कोप, पु०, क्रोध, गुस्सा।
कोपनेय्य, वि०, क्रोध उत्पन्न करनेवाला।
कोपी, वि०, क्रोधी।
कोपीन, नपुं०, लँगोटी।
कोपेति, क्रिया, क्रोध उत्पन्न करता है।
कोमल, वि०, नर्म।
कोमार, वि०, कुमार-सम्बन्धी।
कोमारभच्च, १. नपुं०, बच्चों की चिकित्सा, २. (राज-)कुमार द्वारा पोषित।
कोमाय-पुत्त जातक, कोमाय-पुत्त ने तपस्वियों का आश्रम हथिया लिया (२९९)।
कोमुदी, स्त्री०, चाँदनी।
कोरक, पु० तथा नपुं०, कोंपल।
कोरब्य, कोरव्य, वि० कुरु-वंश का।
कोल, पु० तथा नपुं०, रसभरी।
कोलक, नपुं०, मिर्च।
कोलम्ब, पु०, बड़ा बर्तन।
कोलाप, पु०; खोखला पेड़।
कोलाहल, नपुं०, शोर-गुल।
कोलित, मौद्गल्यायन स्थविर का गृहस्थनाम।
कोलिय, शाक्यों के समान ही एक दूसरी जाति।
कोलेय्यक, वि०, अच्छी नस्ल का (विशेष रूप से कुत्तों की नस्ल)।
कोविद, वि०, यक्ष, पण्डित।
कोस, पु०, भण्डार, खजाना, म्यान।
कोसक, पु० तथा नपुं०, पानी पीने का पात्र।
कोसज्ज, नपुं०, आलस्य।
कोसम्बी, वत्स्य-देश की राजधानी।
कोसल, पु०, कोशल जनपद।
कोसल्ल, नपुं०, कुशलता।
कोसारक्ख, पु०, खजानची।
कोसिक, पु०, कौशिक, उल्लू।
कोसिनारक, वि०, कुसिनारा सम्बन्धी।
कोसिय जातक, ब्राह्मणी रोग का बहाना बना दिन-भर लेटी रहती और रात को मौज मनाती (१३०)।
कोसिय जातक, कौओं द्वारा उल्लू के आक्रान्त होने की कथा (२२६)।
कोसी, स्त्री०, म्यान।
कोसोहित, वि०, अण्डकोश से ढका हुआ।
कोहञ्ञ, नपुं०, ढोंग।

क्व, अव्यय, कहाँ ।

क्वचि, अव्यय, कहीं ।

ख

ख, कवर्ग का दूसरा अक्षर; नपुं०, आकाश ।

खग, पु०, पक्षी ।

खगन्तर, पु०, कठफोड़ा ।

खगादि, पु०, पक्षी ।

खगादिबन्धन, पु०, पक्षियों को फँसाने का जाल ।

खग्ग, पु०, तलवार ।

खग्ग-कोस, पु०, तलवार की म्यान (तलवार रखने का खाना) ।

खग्ग-गाहक, पु०, तलवार-धारी ।

खग्ग-तल, नपुं०, तलवार का फलक ।

खग्ग-धर, वि०, तलवार-धारी ।

खग्ग-विसाण, पु०, गेण्डा ।

खचति, क्रिया, जड़ता है, (अँगूठी में नगीना जड़ता है) ।

खज्ज, वि०, खाद्य, नपुं०, खाजा ।

खज्जकन्तर, नपुं०, नानाविध मिठाइयाँ ।

खज्जु, स्त्री०, खाज ।

खज्जूरी, स्त्री०, खजूर ।

खज्जोपनक, पु०, जुगनू ।

खञ्ज, वि०, लँगड़ा ।

खञ्जति, क्रिया०, लँगड़ाता है ।

खञ्जन, नपुं०, लँगड़ाना; पु०, खञ्जन पक्षी ।

खटक, पु०, मुट्ठी ।

खण, पु०, क्षण, अवसर ।

खणेन, क्रि० वि०, क्षण में ।

खणातीत; वि०, जो अवसर से चूक गया ।

खणति, क्रिया०, खोदता है ।

खणन, नपुं०, खोदना ।

खणिक, वि०, क्षणिक ।

खणित्ती, स्त्री०, खन्ति, कुदाल ।

खण्ड, पु०, हिस्सा, टुकड़ा ।

खण्ड-दन्त, वि०, टूटे दाँत वाला ।

खण्ड-फुल्ल, नपुं०, खँडहर ।

खण्डन, नपुं०, टूटना, टूटा हुआ होना ।

खण्डहाल जातक, रिश्वतखोर पुरोहित ने राजा के पुत्र की हत्या करानी चाही (५४२) ।

खण्डाखण्ड, वि०, टुकड़े-टुकड़े टूटा हुआ ।

खण्डिका, स्त्री०, टुकड़ा ।

खण्डिच्च, नपुं०, खण्डित होना ।

खण्डेति, क्रिया, टुकड़े-टुकड़े करता है ।

खत, कृदन्त, खोदा हुआ, घायल, चोट लगा हुआ ।

खत्त, नपुं०, शासन, अधिकार ।

खत्त-धम्म, क्षात्र-धर्म, राजनीति ।

खत्तिय, पु०, क्षत्रिय; वि०, क्षत्रिय-वर्ण का ।

खत्तिय-कञ्ञा, स्त्री०, क्षत्रिय-कन्या ।

खत्तिय-कुल, नपुं०, क्षत्रिय-कुल ।

खत्तिय-परिसा, स्त्री०, क्षत्रिय-परिषद् ।

खत्तिय-महासाल, पु०, धनी क्षत्रिय ।

खत्तिय-सुखुमाल, वि०, राजकुमार के

समान कोमल शरीरवाला ।
खत्तिया,खत्तियानी, स्त्री०, क्षत्रियाणी ।
खत्तु, पु०, सारथी, राजा का सलाहकार ।
खदिर, पु०, बबूल ।
खदिरङ्गार, पु०, बबूल की लकड़ी के अँगारे ।
खदिरङ्गार जातक, सेठ ने जलते कोयलों के गड्ढे में गिर पड़ने का खतरा मोल लेकर भी दान देना चाहा (४०) ।
खन्ति, स्त्री०, सहनशीलता ।
खन्ति-बल, नपं०, सहन-शक्ति ।
खन्तिमन्तु, वि०, सहनशील ।
खन्तिक, वि०, मत-विशेष का [**अञ्ञ-खन्तिक**, अन्य मत का] ।
खन्ति-वण्ण जातक, एक राजदरबारी ने राजा के रनिवास में गड़बड़ी की और उसी राजदरबारी के नौकर ने अपने मालिक के घर में । राजा के सामने मामला पेश हुआ, तो राजा ने राजदरबारी को सहनशील बने रहने की सलाह दी (२२५) ।
खन्तिवादी जातक, कलाबु नाम के राजा ने तपस्वी के अंग-अंग कटवा दिये । तपस्वी ने क्षमाशीलता को सीमा पर पहुँचा दिया (३१३) ।
खन्तु, पु०, क्षमाशील ।
खन्ध, पु०, स्कन्ध, पेड़ का तना, ढेर, परिच्छेद, रूप-वेदनादि पाँच स्कन्ध ।
खन्ध-पञ्चक, रूप, वेदना संज्ञा, संस्कार और विज्ञान ।
खन्धक, पु०, विभाग, परिच्छेद ।
खन्धकोट्ठास, पु०, शरीर का भाग ।
खन्धदेस, नपुं०, आसन ।
खन्धवत्त जातक, नियमित मैत्री-भावना करने से सर्प-दंश से बचा रहा जा सकता है (२०३) ।
खन्धावार, पु०, छावनी ।
खम, वि०, क्षमाशील ।
खमति, क्रिया, क्षमा करता है ।
खमन, नपुं०, क्षमा ।
खमापन, नपुं०, क्षमा-याचना करना ।
खमापेति, क्रिया, क्षमा-याचना करता है ।
खमितब्ब, कृदन्त, क्षमा देने योग्य ।
खमित्वा, पूर्व०क्रिया, क्षमा देकर ।
खम्भकत, वि०, हाथों को कमर पर रखकर खंभे की तरह खड़ा हुआ ।
खय, पु०, क्षय, नाश ।
खयानुपस्सना, स्त्री०, संसार के क्षयशील स्वभाव का ज्ञान ।
खर, वि०, कठोर, तेज, दुखद; पु० गदहा ।
खरपुत्तजातक, राजा ने गाँव के लड़कों से नाग की रक्षा की (३८६) ।
खरत्त, नपुं०, कठोरता ।
खरादिय जातक, भानजे मृग ने मामा से मृगों की प्राण-रक्षा की विधि नहीं सीखी (१५) ।
खल, नपुं०, खलिहान ।
खलग्ग, धान का भूसा निकालने का आरम्भ ।
खलति, क्रिया, स्खलित होता है, लड़खड़ाता है ।
खलित, नपुं०, स्खलन, अपराध ।
खलीन, पु०, (घोड़े की) लगाम ।
खलु, अव्यय, वास्तव में ।

खलुङ्क, पु०, घटिया किस्म का घोड़ा ।
खल्लाट, वि०, खल्वाट, गंजा ।
खलोपि, स्त्री०, एक प्रकार का बर्तन ।
खळ, वि०, कठोर; पु०, दुष्ट पुरुष ।
खाणु, पु०, पेड़ का ठूंठ ।
खात, कृदन्त, खोदा हुआ ।
खादक, वि० खानेवाला ।
खादति, क्रिया, खाता है ।
खादन, नपुं०, खाना ।
खादनीय, वि०, खाने योग्य; नपुं०, मिठाई ।
खादापन, नपुं०, खिलाना ।
खादापित, कृदन्त, खिलाया गया ।
खादापेति, क्रिया, खिलाता है ।
खादित, कृदन्त, खाया गया ।
खादितब्ब, कृदन्त, खाने योग्य ।
खादितुं, खाने के लिए ।
खायति, क्रिया, प्रतीत होता है ।
खायित, वि०, खाया गया ।
खार, पु०, क्षार, खार ।
खारी, स्त्री०, बहंगी से लटकी हुई टोकरी, खरिया ।
खारी-काज, पु० तथा नपुं०, बहंगी की टोकरी तथा बहंगी ।
खालेति, क्रिया, धोता है, कुल्ला करता है ।
खिड्डा, स्त्री०, क्रीड़ा ।
खिड्डा-पदोसिक, वि०, खेल-कूद के कारण खराब हुआ ।
खिड्डा-रति, स्त्री०, क्रीड़ा में रत होना ।
खित्त, कृदन्त, फेंका हुआ ।
खित्त-चित्त, वि०, विक्षिप्त-चित्त ।
खिप, पु०, जाल, फैलाई गई वस्तु ।
खिपति, क्रिया, फैलाता है ।
खिपन, नपुं०, फेंकना, फैलाना ।
खिपित, कृन्दत, फेंका गया ।
खिप्प, वि०, शीघ्र, क्षिप्र ।
खिल, नपुं०, कठोरता ।
खीण, कृदन्त, क्षीण, क्षय-प्राप्त ।
खीण-मच्छ, वि०, मछलियों से रहित ।
खीण-बीज, वि०, पुनर्जन्म के बीज से रहित ।
खीणासव, वि०, जिसके, आस्रव अर्थात् चित्त-मैल क्षीण हो गये ।
खीयति, क्रिया, क्षय होता है, नष्ट होता है ।
खीर, नपुं०, क्षीर, दूध ।
खीरण्णव, पु०, श्वेत समुद्र, क्षीरार्णव ।
खीरपक, वि०, दूध चूसता हुआ ।
खीरोदन, नपुं०, दूध-भात ।
खील, पु०, कील, खूंटा ।
खुंसेति, क्रिया, गाली देता है ।
खुज्ज, वि०, कुबड़ा ।
खुदा, स्त्री०, क्षुधा, भूख ।
खुद्दक, वि०, छोटा, तुच्छ ।
खुद्दक-निकाय, पाँचों निकायों में से एक ।
खुद्दक-पाठ, खुद्दक-निकाय की पहली पोथी खुद्दक-पाठ ।
खुद्दा, स्त्री०, शहद की छोटी मक्खी, क्षुद्रा ।
खुद्दानुखुद्दक, वि०, छोटे-मोटे (नियम) ।
खुप्पिपासा, स्त्री० भूख और प्यास ।
खुभति, क्रिया, क्षुब्ध होता है ।

खुर, नपुं०, उस्तरा, पशु का खुर।
खुरग्ग, नपुं०, मुण्डन-संस्कार का स्थान।
खुर-कोस, पु०, उस्तरे का खोल।
खुर-चक्क, नपुं०, उस्तरे जैसा तेज चक्र।
खुर-धारा, स्त्री०, उस्तरे की धार।
खुर-भण्ड, नपुं०, नाई का सामान।
खुर-मुण्ड, मुँडा हुआ सिर।
खुरप्प, पु०, एक प्रकार का तीर।
खुरप्प जातक, जंगल में सार्थवाहों को रास्ता दिखाते समय डाकुओं ने आक्रमण किया (२६५)।
खेट, ढाल।
खेटक, ढाल।
खेत्त, नपुं०, खेत, क्षेत्र।
खेत्तोपम, नपुं०, क्षेत्र के समान।
खेत्त-कम्म, नपुं०, खेत में काम।
खेत्त-गोपक, पु०, खेत का रखवाला।
खेत्त-सामिक, पु०, खेत का स्वामी।
खेत्ताजीव, पु०, किसान।
खेद, पु०, अफसोस।
खेप, पु०, फेंक।
खेपक, पु०, धनुर्धारी।
खेपन, नपुं०, काल-क्षेप।
खेपेति, क्रिया, काल-क्षेप करता है।
खेम, वि०, क्षेम, शान्ति।
खेमट्ठान, नपुं०, शान्ति-स्थान।
खेमप्पत्त, वि०, क्षेम-प्राप्त।
खेम-भूमि, स्त्री०, कल्याण-भूमि।
खेमी, पु०, सुखपूर्वक रहने वाला।
खेळ, पु०, थूक।
खेळ-मल्लक, पु०, थूकदान, पीकदान।
खेळ-सिंघानिका, स्त्री०, थूक-सींढ।
खेळासिक, वि०, थूक चाटने वाला (अपशब्द)।
खो, अव्यय, वास्तव में।
खोभ, पु०, क्षोभ।
खोम, नपुं, सन का कपड़ा।
ख्यात, वि०, प्रसिद्ध।
ख्यापन, नपुं०, प्रसिद्धि।

ग

गगन, नपुं०, आकाश।
गगन-गामी, वि०, नभ-चर, आकाश में विचरने वाला।
गग्ग-जातक, छींकने पर 'दीर्घायु हो' कहना अनिवार्य। न कह सकने पर यक्ष का आहार बनना पड़ता था (१५५)।
गग्गरा, स्त्री०, एक झील का नाम।
गग्गरायति, क्रिया, गर्जता है।
गग्गरी, स्त्री०, लोहार की धौंकनी।
गङ्गा, स्त्री०, नदी, गङ्गा-नदी।
गङ्गा-तीर, नपुं०, गङ्गा-तट।
गङ्गा-द्वार, नपुं०, नदी के समुद्र में गिरने की जगह।
गङ्गा-धार, पु०, गङ्गा की धारा।
गङ्गा-पार, नपुं०, गङ्गा का दूसरा तट।
गङ्गा-सोत, पु०, गङ्गा का स्रोत।
गङ्ग-माल जातक, उपोसथ-व्रतधारी नौकर निराहार रहकर मर गया (४२१)।

गङ्गेय्य, वि०, गङ्गा सम्बन्धी ।
गच्छ, पु०, पौधा, (गाछ) ।
गच्छति, क्रिया, जाता है ।
गज, पु०, हाथी ।
गज-कुम्भ, पु०, हाथी का सिर ।
गज-पोतक, पु०, हाथी का बच्चा ।
गज्जति, क्रिया, गर्जना करता है ।
गज्जना, स्त्री०, गर्जना ।
गज्जित, कृदन्त, गर्जित ।
गज्जितु, पु०, गरजने वाला ।
गण, पु०, समूह, दल, (भिक्षु-) संघ ।
गण-पूरक, वि०, जिससे गण-पूर्ति हो ।
गण-पूरण, नपुं०, गण-पूर्ति ।
गण-बंधन, नपुं०, सहयोग ।
गण-सङ्गणिका, स्त्री०, मण्डली में रहने की इच्छा ।
गणक, पु०, हिसाब-किताब रखने वाला, मुनीम ।
गणनपथातीत, वि०, गिनती से बाहर ।
गणना, स्त्री०, संख्या ।
गणाचरिय, पु०, अनेकों का शिक्षक ।
गणारामता, स्त्री०, मण्डली-प्रेम ।
गणिका, स्त्री०, वेश्या ।
गणिकण्टक, पु०, बारहसिंगा ।
गणित, कृदन्त, गिना गया, गणित-शास्त्र ।
गणी, पु०, जिसके अनुयायी हों ।
गणेति, क्रिया, गिनता है ।
गण्ठि, स्त्री०, ग्रन्थि ।
गण्ठिका, स्त्री०, ग्रन्थि ।
गण्ठि-कासाव, नपुं०, ग्रन्थि-युक्त कापाय वस्त्र ।
गण्ठिट्ठान, नपुं०, कठिन स्थल ।
गण्ठिपद, नपुं०, ग्रन्थि-पद, कठिनाई से समझ में आने वाला पद ।
गण्ठिपास, पु०, बेड़ी ।
गण्ड, पु०, फोड़ा ।
गण्डक, वि०, फोड़े वाला; पु०, गैंडा ।
गण्डम्ब, श्रावस्ती के द्वार पर स्थित आम्र-वृक्ष, जिसके नीचे भगवान् बुद्ध ने **यमक-पाटिहारिय** नाम का चमत्कार दिखाया था ।
गण्डिका, स्त्री, भीतर से खोखला लकड़ी का लट्ठा, जिससे घण्टे बजाने का काम लिया जाता है ।
गण्डी, स्त्री, घंटा, जल्लाद का ब्लाक, फोड़ों वाला ।
गण्डुप्पाद, पु०, पृथ्वी का कीड़ा ।
गण्डूस, पु०, मुँह-भर, कौर ।
गण्हाति, क्रिया, ग्रहण करता है ।
गण्हापेति, क्रिया, ग्रहण कराता है ।
गण्हितुं, लेने के लिए ।
गत, कृदन्त, गया हुआ ।
गतक, पु०, संदेशवाहक ।
गतट्ठान, नपुं०, जाने की जगह ।
गतद्ध, वि०, जिसने अपना रास्ता पूरा कर लिया ।
गतद्धी, वि०, जिसने अपना रास्ता पूरा कर लिया ।
गतयोब्बन, वि०, जिसका यौवन चला गया ।
गति, स्त्री०, जाना ।
गतिमन्तु, वि०, दक्ष, होशियार ।
गत्त, नपुं०, शरीर, गात्र ।
गथित, कृदन्त, बँधा हुआ ।

गद, पु०, रोग, वाणी ।
गदति, क्रिया, बोलता है ।
गदा, स्त्री०, एक प्रकार का आयुध ।
गद्दुल, पु०, चमड़े का पट्टा ।
गद्दूहन, नपुं०, दुहना ।
गद्रभ, पु०, गधा ।
गधित, देखो गथित ।
गन्तब्ब, कृदन्त, जाने योग्य ।
गन्तु, पु०, जाने वाला ।
गन्तुं, जाने के लिए ।
गन्त्वा, पूर्वक्रिया, जाकर ।
गन्थ, पु०, ग्रन्थ ।
गन्थकार, पु०, ग्रन्थकार ।
गन्थधुर, नपुं०, पठन-पाठन का कार्य ।
गन्थप्पमोचन, नपुं०, बन्धन-मोक्ष ।
गन्थति, क्रिया, गांठ बाँधता है ।
गन्थन, नपुं०, ग्रन्थन, गाँठ बांधना ।
गन्थेति, क्रिया, गाँठ बँधवाता है ।
गन्ध, पु० (सु)गन्ध ।
गन्ध-कुटि, स्त्री० भगवान् बुद्ध के रहने की कोठिरी ।
गन्ध-चुण्ण, नपुं०, सुगन्धितचूर्ण ।
गन्ध-जात, नपुं०, सुगन्धियों के प्रकार ।
गन्ध-तेल, नपुं०, सुगन्धित तेल ।
गन्ध-पञ्चङ्गुलिक, नपुं०, सुगन्धित तेल से सनी हुई पाँच अंगुलियों का निशान ।
गन्धब्ब, पु०, संगीतकार, जन्म ग्रहण करने वाला जीव, गन्धर्व ।
गन्धब्बाधिप, पु०, गन्धर्वों का प्रधान ।
गन्धमादन, पु०, हिमालय का एक पर्वत ।
गन्धवंस, बर्मा में लिखा गया एक पालि-ग्रन्थ । यह नन्दपञ्ञ आरण्यक की रचना माना जाता है ।
गन्ध-सार, पु०, चन्दन, चन्दन-वृक्ष ।
गन्धापण, पु०, सुगन्धित तेल बेचने वाले की दुकान । गन्धी की दुकान ।
गन्धार, सोलह जनपदों में से एक । वर्तमान कन्धार । इसकी राजधानी तक्षशिला थी ।
गन्धारी, स्त्री०, गन्धार से सम्बन्धित, जादू-टोना ।
गन्धिक, वि०, सुगन्धि वाला ।
गन्धी, वि०, सुगन्धि वाला ।
गन्धोदक, नपुं०, सुगन्धित जल ।
गब्बित, वि०, गर्वित, अहंकारी ।
गब्भ, पु०, अन्दरूनी भाग, गर्भ ।
गब्भ-गत, वि०, गर्भाधान हुआ ।
गब्भ-परिहरण, नपुं०, गर्भ-संरक्षण ।
गब्भ-पातन, नपुं, गर्भ-पात ।
गब्भ-मल, नपुं०, बच्चे के जन्म के समय उसके शरीर के साथ लगा हुआ घृणित अंश ।
गब्भ-वुट्ठान, नपुं०, प्रसव ।
गब्भर, नपुं०, गुफा ।
गब्भासय, पु०, बच्चादानी ।
गब्भिनी, स्त्री०, गर्भिणी स्त्री ।
गभीर, वि०, गहरा ।
गम, पु०, गमन, यात्रा ।
गमन, नपुं०, जाना ।
गमनन्तराय, पु०, गमन में बाधा ।
गमन-कारण, नपुं०, जाने का कारण ।
गमनागमन, नपुं०, जाना-आना ।
गमनीय, वि०, जाने योग्य ।
गमिक, वि०, जाने वाला ।
गमिक-वत्त, नपुं०, यात्रा की तैयारी ।
गमेति, क्रिया, भेजता है, समझता है ।

गम्भीर, वि०, गहरा ।

गम्भीरावभास, वि०, गम्भीरता की प्रतीति ।

गम्म, वि०, गँवार, ग्राम्य ।

गया, बोधि-वृक्ष तथा बनारस के बीच की सड़क पर स्थित प्रसिद्ध नगर।

गया-सीस, गया के पास का एक पर्वत ।

गय्ह, वि०, ग्रहण करने योग्य ।

गय्हति, क्रिया, ग्रहण करता है ।

गरहति, क्रिया, दोष देता है, निन्दा करता है ।

गरहन, नपुं०, दोषारोपण ।

गरहित जातक, एक बंदर कुछ समय तक आदमियों में रहा । उसने जंगल में वापिस पहुँचकर अपने साथियों के सामने आदमियों के गर्हित जीवन का वर्णन किया (२१६) ।

गरही, पु०, दोषारोपण करने वाला ।

गरु, भारी, गम्भीर, सम्मान्य ।

गरु-कातब्ब, वि०, सम्मान के योग्य ।

गरु-कार, पु०, सम्मान ।

गरु-गब्भा, स्त्री०, गर्भिणी ।

गरुट्ठानीय, त्रि०, आचार्य ।

गरुक, वि०, भारी, गम्भीर ।

गरु करोति, क्रिया, आदर करता है ।

गरुत्त, नपुं०, गुरुत्व ।

गरुळ, पु०, एक काल्पनिक पक्षी ।

गल, पु०, गला ।

गलग्गाह, पु०, गले से पकड़ना ।

गल-नाळी, स्त्री०, गले की नाली ।

गलप्पमाण, वि०, गले तक ।

गल-वाटक, पु०, गले का घेरा ।

गलति, क्रिया, बहता है ।

गलित, कृदन्त, बहा हुआ ।

गव, पु०, वृषभ ।

गवक्ख, पु०, गवाक्ष झरोखा ।

गव-घातन, नपुं०, गो-हत्या ।

गव-पान, नपुं०, खीर (दूध-भात) ।

गवज, देखिये गवय ।

गवय, पुं०, नील गाय ।

गवि, पु०, हव्य-सामग्री, घी ।

गवेसक, वि०, खोजने वाला ।

गवेसति, क्रिया, खोजता है ।

गवेसन, नपुं०, गवेषणा ।

गवेसी, पु०, खोजने वाला ।

गह, पु०, जो ग्रहण करता है, ग्रह (मंगल ग्रह आदि); नपुं०, घर ।

गह-कारक, पु०, घर का निर्माता ।

गह-कूट, नपुं०, घर का शिखर ।

गहट्ठ, पु०, गृहस्थ ।

गहण, नपुं, ग्रहण करना ।

गहणिक, वि०, अच्छी पाचन-शक्ति वाला ।

गहणी, स्त्री०, पाचन-शक्ति ।

गहन, नपुं०, घना ।

गहनट्ठान, नपुं०, जंगल में ऐसा स्थान जहाँ घुसना दुष्कर हो ।

गहपतानी, स्त्री०, गृह-पत्नी ।

गहपति, पु०, गृहपति ।

गहपति जातक, एक गृहस्थ की पत्नी, गाँव के मुखिया से फँसी थी । गृहस्थ जान गया । उसने मुखिया को पीटा (१९९) ।

गहपति महासाल, पु०, धनी गृहपति ।

गहित, कृदन्त, गृहीत ।

गळगळायति, क्रिया, गल-गल शब्द

करते हुए बरसता है।
गळोचि, स्त्री०, गडुच।
गाथा, स्त्री०, दो पंक्तियों का छन्द-विशेष, त्रिपिटक के नौ अंगों में से एक।
गाध, वि०, गहरा; पु०, गहराई।
गाधति, क्रिया, दृढ़ (खड़ा) रहता है।
गान, नपुं०, गाना।
गाम, पु०, गाँव, ग्राम।
गामक, पु०, एक छोटा गाँव।
गाम-घात, पु०, गाँव की लूट।
गाम-जेट्ठ, पु०, गाँव का मुखिया।
गाम-दारक, पु०, गाँव का लड़का।
गाम-दारिका, स्त्री, गाँव की लड़की।
गाम-द्वार, नपुं०, गाँव का दरवाजा।
गाम-धम्म, पु०, ग्राम्य-धर्म, मैथुन-धर्म।
गाम-भोजक, पु०, गाँव का मुखिया।
गाम-वासी, पु०, ग्राम-वासी।
गाम-सीमा, स्त्री०, गाँव की सीमा।
गामणी, पु०, गाँव का मुखिया (ग्रामणी)।
गामणी-जातक, देखो संवर-जातक।
गामिक, पु०, ग्रामीण।
गामी, वि०, जाने वाला।
गायक, पु०, गाने वाला।
गायति, क्रिया, गाता है।
गायन, नपुं०, गाना।
गायिका, स्त्री०, गाने वाली।
गारय्ह, वि०, निन्दनीय।
गारव, पु०, गौरव।
गाळ्ह, वि०, मजबूत, कसा हुआ।
गावी, स्त्री०, गौ।
गावुत, नपुं०, गव्यूति, दूरी का माप।
गावो पु०, पशु।
गाह, पु०, १. पकड़, २. दृष्टि, ३. मत।
गाहक, वि०, लेने वाला, ग्रहण करने वाला, ग्राहक।
गाहति, क्रिया, भीतर जाता है, डुबकी लगाता है।
गाहन, नपुं०, भीतर जाना, डुबकी लगाना।
गाहपच्च, पु०, गार्हपत्य।
गाहापक, वि०, ग्रहण कराने वाला।
गाहापेति, क्रिया, ग्रहण करवाता है।
गाही, वि०, गाहक (ग्राहक)।
गाहेति, क्रिया, ग्रहण कराता है।
गिंगमक, नपुं०, आभरण-विशेष।
गिज्झ, पु०, गीध।
गिज्झ-कूट, राजगृह के पास गृध्र-कूट पर्वत।
गिज्झ जातक, कृतज्ञ गीधों ने जहाँ-तहाँ से लोगों के आभूषण आदि उठा-उठा लाकर सेठ के मकान में गिराने आरम्भ किये (१६४)।
गिज्झ जातक, सुपत्त गीध ने अपने पिता का कहना न मान जान गँवाई (४२७)।
गिज्झति, क्रिया, लोभ करता है।
गिञ्जका, स्त्री०, ईंट।
गिञ्जकावसथ, पु०, ईंटों का बना घर।
गिद्ध, कृदन्त, लुब्ध।
गिद्धि, स्त्री०, लोभ, आसक्ति।
गिद्धी, वि०, लोभी।
गिनि, पु०, अग्नि, आग।
गिम्ह, पु०, गरमी, ग्रीष्म ऋतु।

गिम्हान, पु०, ग्रीष्म-ऋतु ।
गिम्हिक, वि०, ग्रीष्म ऋतु सम्बन्धी ।
गिरग्ग समज्जा, स्त्री०, समय-समय पर मनाया जाने वाला पहाड़वाला उत्सव ।
गिरा, स्त्री०, वाणी ।
गिरि, पु०, पर्वत ।
गिरि-गब्भर, नपुं०, पर्वत-गुफा ।
गिरि-दन्त जातक, अपने शिक्षक को लँगड़ाता देख घोड़ा भी लँगड़ाने लगा (१८४) ।
गिरिब्बज, मगधों की पूर्व राजधानी ।
गिरि-राज, पु०, मेरु पर्वत ।
गिरि-सिखर, नपुं०, गिरि-शिखर ।
गिलति, क्रिया, निगल जाता है ।
गिलन, नपुं०, निगलना ।
गिलान, वि०, रोगी ।
गिलान-पच्चय, पु०, रोगी का पथ्य ।
गिलान-भत्त, नपुं०, रोगी का भोजन ।
गिलान-साला, स्त्री०, रोगी-शाला ।
गिलानालय, पु०, रोग का बहाना ।
गिलानुपट्ठाक, पु०, रोगी-सेवक ।
गिलानुपट्ठान, नपुं०, रोगी-सेवा ।
गिलायति, क्रिया, रोगी होता है, दर्द करता है ।
गिलित, कृदन्त, खाया हुआ ।
गिही, बन्धन, नपुं०, गृही-बन्धन ।
गिही-भोग, पु०, गृहस्थ के भोग ।
गिही-ब्यञ्जन, नपुं०, गृहस्थ की विशेषताएँ ।
गिही-संसग्ग, पु० गृहस्थों के साथ संसर्ग ।
गीत, नपुं०, गाना ।
गीत-रव, पु०, गीत की आवाज ।
गीत-सद्द, पु०, गीत की आवाज ।
गीवा, स्त्री०, गर्दन, ग्रीवा ।
गीवेय्यक, नपुं०, गर्दन का गहना ।
गुग्गुलु, पु०, गुग्गल ।
गुञ्जा, स्त्री०, रत्ती-भर (तौल) ।
गुण, पु०, सद्गुण या दुर्गुण, धागा । (दिगुण, दोहरा, द्विगुण) ।
गुण-कथा, स्त्री० प्रशंसा ।
गुण-कित्तन, नपुं०, आत्म-प्रशंसा ।
गुण-गण, पु०, गुणों का समूह ।
गुणवन्तु, वि०, गुणवान् ।
गुणानुपेत, वि०, गुणी ।
गुणहीन, वि०, गुण-रहित ।
गुण-जातक, शेर को गीदड़ ने दलदल में से निकाला (१५७) ।
गुणक, वि०, जिसके सिरे पर गाँठ हो ।
गुण्ठिक, वि०, ढका हुआ ।
गुण्ठिका, स्त्री०, धागे का गोला ।
गुण्ठेति, क्रिया, लपेटता है ।
गुण्डिक, देखो गुण्ठिक ।
गुणेतर, दोष ।
गुत्त, कृदन्त, संरक्षित ।
गुत्त-द्वार, वि०, संयतेन्द्रिय ।
गुत्ति, स्त्री०, संरक्षक ।
गुत्तिक, पु०, चौकीदार ।
गुत्तिल जातक, आचार्य गुत्तिल तथा उसके शिष्य मूसिल का मुकाबला (२४३) ।
गुद, नपुं०, गुदा ।
गुम्ब, पु०, झाड़ी ।
गुम्बिय जातक, सार्थवाह ने अपने सार्थ को जंगल की कोई भी चीज बिना उससे पूछे खाने के लिए मना किया (३६६) ।

चक्खु, नपुं०, आँख ।
चक्खुक, वि०, आँख वाला ।
चक्खुदद, वि०, आँख देनेवाला ।
चक्खु-धातु, स्त्री, दृष्टि ।
चक्खु-पथ, पु०, दृष्टिपथ ।
चक्खु-भूत, वि०, सम्यक् दृष्टिवाला ।
चक्खुमन्तु, वि०, आँख वाला ।
चक्खु-लोल, वि०, आँख का लोभी ।
चक्खु-विञ्ञाण, नपुं०, दृष्टि के द्वारा प्राप्त ज्ञान ।
चक्खु-सम्फस्स, पु०, चक्षु-स्पर्श ।
चक्खुस्स, वि०, आँख को अच्छा लगनें वाला या आँख के लिए अच्छा ।
चङ्कम, पु०, चंक्रमण-भूमि, चंक्रमण करना ।
चङ्कमन, नपुं०, चंक्रमण करना ।
चङ्कमति, क्रिया, चंक्रमण करता है ।
चङ्गवार, पु०, दूध छानने का कपड़ा या छलनी ।
चङ्गोटक, पु०, छोटी टोकरी ।
चच्चर, नपुं०, आंगन, चौरस्ता ।
चजति, क्रिया, त्याग देता है ।
चजन, नपुं०, त्याग ।
चञ्चल, वि०, अस्थिर ।
चटक, पु०, चिड़िया ।
चणक, पु०, चना ।
चण्ड, वि०, भयानक, प्रचण्ड ।
चण्डपज्जोत, बुद्ध का समकालीन अवन्ति-नरेश ।
चण्डासोक, भाइयों की निर्दयतापूर्वक हत्या करने के कारण अशोक को दिया गया नाम ।
चण्डाल, पु०, जाति-बहिष्कृत अथवा अस्पृश्य ।
चण्डाल-कुल, नपुं०, नीचतम कुल ।
चण्डाली, स्त्री०, चण्डाल स्त्री ।
चण्डिक्क, नपुं०, भयानकता, प्रचण्ड-भाव ।
चतु, वि०, चार ।
चतुक्कण्ण, वि०, चतुष्कोण ।
चतुक्खत्तुं, क्रिया-विशेषण, चार बार ।
चतुग्गुण, वि०, चौगुना ।
चत्तालीसति, स्त्री०, चवालीस ।
चतुज्जाति-गन्ध, पु०, चार प्रकार की सुगन्धि ।
चतुत्तिंसति, स्त्री०, चौंतीस ।
चतुद्दस, वि०, चौदह ।
चतुद्दिसा, स्त्री०, चारों दिशाएँ ।
चतुद्वार, वि०, चारों द्वार ।
चतुनवुति, स्त्री०, चौरानबे ।
चतुपच्चय, पु०, भिक्षु की चीवर आदि चार आवश्यकताएँ ।
चतुपण्णास, स्त्री०, चौवन ।
चतु-परिसा, स्त्री०, चार प्रकार की परिषद् अर्थात् भिक्षु, भिक्षुणियाँ, उपासक तथा उपासिकाएँ ।
चतु-भूमक, वि०, चार तल्लों का ।
चतु-मधुर, नपुं०, चार प्रकार के घी, मधु आदि माधुर्य ।
चतुरङ्गिक, वि०, चार हिस्सों वाला ।
चतुरङ्गिनी, स्त्री०, चार अंगों वाली सेना ।
चतुरङ्गुल, वि०, चार अंगुल भर ।
चतुरस्स, वि०, चौकोर ।
चतुरस्सक, पु०, चार तल्ले का महल ।
चतुरंस, वि०, चतुष्कोण ।
चतुरासीति, स्त्री०, चौरासी ।
चतुवीसति, स्त्री०, चौबीस ।

चतुसट्ठि, स्त्री०, चौंसठ ।
चतु-सत्तति, स्त्री० चौहत्तर ।
चतुक्क, नपुं०, चार, चौरस्ता ।
चतुद्वार-जातक (४३९), इसी कथा का दूसरा नाम महामित्तविन्दक जातक भी है ।
चतुत्थ, वि०, चौथा ।
चतुत्थी, स्त्री०, पक्ष का चौथा दिन ।
चतुधा, क्रिया-विशेषण, चार तरह से ।
चतुपोसथिक जातक, ४४१वीं जातक का शीर्षक । वहाँ लिखा है कि यह पुण्णक जातक के अन्तर्गत है । इस नाम की कोई जातक कथा नहीं है ।
चतुप्पद, पु०, चतुष्पाद, चार पैरों वाला जानवर ।
चतुब्बिध वि०, चार प्रकार से ।
चतुभानवार, पाँच निकायों में से और विशेष रूप से खुद्दक-पाठ में से सत्ताईस उद्धरणों का एक संग्रह ।
चतुमट्ठ जातक, चित्रकूट पर्वत से आये हंसों की कथा (१८७) ।
चतुर, वि०, होशियार, बुद्धिमान ।
चतुरोपधि, पु०, चार प्रकार के बन्धन ।
चत्त, कृदन्त, त्यक्त, त्यागा हुआ ।
चन, अव्यय, 'कभी कभी' के अर्थ के वाचक 'कुदाचन' शब्द का एक अंश ।
चनं, देखिये चन ।
चन्द, पु०, चाँद ।
चन्दग्गाह, पु०, चाँद-ग्रहण ।
चन्द-मण्डल, नपुं०, चाँद की तश्तरी ।
चन्द किन्नर जातक, बनारस-नरेश ने चन्दा किन्नरी पर आसक्त हो चन्दा के पति चन्द किन्नर को मार डाला। चन्दा किन्नरी की स्वामि-भक्ति (४८५) ।
चन्दन, पु०, चन्दन का वृक्ष; नपुं०, चन्दन की लकड़ी ।
चन्दन-सार, पु०, चन्दन का सार ।
चन्दाभ जातक, चन्द्र तथा सूर्य पर चित्त एकाग्र करने वाले आभास्वर लोक में उत्पन्न होते हैं (१३५) ।
चन्दनिका, स्त्री०, नाबदान ।
चन्दप्पभा, स्त्री०, चाँदनी ।
चन्दभागा, चन्द्रभागा नदी ।
चन्दिका, स्त्री, चाँदनी ।
चन्दिमा, पु०, चाँद ।
चपल, वि०, चंचल, अस्थिर ।
चपु-चपु-कारकं, क्रिया-विशेषण, चप-चप आवाज करते हुए (भोजन करना) ।
चमर, पु०, हिमालय-प्रदेश की सुरा-गाय ।
चमू, स्त्री०, सेना ।
चमूपति, पु०, सेनापति ।
चम्पक, पु०, चम्पा ।
चम्पा, स्त्री०; इसी नाम की नदी के किनारे का एक नगर । यह अंग की राजधानी था । वर्तमान भागलपुर ।
चम्पेय्यक जातक, मगध नरेश ने चम्पा नदी में रहने वाले नागराज की सहायता से अंग-नरेश को हराया (५०६) ।
चम्म, नपुं०, चर्म ।
चम्मकार, पु०, चमार ।
चम्म-खण्ड, पु०, आसन की तरह उपयोग में आने वाला चर्म-खण्ड ।
चम्म-पसिब्बक, पु०, चमड़े का थैला ।

चय, पु०, संग्रह, ढेर ।
चर, पु०, घूमने वाला, चर-पुरुष (गुप्तचर) ।
चरक, देखो चर ।
चरण, नपुं०, चलना-फिरना, पैर, आचरण ।
चरति, क्रिया, चलता-फिरता है, आचरण करता है ।
चराचर, नपुं०, चलाचल वस्तु ।
चरापेति, क्रिया, चलाता है ।
चरित, नपुं०, चरित्र, (जीवन-)चरित ।
चरिम, वि०, अन्तिम ।
चरिया, स्त्री०, आचरण, चरित ।
चरिया-पिटक, खुद्दक निकाय के पन्द्रह ग्रन्थों में से एक । यह खुद्दक निकाय का अन्तिम ग्रन्थ माना जाता है ।
चरु, पु०, यज्ञीय द्रव्य ।
चल, वि०, अस्थिर ।
चल-चित्त, अस्थिर चित्त ।
चलति, क्रिया, चंचल होता है, काँपता है ।
चलन, नपुं०, हिलना-डोलना, काँपना ।
चलनी, पु०, वात मृग ।
चवति, क्रिया, गिरता है ।
चवन, नपुं० पतन, मृत्यु ।
चसक, नपुं० तथा पु०, पान पात्र ।
चाग, पु०, भेंट, त्याग ।
चागानुस्सति, स्त्री०, अपनी उदारता का अनुस्मरण ।
चागी, पु०, त्यागी ।
चाटि, स्त्री, एक वर्तन ।
चाटुकम्यता, स्त्री०, चाटुकारिता, खुशामद ।
चातक, पु०, चातक पक्षी ।
चातुद्दसी, स्त्री०, पक्ष की चतुर्दशी ।
चातुद्दिस, वि०, चारों दिशाओं से सम्बन्धित ।
चातुद्दीपक, वि०, चार द्वीपों पर छाया हुआ ।
चातुम्महापथ, पु०, चारों सड़कों के मिलने की जगह, चौरस्ता ।
चातुम्महाभूतिक, वि०, पृथ्वी, अप, तेज, वायु नाम के चारों महाभूतों से सम्बन्धित ।
चातुम्महाराजिक, वि०, निम्नतम देवलोक में रहने वाले चातुर्महाराजिक देवताओं से सम्बन्धित ।
चातुरिय, नपुं०, चतुराई ।
चाप, पु०, धनुप ।
चापल्ल, नपुं०, चपलता ।
चामर, नपुं०, चंवरी ।
चामिकर, नपुं०, स्वर्ण ।
चार, पु० चलन ।
चारक, वि०, चलाने वाला; पु०, क़ैदखाना ।
चारण, नपुं०, चलाया जाना, व्यवस्था ।
चारिका, स्त्री०, यात्रा ।
चारित्त, नपुं०, आदत, आचरण, अभ्यास ।
चारु, वि०, सुन्दर, आकर्षक ।
चारु-दस्सन, वि०, सुन्दर ।
चारेति, क्रिया, चलाता है, (इन्द्रियों को) दौड़ाता है ।
चाल, पुं०, आघात ।
चालेति, क्रिया, चलाता है ।
चावना, स्त्री०, गिरावट, हटाना ।
चावेति, क्रिया, गिराता है ।
चि(कोचि), अव्यय, कोई ।

चिक्खल्ल, नपुं०, कीचड़, दलदल ।
चिङ्गुलायति, क्रिया, अपने गिर्द घूमता है ।
चिटचिटायति, क्रिया, चिट-चिट करता है ।
चिञ्चा, स्त्री०, इमली वृक्ष ।
चिण्ण, कृदन्त, अभ्यस्त ।
चिण्ह, नपुं०, चिह्न, निशान ।
चित, कृदन्त, एकत्रित ।
चितक, पु०, चिता ।
चिति, स्त्री०, ढेर ।
चित्त-सम्भूत जातक, चित्त तथा सम्भूत दोनों चण्डाल-भाइयों के जाति-अभिमानियों द्वारा पीटे जाने की कथा (४९८) ।
चित्त, १. नपुं०, चित्त, मन, विचार, २. नपुं०, चित्र, तस्वीर, ३. पु०, चैत्र मास, ४. वि०, नानाविध, सुन्दर ।
चित्तक्खेप, पु०, चित्त का विक्षेप ।
चित्तपस्सद्धि, स्त्री०, चित्त की शान्ति ।
चित्त-मुदुता, स्त्री०, चित्त की कोमलता ।
चित्त-समथ, पु०, चित्त की एकाग्रता ।
चित्तानुपस्सना, स्त्री०, चित्तानुपश्यना ।
चित्ताभोग, पु०, विचार ।
चित्तुजुकता, स्त्री०, चित्त का सीधापन ।
चित्तुत्रास पु०, चित्त का त्रास, भय ।
चित्तुप्पाद, पु०, चित्त की उत्पत्ति ।
चित्तकत, वि०, सजा हुआ, चित्रकृत ।
चित्तकथिक, वि०, श्रेष्ठ वक्ता ।
चित्त-कम्म, नपुं०, चित्रकला ।
चित्त-कार, पु०, चित्रकार ।
चित्ततर, वि०, विचित्र-तर ।
चित्तागार, नपुं०, चित्रागार ।
चित्तक, नपुं०, तिलक; पु०, एक प्रकार का मृग ।
चित्तता, स्त्री०, विचित्रता, चित्त-भाव ।
चित्तीकार, पु०, आदर, सत्कार ।
चिनाति, क्रिया, ढेर लगाता है, संग्रह करता है ।
चिन्तक, वि०, सोचने वाला, विचारक ।
चिन्ता, स्त्री०, चिन्ता, विचार ।
चिन्तामणि, पु०, इच्छापूर्ति करने वाली मणि ।
चिन्तामय, वि०, विचारयुक्त ।
चिन्तित, कृदन्त, विचार किया हुआ । आविष्कृत ।
चिन्ती, (समास में) सोचता हुआ ।
चिन्तेतब्ब, कृदन्त, विचारणीय ।
चिन्तेति, क्रिया, सोचता है ।
चिन्तमान, कृदन्त, सोचता हुआ ।
चिन्तेय्य, वि०, विचारणीय ।
चिमिलिका, स्त्री०, तकिये का खोल ।
चिर, वि०, बहुत देर तक रहने वाला ।
चिरकाल, वि०, दीर्घकाल ।
चिरट्ठितिक, वि०, चिर स्थायी ।
चिरतर, वि०, और भी अधिक देर ।
चिरनिवासी, वि०, देर से रहने वाला ।
चिरपब्बजित, वि०, देर से प्रव्रजित ।
चिरप्पवासी, वि०, चिरकाल से प्रवास पर गया हुआ ।
चिरत्तं, वि०, [illegible]रकाल का भाव ।
चिरत्ताय, वि०, चिरकाल के लिए ।
चिरं, क्रि०-वि०, चिरकाल तक ।
चिरस्सं, क्रि०-वि०, अति बिलम्ब, अन्त में ।
चिरातीत, वि०, चिरभूत (काल) ।
चिराय, क्रि०-वि०, चिरकाल के

लिए ।
चिरायति, क्रिया, देर करता है ।
चिरेन, क्रि०-वि०, बहुत समय बाद ।
चीन-पिट्ठ, नपुं०, लाल सीसा ।
चीन-रट्ठ, नपुं०, चीन राष्ट्र ।
चीर, नपुं०, छाल, छाल का कपड़ा ।
चीरक, देखिये चीर ।
चीरी, स्त्री०, झींगुर ।
चीवर, नपुं०, बौद्ध भिक्षु का काषाय-वस्त्र ।
चीवर-कण्ण, नपुं०, चीवर का कोना ।
चीवर-कम्म, नपुं०, चीवर का बनाना ।
चीवर-कार, पु०, चीवर बनाने वाला ।
चीवर-दान, नपुं०,चीवर अथवा चीवरों का देना ।
चीवर-दुस्स, नपुं०, चीवर बनाने के लिए वस्त्र ।
चीवर-रज्जु, स्त्री०, चीवर टाँगने की रस्सी ।
चीवर-वंस, पु०, चीवर टाँगने के लिए बाँस ।
चुण्ण, नपुं०, चूर्ण ।
चुण्ण-विचुण्ण, वि०, चूर्ण-विचूर्ण ।
चुण्णक, नपुं०, सुगन्धित चूर्ण ।
चुण्णक-जात, वि०, चूर्णकृत ।
चुण्णक-चालनी, स्त्री०, चूर्ण-छलनी ।
चुण्णित, कृदन्त, चूर्ण किया हुआ ।
चुण्णेति, क्रिया, चूर्ण कर डालता है ।
चुत, कृदन्त, गिरा ।
चुति, स्त्री०, च्युत होना, अदृश्य हो जाना ।
चुदित, कृदन्त, दोषारोपित ।
चुदितक, पु०, दोषारोपित ।
चुद्दस, वि०, चौदह ।
चुन्द, सुनार या लोहार । पावा का निवासी । कुसीनारा के रास्ते में पावा पहुँचने पर भगवान् बुद्ध चुन्द कम्मार-पुत्त के ही आम्रवन में ठहरे थे । उसी के यहाँ का भोजन भगवान् का अन्तिम भोजन सिद्ध हुआ ।
चुन्दकार, पु०, खरादने वाला ।
चुन्दभण्ड, चुन्द (सुनार) का सामान ।
चुबुक, नपुं०, ठोड़ी ।
चुम्बटक, नपुं०, गेण्डुरी ।
चुम्बति, क्रिया, चूमता है ।
चुल्ल, वि०, छोटा ।
चुलन्तेवासिक, पु०, छोटा शिष्य ।
चुल्ल-पितु, पु०, चाचा ।
चुल्ल-उपट्ठाक, पु०, लघु-सेवक ।
चुल्लकसेट्ठि जातक, मरी चुहिया से आरम्भ करके, व्योपार द्वारा धनी हो जाने की कथा (४) ।
चुल्लकालिङ्ग जातक, दन्तपुर नरेश कालिङ्ग की युद्ध-लिप्सा (३०१) ।
चुल्लकुणाल जातक, देखो कुणाल जातक ।
चुल्लधनुग्गह जातक, तक्षशिला के आचार्य ने अपने धनुर्धारी शिष्य से अपनी बिटिया की शादी की (३७४) ।
चूल्लधम्मपाल जातक, रानी राजा का सत्कार करने के निमित्त खड़ी न हो सकी । राजा ने पुत्र के हाथ-पाँव कटवा दिये (३५०) ।
चुल्लनन्दिय जातक, ब्राह्मण ने बूढ़ी बंदरी की हत्या की (२२२) ।

चुल्लनारद जातक, तपस्वी-पुत्र तरुणी पर आसक्त हुआ (४७७)।
चुल्लपदुम जातक, राजा ने अपने सभी बेटों को देश-निकाला दिया (१९३)।
चुल्लपलोभन जातक, राजकुमार को स्त्रियों से घृणा थी। शनैः शनैः एक नर्तकी उसे लुभाने में समर्थ हुई (२६३)।
चुल्लबोधि जातक, माता-पिता के निधन के बाद पति-पत्नी तपस्वी बन गये (४४३)।
चुल्लसुतसोम जातक, सोम-रस पेय करने वाले राजकुमार की सोलह हजार रानियों की कथा (५२५)।
चुल्लहंस जातक, नब्बे हजार सुनहरी बत्तखों के राजा की कथा (५३३)।
चुल्ली, स्त्री०, चूल्हा।
चूचुक, नपुं०, स्तन का अगला भाग।
चूलजनक जातक, देखो महाजनक जातक।
चूल-वग्ग, विनय-पिटक के दोनों खन्धकों में से एक।
चूळा, स्त्री०, सिर के बाल, जूड़ा।
चूळामणि, पु०, चूड़े या जूड़े में पहनी जाने वाली मणि।
चूळिका, स्त्री०, बालों का गुच्छ।
चे, अव्यय, यदि।
चेट, पु०, सेवक, बालक।
चेटक, पु०, नौकर, गुलाम।
चेटिका, स्त्री०, सेविका, बालिका।
चेटी, स्त्री०, सेविका, बालिका।
चेत, पु० तथा नपुं०, चित्त।
चेतक, पु०, वन्य जन्तु, बन्धन।
चेतना, स्त्री०, इरादा।
चेतयति, क्रिया, विचार करता है।
चेतस, वि०, मन (पाप-चेतस = पापी मन)।
चेतसिक, वि०, चैतसिक, चित्त-सम्बन्धी।
चेतापेति, क्रिया, अदली-बदली करता है।
चेतिय, नपुं०, चैत्य, धातु-गर्भ।
चेतियङ्गण, चैत्य का आंगन।
चेतिय-गब्भ, चैत्य का गर्भ।
चेतिय-पब्बत, चैत्य-पर्वत।
चेतिय जातक, चेति-नरेश, अपचर तथा विश्व के प्रथम मिथ्यावादी की कथा (४२२)।
चेतेति, देखो चेतयति।
चेतोखिल, नपुं०, चित्त-हानि।
चेतोपणिधि, स्त्री०, निश्चय।
चेतोपरिञ्ञाण, नपुं०, दूसरों के विचारों को जान लेना।
चेतोपसाद, पु०, चित्त की प्रसन्नता।
चेतोविमुत्ति, स्त्री०, चित्त की विमुक्ति।
चेतोसमथ, पु०, चित्त की शान्ति।
चेल, नपुं०, वस्त्र।
चेल-वितान, नपुं०, चँदवा।
चेलुक्खेप, पु०, वस्त्रों का उछालना।
चोच, नपुं०, केला (-फल)।
चोच-पान, नपुं०, केले का पेय।
चोदक, पु०, दोषारोपक।
चोदना, स्त्री०, दोषारोपण।
चोदित, कृदन्त, दोषारोपित।

चोदेति, क्रिया, दोषारोपण की प्रेरणा करता है।
चोपन, नपुं०, चलन।
चोर, पु०, चोर, डाकू।
चोर-घातक, पु०, जल्लाद।
चोर-उपद्दव, पु०, डाकुओं के द्वारा किया जाने वाला आक्रमण।
चोरिका, स्त्री०, चोरी।
चोरी, स्त्री०, चोरिणी, चोट्टी।
चोळ, पु०, वस्त्र।
चोळ-रट्ठ, नपुं०, चोळ राष्ट्र।
चोळक, नपुं०, चीथड़ा।
चोळिय, वि०, चोळ देश का।

छ

छ, वि०, छह।
छक्खत्तुं, क्रि०-वि० छह बार।
छचत्तालीसति, स्त्री०, छियालीस।
छद्वारिक, वि०, छह इन्द्रियों से सम्बन्धित।
छनवुति, स्त्री०, छियानबे।
छपञ्ञास, स्त्री०, छप्पन।
छब्बग्गिय, वि०, षड्वर्गीय भिक्षु।
छब्बण्ण, वि०, छह वर्णों का।
छब्बसिक, वि०, छह वार्षिक।
छब्बिध, वि०, छह प्रकार का।
छब्बीसति, स्त्री०, छब्बीस।
छसट्ठि, स्त्री०, छियासठ।
छसत्तति, स्त्री०, छिहत्तर।
छक, नपुं०, विष्ठा।
छकन, नपुं०, अश्वादि की लीद।
छकल, पु०, बकरा।
छक्क, नपुं०, छह-छह का बण्डल।
छट्ठ, वि०, छठा।
छट्ठी, स्त्री०, षष्ठी विभक्ति।
छड्डक, वि०, फेंकने वाला।
छड्डन, नपुं०, फेंकना।
छड्डनीय, वि०, फेंकने योग्य।
छड्डापेति, क्रिया, फिकवाता है।
छड्डित, कृदन्त, फिकवाया गया, वमन किया गया।
छड्डेति, क्रिया, फेंकता है।
छण, पु०, त्योहार, उत्सव।
छत्त, नपुं०, छाता; पु०, छात्र, विद्यार्थी।
छत्तकार, पु०, छाता बनाने वाला।
छत्त-गाहक, पु०, छाता ले चलने वाला।
छत्त-नाळि, स्त्री०, छाते का बेंत।
छत्त-दण्ड, नपुं०, छाते का बेंत।
छत्त-पाणि, पु०, छाता ले जाने वाला।
छत्त-मङ्गल, नपुं०, छत्र चढ़ाने का उत्सव।
छत्त-उस्सापन, नपुं०, राजकीय छत्र का उठाना।
छत्तिसति, स्त्री०, छत्तीस।
छद, पु०, छदन, ढाँकने का वस्त्र।
छदन, नपुं०, छत।
छद्दन्त, वि०, छह दाँतों वाला।
छद्दन्त जातक, हस्ति-राज छद्दन्त की कथा (५१४)।
छद्दिका, स्त्री०, वमन।
छद्धा, क्रि०-वि०, छह प्रकार से।
छधा, क्रि०-वि०, छह प्रकार से।

छिन्न-भत्त, वि०, जिसे आहार न मिलता हो ।
छिन्न-वत्थ, वि०, जिसके वस्त्र फट गये हों ।
छिन्न-हत्थ, वि० जिसके हाथ काट लिये गये हों ।
छिन्न-इरियापथ, वि० जो चल-फिर न सकता हो ।
छुद्ध, कृदन्त, क्षुब्ध, उत्तेजित, प्रक्षिप्त, फेंका गया ।
छुपति, क्रिया, स्पर्श करता है ।
छुपन, नपुं०, स्पर्श ।
छुरिका [छूरिकामी], स्त्री०, छुरी, चाकू ।
छेक, वि०, दक्ष, होशियार ।
छेकता, स्त्री०, दक्षता, होशियारी ।
छेज्ज, वि०, काट डालने योग्य; नपुं०, अंग-छेद द्वारा दिया जाने वाला दण्ड ।
छेतब्ब, कृदन्त, काट डालने योग्य ।
छेत्तु, पु०, काटने वाला ।
छेत्वा, पूर्व० क्रिया, काटकर ।
छेत्वान, पूर्व० क्रिया, काटकर ।
छेद, पु०, काट ।
छेदक, पु०, काटने वाला ।
छेदन, नपुं०, काट ।
छेदापन, नपुं०, कटवाना ।
छेदापेति, क्रिया, कटवाता है ।
छेप्पा, स्त्री०, पूंछ, दुम ।

ज

जगती, स्त्री०, (जगति, समास पदों में ही), पृथ्वी, दुनिया ।
जगतिप्पदेस, पु०, पृथ्वी-प्रदेश ।
जगति-रूह, पु०, वृक्ष ।
जग्गति, क्रिया, देख-भाल करता है, पोषण करता है, जागता रहता है ।
जग्गित्वा, पूर्व० क्रिया, जागकर ।
जग्गन, नपुं०, जागरण ।
जग्घति, क्रिया, मजाक बनाता है ।
जग्घना, स्त्री०, मजाक ।
जग्घित, नपुं०, मजाक ।
जङ्गम, वि०, चल (सम्पत्ति) ।
जङ्गल, नपुं०, आरण्य, रेगिस्तान ।
जङ्घमग्ग, पु०, पगडण्डी ।
जङ्घपेसनिक, नपुं०, संदेश-वाहन; पु०, संदेश-वाहक ।
जङ्घा, स्त्री० जांघ ।
जङ्घा-बल, नपुं०, जाँघ की शक्ति ।
जङ्घा-विहार, पु०, सैर ।
जङ्घेय्य, नपुं०, जाँघ-भर ढकने का वस्त्र ।
जच्च, वि०, जन्म-सम्बन्धी ।
जच्चन्ध, वि०, जन्म से अन्धा ।
जच्चा, जन्म से ।
जज्जर, वि०, जरा से जर्जरित ।
जञ्ञ, वि०, पवित्र, श्रेष्ठ, आकर्षक, कुलीन ।
जट, नपुं०, मूठ, मुठिया ।
जटा, स्त्री०, जटा (-केश), पेड़ों की उलझी डालियाँ, (आलंकारिक अर्थ में) कामनाओं का उलझाव ।
जटाधर, पु०, जटाधारी ।
जटित, कृदन्त, उलझा हुआ ।

जटी, पु०, जटाधारी तपस्वी ।
जटिल, पु०, जटाधारी तपस्वी ।
जठर, पु० तथा नपुं०, पेट ।
जठरग्गि, पु०, जठराग्नि, भूख ।
जण्णु, पु०, घुटना ।
जण्णुतग्घ, पु०, घुटने तक गहरा ।
जण्हु, नपुं० घुटना ।
जण्हुमत्त, वि०, घुटने तक ।
जतु, नपुं०, लाख ।
जतुमट्ठक, नपुं०, लाख-बन्द ।
जतुका, स्त्री०, चिमगादड़ ।
जत्तु, नपुं०, कंधा, कन्धे की हड्डी ।
जन, पु०, आदमी, लोग ।
जन-काय, पु०, जनता ।
जनपद, पु०, प्रान्त, देश, देहात, काशी-कोसल आदि सोलह जनपद ।
जनपद-कल्याणी, स्त्री०, देश की सुन्दरतम स्त्री ।
जनपद-चारिका, स्त्री०, देश-भ्रमण ।
जनसम्मद्द, पु०, लोगों की भीड़ ।
जनक, पु०, उत्पन्न करने वाला, पिता; वि०, उत्पन्न करता हुआ ।
जनन, नपुं०, उत्पत्ति ।
जननी, स्त्री०, माँ ।
जनसंध जातक, जनसंध की दान-शीलता की कथा (४६८) ।
जनाधिप, पु०, राजा ।
जनालय, पु०, मण्डप ।
जनिका, स्त्री०, माँ ।
जनित, कृदन्त, उत्पन्न हुआ ।
जनिन्द, पु०, राजा ।
जनेति, क्रिया, उत्पन्न करता है ।
जनेन्त, कृदन्त, उत्पन्न करता हुआ ।
जनेत्वा, पूर्व० क्रिया, उत्पन्न कर ।
जनेतु, पु०, उत्पन्न करने वाला ।
जनेत्ती, स्त्री०, माँ ।
जन्ताघर, नपुं०, वाष्प-स्नान का घर ।
जन्तु, पु०, जीव ।
जप, पु०, जपना ।
जपति, क्रिया, जाप करता है ।
जपित, जप किया हुआ ।
जपित्वा, जप करके ।
जपा, स्त्री०, जवा, अड़हुल ।
जप्पना, स्त्री०, लोभ, जल्पना ।
जप्पा, स्त्री०, लोभ, जल्पना ।
जम्बाली, स्त्री०, गंदा तालाब ।
जम्बीर, पु०, नीबू ।
जम्बु, स्त्री०, जामुन ।
जम्बुखादक जातक, लोमड़ी की खुशामद के चक्कर में कौवे ने लोमड़ी के लिए फल गिराये (२९४) ।
जम्बुदीप, पु०, जामुन का देश, चारों महाद्वीपों में से एक ।
जम्बु-सण्ड, जामुन का बग़ीचा ।
जम्बुक, पु०, गीदड़ ।
जम्बुक जातक, गीदड़ ने हाथी पर आक्रमण किया । हाथी ने उसे पैरों तले कुचल दिया (५३५) ।
जम्बोनद, नपुं०, सोने (स्वर्ण) का प्रकार ।
जम्भ, वि०, गँवार, निकृष्ट ।
जम्भति, क्रिया, अँगड़ाई लेता है, जँभाई लेता है ।
जम्भना, स्त्री०, जँभाई लेना ।
जय, पु०, विजय ।
जयग्गाह, पु०, विजय, पाँसे का अनु-

कूल पड़ना।
जय-पान, नपुं०, विजय-पान।
जय-सुमन, नपुं०, विजय-सुमन।
जयति, क्रिया, जीतता है।
जयद्दिस-जातक, कम्पिल्ल-नरेश पञ्चाल के पुत्रों को एक चुड़ैल दो बार खा गई (५१३)।
जया, स्त्री०, पत्नी।
जयम्पति, पु०, पत्नी तथा पति।
जर, पु०, ज्वर; वि०, बूढ़ा।
जरग्गव, पु०, बूढ़ा बैल।
जरता, स्त्री०, बुढ़ापा।
जरा, स्त्री०, बुढ़ापा।
जरा-दुक्ख, नपुं०, बुढ़ापे का दुख।
जरा-धम्म, वि०, ह्रास-धर्म।
जरा-भय, नपं०, बुढ़ापे का भय।
जरुदपान जातक, धन के मोह में अधिक और अधिक खोदने वाले सार्थों ने प्राण गँवाये (२५६)।
जल, नपुं०, पानी।
जल-गोचर, वि०, पानी में रहने वाला।
जलचर, पु०, मछली।
जलज, नपुं०, कमल।
जलद, पु०, बादल।
जलधि, पु०, समुद्र।
जल-निग्गम, पु०, जल का बहाव, नाली।
जलनिधि, पु०, समुद्र।
जलाधार, पु०, जल-संग्रह-स्थल।
जलासय, पु०, झील, जलाशय।
जलति, क्रिया, चमकता है, जलता है।
जलन, नपुं०, चमक, जलन।
जलाबु, पु०, गर्भाशय।
जलाबुज, वि०, गर्भ से उत्पन्न होने वाले।
जलूका, स्त्री०, जोंक।
जल्ल, नपुं०, गन्दगी, मैलापन।
जळ, वि०, जड़, अचेतन।
जव, पु०, गति, शक्ति।
जवति, क्रिया, दौड़ता है।
जवन, नपुं०, दौड़।
जवन-पञ्ञ, वि०, क्षिप्र-प्रज्ञा।
जवन-हंस जातक, हंस-राज तथा बनारस-नरेश की मैत्री की कहानी (४७६)।
जव-सकुण जातक, कठफोड़े ने शेर के मुंह में फँसी हुई हड्डी निकाली (३०८)।
जवनिका, स्त्री०, परदा।
जवाधिक, पु०, शीघ्रगामी घोड़ा।
जहति, क्रिया, छोड़ता है।
जागर, वि०, जागने वाला।
जागर जातक, वृक्ष-देवता ने तपस्वी से प्रश्न पूछा (४०४)।
जागरति, जागता रहता है, पहरा देता है।
जागरण, नपुं०, जागते रहना।
जागरिय, नपुं०, जाग्रत।
जागरियानुयोग, पु०, जागते रहना।
जाणु, पु०, घुटना।
जाणु-मण्डल, नपुं०, टखना।
जाणु-मत्त, वि०, घुटने तक।
जात, कृदन्त, उत्पन्न, घटित; नपुं०, संग्रह, प्रकार।
जात-दिवस, पु०, जन्म-दिन।
जात-रूप, नपुं०, सोना।

जात-वेद, पु०, अग्नि ।

जातस्सर, पु० तथा नपुं०, एक प्राकृतिक झील ।

जातक, नपुं०, जन्मकथा, सुत्तपिटक के खुद्दक निकाय का दसवाँ ग्रन्थ, जिसमें बुद्ध के पूर्व-जन्मों की कथाओं का वर्णन है ।

जातकट्ठकथा, जातक की अट्ठकथा । इसमें जातक के पद्य-भाग का सम्बन्धित गद्य-विस्तार है ।

जातक-भाणक, पु०, जातक कथा सुनाने वाले ।

जातत्त, नपुं०, उत्पत्ति-भाव ।

जाति, स्त्री०, जन्म, पुनर्जन्म, जाति (वंश-परम्परा), (सिंहल-) जाति ।

जाति-कोस, पु०, जावित्री का छिलका ।

जातिक्खय, पु०, पुनर्जन्म की संभावना का न रहना ।

जातिक्खेत्त, नपुं०, जन्म-स्थान ।

जातित्थद्ध, वि०, जन्माभिमानी ।

जाति-निरोध, पु०, पुनर्जन्म का निरोध ।

जाति-फल, नपुं०, जावित्री ।

जाति-मन्तु, वि०, अच्छी जाति का, गुणवान ।

जाति-वाद, पु०, जाति (-वंश परम्परा) के सम्बन्ध में विवाद ।

जाति-सम्पन्न, वि०, अच्छी जाति का ।

जाति-सुमना, स्त्री०, चमेली ।

जातिस्सर, वि०, पूर्व जन्मों की स्मृति ।

जाति-हिंगुलुक, नपुं०, सेंदूर ।

जातिक, वि०, जातिगत, जाति-सम्बन्धी ।

जातु, अव्यय, निश्चय से ।

जानन, नपुं०, ज्ञान, पहचान ।

जाननक, वि०, जानने वाला ।

जाननीय, वि०, जानने योग्य ।

जानपद, वि०, जनपद सम्बन्धी; पु०, गँवार, देहाती ।

जानपदिक, वि०, जनपद-सम्बन्धी ।

जानाति, क्रिया, जानता है ।

जानापेति, क्रिया, जनवाता है ।

जानि, स्त्री०, हानि, पत्नी ।

जानि-पति, पु०, पत्नी तथा पति ।

जामातु, पु०, जँवाई ।

जायति, क्रिया, उत्पन्न होता है ।

जायत्तन, नपुं०, पत्नीत्व ।

जायन, नपुं०, जन्म ।

जाया, स्त्री०, पत्नी ।

जाया-पति, पु०, पत्नी तथा पति ।

जार, पु०, यार, उपपति ।

जारत्तन, नपुं०, यारी, उपपतित्व ।

जारी, स्त्री०, छिनाल, उपपत्नी ।

जाल, नपुं०, (मछली पकड़ने का) जाल, उलझन ।

जाल-पूपं, पु०, पुआ ।

जालक, पु०, छोटा जाल, कोंपल ।

जालक्खिक, नपुं०, जालरन्ध्र ।

जाला, स्त्री०, ज्वाला ।

जालाकुल, वि०, ज्वालाओं से घिरा ।

जालिक, पु०, जाल का उपयोग करने वाला मछुआ ।

जालिका, स्त्री०, लोह-कवच, जाली का बना कवच ।

जालिनी, स्त्री०, तृष्णा ।

जालेति, क्रिया, जलाता है ।

जिंगिसक, वि०, इच्छुक ।
जिंगिसति, क्रिया, इच्छा करता है ।
जिगुच्छक, वि०, जिगुप्सा करने वाला, घृणा करने वाला ।
जिगुच्छति, क्रिया, घृणा करता है ।
जिगुच्छन, नपुं०, घृणा ।
जिगुच्छना, स्त्री०, घृणा, अरुचि ।
जिगुच्छा, स्त्री०, घृणा, अरुचि ।
जिघच्छति, क्रिया, भूखा होता है, खाना चाहता है ।
जिघच्छा, स्त्री०, भूख ।
जिञ्जुक, पु० जंगली धतूरा (?) ।
जिण्ण, कृदन्त, बूढ़ा ।
जिण्णवसन, नपुं०, पुराना वस्त्र ।
जित, कृदन्त, जीता हुआ, जीत लिया गया ।
जितत्त, नपुं०, जीत; वि०, आत्म-विजयी ।
जिति, स्त्री०, जय, विजय ।
जिन, पु०, विजेता, जीतने वाला, बुद्ध ।
जिन-चक्क, नपुं०, बुद्ध-मत ।
जिन-पुत्त, पु०, बुद्ध-पुत्र ।
जिन-सासन, नपुं०, बुद्ध की शिक्षा ।
जिनाति, क्रिया, जीतता है ।
जिम्ह, वि०, टेढ़ा, बेईमान ।
जिया, स्त्री०, धनुष की डोरी ।
जिव्हा, स्त्री०, जीभ ।
जिव्हग्ग, नपुं०, जीभ का सिरा ।
जिव्हायतन, नपुं०, रसेन्द्रिय, रसना ।
जिव्हाविञ्जाण, नपुं०, जिह्वा के द्वारा प्राप्त ज्ञान ।
जिव्हिन्द्रिय, नपुं०, जिह्वा ।
जीन, वि०, हीन ।
जीमूत, पु०, बादल ।
जीयति, क्रिया, जरा को प्राप्त होता है, बूढ़ा होता है, पुराना पड़ता है ।
जीरक, नपुं०, जीरा ।
जीरति, क्रिया, जरा को प्राप्त होता है, घटता है, पुराना पड़ता है ।
जीरण, नपुं०, जीर्णता ।
जीरापेति, क्रिया, जरा को प्राप्त होने का कारण होता है, हजम कराता है ।
जीव, पु०, जीवन, आत्मा, जीव ।
जीव-दन्त, पु०, जीवित हाथी के दाँत ।
जीवक, पु०, जीने वाला, (नाम) बुद्ध का समकालीन प्रसिद्ध वैद्य ।
जीवकम्बवन, राजगृह का वह आम्र-वन, जो जीवक ने बुद्ध-प्रमुख भिक्षु-संघ को दान कर दिया था ।
जीवति, क्रिया, जीता है ।
जीवन, नपुं०, जीना ।
जीविका, स्त्री०, जीवन-यात्रा का साधन (जीविकं कप्पेति, जीविका चलाता है) ।
जीवित, नपुं०, जीवन ।
जीवितक्खय, पु०, जीवन की हानि ।
जीवित-दान, नपुं०, जीवन का दान ।
जीवित-परियोसान, नपुं०, जीवन का अन्त ।
जीवित-मद, पु०, जीवन मद ।
जीवित-वृत्ति, स्त्री०, जीविका ।
जीवित-संखय पु०, जीवन का अन्त ।
जीवितासा, स्त्री, जीवनाशा ।
जीवितिन्द्रिय, नपुं०, जान, जीवन ।
जीवित-संसय, पु०, जीवन के लिए

खतरा ।
जीवी, पु०, जीने वाला ।
जुण्ह, वि०, चमकदार।
जुण्ह-पक्ख, पु०, शुक्ल पक्ष ।
जुण्ह, जातक, राजकुमार जुण्ह ने भिक्षा-पात्र तोड़ने के बदले में राजा बनने पर ब्राह्मण को दान दिया (४५६) ।
जुण्हा, स्त्री०, चाँदनी, चाँदनी रात ।
जुति, स्त्री०, द्युति, चमक ।
जुतिक, वि०, चमकदार ।
जुतिधर, वि०, प्रकाशमान् ।
जुतिमन्तु, वि०, प्रकाशमान ।
जुहति, क्रिया, आहुति डालता है ।
जुहन, नपुं०, यज्ञ ।
जूत, नपुं०, द्यूत, जुआ ।
जूत-कार, पु०, जुआरी ।
जे, नीच कुल की स्त्री को सम्बोधन करने के लिए अव्यय-पद ।
जेगुच्छ, वि०, घृणित ।
जेगुच्छी पु०, घृणा करने वाला ।
जेट्ठ, वि०, ज्येष्ठ ।
जेट्ठतर, वि०, ज्येष्ठतर ।
जेट्ठ-भगिनी, स्त्री०, बड़ी बहिन ।
जेट्ठ-भातु, पु०, बड़ा भाई ।
जेट्ठ-मास, ज्येष्ठ महीना ।
जेट्ठापचायन, नपुं०, बड़ों का सम्मान ।
जेतब्ब, कृदन्त, जीतने योग्य ।
जेतवन, श्रावस्ती का वह प्रसिद्ध उद्यान, जिसमें अनाथ पिण्डिक का जेतवनाराम बना था ।
जेति, क्रिया जीतता है ।
जेतुत्तर, नगर-विशेष ।
जेतुमिच्छा, स्त्री०, जीतने की इच्छा ।
जेय्य, कृदन्त, जीतने योग्य ।
जोतक, वि०, द्योतक ।
जोतति, क्रिया, चमकता है ।
जोतन, नपुं०, चमक ।
जोति, स्त्री०, ज्योति, प्रकाश; नपुं०, तारा; पु०, आग ।
जोति-पाषाण, पु०, चकमक पत्थर ।
जोतिसत्थ, नपुं०, ज्योतिष शास्त्र ।
जोतेति, क्रिया, प्रकाशित करता है ।
ज्या, स्त्री०, धनुष की डोरी ।

झ

झज्झरी, स्त्री०, झंझट ।
झत्वा, पूर्व० क्रिया, जलाकर।
झल्लिका, स्त्री०, झिंगुर ।
झस, पु०, मछली ।
झसा, स्त्री०, नागबाला ।
झाटल, पु०, वृक्ष-विशेष ।
झान, नपुं०, ध्यान ।
झान-अङ्ग, नपुं०, ध्यान का एक अङ्ग।
झान-रत, वि०, ध्यान-रत ।
झान-विमोक्ख, पु०, ध्यान द्वारा विमुक्ति ।
झानसोधक जातक, "न-संज्ञा, न-असंज्ञा" की व्याख्या (१३४) ।
झानिक, वि०, जिसने ध्यान प्राप्त किया है, ध्यान-सम्बन्धी ।

झापक, पु०, आग लगाने वाला ।
झापन, नपुं०, आग लगाना ।
झापित, कृदन्त, जलाया गया ।
झापियति, क्रिया, जलाया जाता है ।
झापेति, क्रिया, जलाता है ।
झापेत्वा, पूर्व० क्रिया, जलाकर ।
झाबुक, पु०, बिजुल ।
झाम, वि०, जला हुआ ।
झामक, वि०, जला हुआ ।
झायक, पु०, ध्यानी ।
झायति क्रिया, ध्यान लगाता है, आग जलाता है ।
झायन, नपुं०, ध्यान लगाना, आग जलाना ।
झायी, पु० ध्यान लगाने वाला ।

ञ

ञत्त, नपुं०, ज्ञान ।
ञत्ति, स्त्री०, घोषणा ।
ञत्वा, पूर्व० क्रिया, जानकर ।
ञाण, नपुं०, ज्ञान, बुद्धि ।
ञाण-करण, वि०, ज्ञान देने वाला ।
ञाण-चक्खु, नपुं०, ज्ञान की आँख ।
ञाण-जाल, नपुं०, ज्ञान का जाल ।
ञाण-दस्सण, नपुं०, ज्ञान-दर्शन, सम्पूर्ण ज्ञान ।
ञाण-विप्पयुत्त, वि०, ज्ञान-शून्य ।
ञाण-सम्पयुत्त, वि०, ज्ञान-युक्त ।
ञाणी, वि०, ज्ञानी ।
ञात, कृदन्त, ज्ञात, प्रसिद्ध, साक्षात्-कृत ।
ञातक, पु०, रिश्तेदार ।
ञाति, पु०, रिश्तेदार ।
ञाति-कथा, स्त्री०, रिश्तेदारों की चर्चा ।
ञाति-धम्म, पु०, रिश्तेदारों का कर्तव्य ।
ञाति-परिवट्ट, नपुं०, रिश्तेदारों की मण्डली ।
ञाति-पेत, पु०, मृत रिश्तेदार ।
ञाति-व्यसन, नपुं०, रिश्तेदारों का दुख ।
ञाति-सङ्गह, पु०, रिश्तेदारों के साथ सद्व्यवहार ।
ञाति-सालोहित, पु०, सम्बन्धी तथा रक्त-सम्बन्धी ।
ञापन, नपुं०, घोषणा ।
ञापेति, क्रिया, प्रकट करता है, घोषित करता है ।
ञाय, पु०, व्यवस्था, पद्धति, उचित ढंग ।
ञाय-पटिपन्न, वि०, सुपथगामी ।
ञेय्य, वि०, ज्ञान का विषय ।
ञेय्य-धम्म, पु०, जिसे सीखना या जानना योग्य हो ।

ट

टङ्क, पु०, पत्थर काटने की छैनी ।
टीका, स्त्री०, व्याख्या ।
टीकाचरिय, पु०, अनुटीकाकार ।

ठ

ठत्वा, पूर्व०क्रिया, खड़े होकर ।
ठपन, नपुं०, स्थापित करना ।
ठपापेति, क्रिया, स्थापित कराता है ।
ठपित, कृदन्त, स्थापित ।
ठपेति, क्रिया, रखता है, निश्चित करता है ।
ठपेत्वा, पूर्व० क्रिया, रखकर, एक ओर करके ।
ठान, नपुं०, स्थान, कारण ।
ठानसो, क्रि०-वि०, सकारण ।
ठानीय, नपुं०, स्थानीय, स्थान देने योग्य ।
ठापक, वि०, खड़ा रहने वाला, स्थापित करने वाला या रखने वाला ।
ठायी, वि०, स्थायी ।
ठित, कृदन्त, स्थित ।
ठितक, वि०, खड़ा होने वाला ।
ठितट्ठान, नपुं०, जहाँ आदमी खड़ा था ।
ठितत्त, नपुं०, स्थितत्व; वि०, संयत ।
ठिति, स्त्री०, स्थिति ।
ठितिक, वि०, निर्भर, स्थायी ।
ठिति-भागीय, वि०, स्थायित्व से सम्बन्धित

ड

डसति, क्रिया, डंक मारता है ।
डसन, नपुं०, डंक मारना ।
डय्हति, क्रिया, जलाया जाता है ।
डहति, क्रिया, जलाता है ।
डंस, पु०, डांस ।
डाक, पु० तथा नपुं०, खाने योग्य पौधे ।
डाह, पु०, चमक, गरमी, जलन ।
डीयन, नपुं०, उड़ना ।
डेति, क्रिया, उड़ता है ।

त

त, (सर्वनाम) सो, वह, सा, वह (स्त्री), तं, वह (वस्तु) ।
तक्क, पु०, विचार, तर्क ।
तक्क, नपुं०, तक्र, मट्ठा, पञ्च गोरस में से एक ।
तक्क जातक, तपस्वी ने गंगानदी में से डूबती हुई सेठ-कन्या को उबारा (६३) ।
तक्कन, नपुं०, तर्क करना, विचार करना ।
तक्कर, वि०, कर्ता; पु०, तस्कर, चोर ।
तक्करु जातक, देखो कक्करु जातक ।
तक्कळ जातक, वसिट्ठक ने अपनी भार्या के कहने से अपने बूढ़े पिता को मारकर गाड़ देने की तैयारी

की। वसिट्ठक के लड़के ने बाप की आँख खोली (४४६)।

तक्कसिला, स्त्री०, गन्धार की राजधानी। यहीं प्रसिद्ध तक्षशिला विश्वविद्यालय था।

तक्कसिला जातक, सम्भवतः तेलपत्त जातक का ही एक और नाम।

तक्कारी, स्त्री०, वैजयन्ती।

तक्काल, नपुं०, उस समय।

तक्कारिय जातक, ब्राह्मण ने अपनी चुप न रह सकने की सामर्थ्य के कारण अपनी जान को खतरे में डाला (४८१)।

तक्किक, पु०, तार्किक।

तक्की, पु०, तार्किक।

तक्केति, क्रिया, सोचता है, तर्क करता है।

तक्कोल, नपुं०, एक प्रकार की सुगन्धि।

तगर, नपुं०, सुगन्धित द्रव्य।

तग्गरुक, वि०, उधर झुका हुआ।

तग्घ, अव्यय, यथार्थ रूप से।

तच, पु०, चमड़ी।

तच-गन्ध, पु०, छाल की सुगन्ध।

तच-पञ्चक, नपुं०, शरीर के केश, लोम, नख, दन्त तथा त्वचा, पाँच अवयव।

तच-परियोसान, वि०, 'त्वचा' तक सीमित।

तचसार जातक, गाँव के वैद्य ने लड़कों द्वारा साँप पकड़वाना चाहा। एक बुद्धिमान लड़के ने साँप को मार कर अपनी जान बचाई (३६८)।

तचुब्भव, वि०, छाल-निर्मित।

तच्छ, वि०, सत्य, यथार्थ; नपुं०, सत्य।

तच्छक, पु०, बढ़ई, लकड़ी छीलने वाला।

तच्छति, क्रिया, छीलता है।

तच्छन, नपुं०, छीलना।

तच्छनी, स्त्री०, बसूला।

तच्छसूकर जातक, सूअर ने अपने साथियों को संगठित कर सूअर को मार डाला (२८६)।

तच्छेति, क्रिया, छीलता है।

तज्ज, वि०, उससे उत्पन्न।

तज्जना, स्त्री०, तर्जना, भय का कारण।

तज्जनीय, तर्जना करने के योग्य।

तज्जनी, स्त्री०, तर्जनी उँगली।

तज्जारी, स्त्री०, छत्तीस अणु।

तज्जेति, क्रिया, तर्जना करता है, डराता है, धमकाता है।

तट, नपुं०, (नदी का) तट; पु०, पर्वत या चट्टान की खड़ी दीवार, कगार।

तटतटायति, क्रिया, तट-तट शब्द करता है।

तट्टक, नपुं०, थाली, तश्तरी, ताट (मराठी)।

तट्टिका, स्त्री०, एक छोटी चटाई।

तण्डुल, नपुं०, चावल के दाने।

तण्डुलनालि जातक, राजा के मूल्य-निश्चय करने वाले ने पाँच सौ घोड़ों की कीमत चावल की नली बताई (५)।

तण्डुल-मुट्ठि, पु०, चावल की मुट्ठी।

तण्हा, स्त्री०, तृष्णा।

तण्हाक्खय, पु०, तृष्णा का क्षय ।
तण्हा-जाल, नपुं०, तृष्णा का जाल ।
तण्हा-दुतिय, वि०, तृष्णा सहित ।
तण्हा-पच्चय, वि०, तृष्णा के कारण ।
तण्हा-मूलक, तृष्णा जिनके मूल में हो ।
तण्हा-विचारित, कृदन्त, तृष्णा का विचार ।
तण्हा-संखय, पु०, तृष्णा का मूलोच्छेद ।
तण्हा-संयोजन, नपुं०, तृष्णा का बन्धन ।
तण्हा-सल्ल, नपुं०, तृष्णा-शल्य ।
तण्हीयति, क्रिया, तृष्णा करता है ।
तत, कृदन्त, फैला हुआ ।
ततिय, वि०, तृतीय ।
ततिया, स्त्री०, तृतीया ।
ततियं, क्रि०-वि०, तीसरी बार ।
ततो, अव्यय, वहाँ से, उससे, उस लिये ।
ततो निदानं, क्रि०-वि०, उस कारण से ।
ततो पट्ठाय, अव्यय, उस समय से आरम्भ करके ।
ततो परं, अव्यय, उसके बाद ।
तत्त, नपुं०, तत्त्व, वास्तविकता; कृदन्त, तपा हुआ ।
तत्ततो, अव्यय, वास्तविक रूप से ।
तत्तक, वि०, उतने तक, उतने माप तक ।
तत्थ (तत्र भी), क्रि०-वि०, वहाँ, उस स्थान पर ।
तथ, वि०, तथ्य; नपुं०, सत्य ।
तथता, स्त्री०, सत्यता ।
तथत्त, नपुं०, सत्यता ।
तथवचन, वि०, सत्य वचन ।
तथा, क्रि०-वि०, वैसे ।
तथाकारी, वि०, वैसा करने वाला ।
तथागत, वि०, भगवान् बुद्ध का स्वयं अपने लिए व्यवहृत वचन, जैसे आया अथवा जैसे गया ।
तथागत-बल, नपुं०, तथागत की दस विशिष्ट शक्तियाँ ।
तथा-भाव, पु०, वैसा-पन ।
तथा-रूप, वि०, इस प्रकार का, इस रूप का ।
तथेव, क्रि०-वि०, वैसे ही ।
तदग्गे, क्रि०-वि०, इससे आगे ।
तदङ्ग, वि०, वह अङ्ग, वह प्रकरण ।
तदत्थं, अव्यय, उस उद्देश्य के लिए ।
तदनुरूप, वि०, उसके अनुरूप ।
तदह, **तदहु**, नपुं०, उसी दिन ।
तदहुपोसथे, उसी उपोसथ-व्रत के दिन ।
तदा, अव्यय, उस समय, तब ।
तदुपिय, वि०, उसके अनुरूप, योग्य ।
तदुपेत, वि०, उसके साथ ।
तनय, (तनुज भी), पु०, पुत्र, सन्तान ।
तनया, (तनुजा भी), स्त्री०, लड़की ।
तनु, वि०, पतला, दुबला; स्त्री० तथा नपुं०, शरीर ।
तनुकत, वि०, दुबलाया हुआ ।
तनुकरण, नपुं०, दुबलाना ।
तनुतर, वि०, दुर्बलतर ।
तनुत्त, नपुं०, पतले होने का भाव ।
तनुता, स्त्री०, पतले होने का भाव ।

तनु-भाव, पु०, पतला होने का भाव ।
तनु-रूह, नपुं०, शरीर पर उगे बाल ।
तनोति, क्रिया, फैलाता है ।
तन्त, नपुं०, धागा ।
तन्त-वाय, पु०, जुलाहा ।
तन्ताकुलकजात, वि०, धागे की गेंद की तरह उलझा हुआ ।
तन्ति, स्त्री०, पंक्ति, परम्परा, पवित्र-ग्रन्थ ।
तन्ति-धर, वि०, परम्परा-संरक्षक ।
तन्तिस्सर, पु०, सितार का संगीत ।
तन्तु, पु०, धागा ।
तन्दित, वि०, थका हुआ, सुस्त, अक्रियाशील ।
तन्दी, वि०, आलसी, प्रमादी ।
तप, पु० तथा नपुं०, तपस्या ।
तपो-कम्म, नपुं०, तपस्या की क्रिया ।
तपो-धन, वि०, तपस्या ही जिसका धन है ।
तपोवन, नपुं०, तपस्या का स्थान ।
तपति, क्रिया, चमकता है ।
तपन, नपुं०, चमक ।
तपनीय, वि०, अनुताप का कारण; नपुं०, सोना ।
तपस्सी, वि०, तपस्वी; पु०, तपस्वी साधु ।
तपस्सिनी, स्त्री०, तपस्विनी ।
तपस्सु, उत्कल (उक्कल) का एक व्योपारी । वह तथा उसका साथी भल्लुक, ये दोनों ही केवल द्वि-शरणागमन से उपासकत्व को प्राप्त हुए थे ।
तपोदा, राजगृह के बाहर वैभार पर्वत के नीचे एक बड़ा जलाशय ।
तप्पण, नपुं०, संतोष, ।
तप्पति, क्रिया, जलता है, चमकता है, अनुतप्त होता है ।
तप्पर, वि०, तत्पर, समर्पित ।
तप्पित, कृदन्त, संतर्पित, संतुष्ट ।
तप्पिय, वि०, संतुष्ट होने योग्य; पूर्व० क्रिया, संतुष्ट होकर ।
तप्पेति, क्रिया, संतुष्ट होता है ।
तप्पेतु, पु०, संतुष्ट होने वाला ।
तब्बहुल, वि०, अधिकतया वही ।
तब्बिपक्ख, वि०, उसके विपक्ष में ।
तब्बिपरीत, वि०, उसके विपरीत ।
तब्बिसय, वि०, वही विषय ।
तब्भाव, पु०, वही भाव ।
तम, पु० तथा नपुं०, अन्धकार, अज्ञान ।
तमो-खन्ध, पु०, अन्धकार-समूह ।
तमो-नद्ध, वि०, अन्धकाराच्छन्न ।
तमोनुद, वि०, अन्धकार को दूर करने वाला ।
तमो-परायण, वि०, अन्धकार में जाने वाला ।
तमाल, पु०, वृक्ष-विशेष ।
तम्ब, नपुं०, ताँबा; वि०, ताँबे के वर्ण का ।
तम्ब-केस, वि०, ताम्र-वर्ण केश ।
तम्ब-चूल, पु०, मुर्गा ।
तम्ब-नख, वि०, ताम्र-वर्ण नाखून वाला ।
तम्ब-नेत्त, वि०, ताम्र-वर्ण आंखों वाला ।
तम्ब-भाजन, नपुं०, ताम्र-वर्तन ।
तम्बपण्णि, सुप्पारक से विदा होकर विजय राजकुमार तथा उसके

साथियों का लंका में प्रथम पदार्पण करने का स्थान ।
तम्बूल, नपुं०, पान का पत्ता ।
तम्बूल-पसिब्बक, पु०, पान रखने की थैली ।
तम्बूल-पेळा, स्त्री०, पान की पेटी ।
तय, नपुं०, तीन ।
तयी, स्त्री०, (वेद-)त्रयी ।
तयो, वि०, तीन जने ।
तयोधम्म जातक, बन्दर-पिता अपनी सन्तान की स्वयं हत्या कर डालता था (५८) ।
तर, पु०, तरणी, नौका ।
तरङ्ग, पु०, लहर ।
तरच्छ, पु०, भालू ।
तरण, नपुं०, (तैरकर) पार जाना, उस ओर पहुँचना ।
तरणी, स्त्री०, नौका ।
तरति, क्रिया, तैरता है ।
तरमान-रूप, वि०, जल्दी में ।
तरल, नपुं०, कांजी, यवागु ।
तरितु, पु०, पार जाने वाला ।
तरी, स्त्री०, नाव ।
तरु, पु०, वृक्ष, पेड़ ।
तरा-सण्ड, पु० वृक्षों का झुण्ड ।
तरुण, वि०, नौजवान ।
तल, नपुं०, नीचे का स्तर, चौपट स्थान, चौपट छत, किसी हथियार का फल ।
तल-घातक, नपुं०, हाथ की चपत ।
तल-सत्तिक, नपुं०, हाथ की हथेली, जो तलवार जैसी लगे ।
तळाक, पु०, तालाब ।
तळुण, देखो तरुण ।
तस, वि०, चञ्चल, अस्थिर ।
तसर, पु०, फिरकी, जुलाहे की नाल ।
तसति, क्रिया, कांपता है; भयभीत होता है ।
तसिना, स्त्री०, तृष्णा ।
तस्सन, नपुं०, तृषा, पिपासा ।
तहं, क्रि०-वि०, वहाँ, उस स्थान पर ।
तहिं, क्रि०-वि०, वहाँ, उस स्थान पर ।
ताण, नपुं०, त्राण, शरण ।
तात, पु०, पिता, पुत्र (स्नेह-पूर्ण आमन्त्रण बड़ों तथा छोटों, दोनों के लिए) ।
तादिस, वि०, तादृश, वैसा ।
तापन, नपुं०, आत्म-क्लेश ।
तापस, पु०, तपस्वी ।
तापसी, स्त्री०, तपस्विनी ।
तापेति, क्रिया, तपाता है, गरमी पहुँचाता है ।
तामबूली, तमोली ।
तामलित्ति, जिस पत्तन से अशोक ने बोधि वृक्ष की शाखा सिंहल भेजी थी ।
तायति, क्रिया, रक्षा करता है ।
तायन, नपुं०, संरक्षण ।
तार, पु०, अत्यन्त ऊँची आवाज ।
तारका, स्त्री०, (आकाश का) तारा ।
तारा, स्त्री०, (आकाश का) तारा ।
तारा-गण, पु०, तारा-समूह ।
तारा-पति, पु०, चन्द्रमा ।
तारा-पथ, पु०, आकाश ।
तारेतु, पु०, तरण में सहायक, संरक्षक ।

ताल, पु०, ताड़ का वृक्ष ।
तालट्ठिक, नपुं०, ताड़ के भीतर की गुठली ।
ताल-कन्द, पु०, ताड़ की कोंपल ।
तालक्खन्ध, ताड़-वृक्ष का तना ।
ताल-पक्क, नपुं०, ताड़ का फल ।
ताल-पण्ण, नपुं०, ताड़ का पत्ता ।
ताल-वन्त, नपुं०, पंखा ।
तालावत्थुकत, वि०, जड़ से उखाड़ दिया गया ।
तालु, पु०, तालु ।
तालुज, वि०, तालव्य ।
ताव, अव्यय, तब तक ।
तावकालिक, वि०, अस्थायी ।
तावतक, वि०, इतना ही, इतनी देर तक ही ।
तावता, क्रि०-वि०, तब तक ।
तावतिंस, तैंतीस संख्या, केवल समास-पदों में जहाँ ३३ देवताओं का जिक्र हो ।
तावतिंस-देवलोक, चातुम्महाराजिक देव-लोक के बाद दूसरा काल्पनिक देव-लोक (तैंतीस देवताओं का) ।
तावतिंस-भवन, नपुं०, ततीस देवताओं का भवन ।
तावदेव, अव्यय, उस समय, तुरन्त ।
ताळ, पु०, चाबी, गीत की ताल ।
ताळच्छिग्गल, नपुं०, चाबी का छेद ।
ताळच्छिद्द, नपुं०, चाबी का छेद ।
ताळावचर, नपुं०, संगीत; पु०, संगीतज्ञ ।
ताळन, नपुं०, ताड़न, चोट पहुँचाना ।
ताळी, स्त्री०, चोट ।
ताळेति, क्रि०, ताड़ना देता है ।
तास, पु०, त्रास, भय, कंपन ।
तासेति, क्रि०, त्रास देता है ।
ति, वि०, तीन ।
ति-कटुक, नपुं०, तीन मसाले (दवाइयाँ) ।
तिक्खत्तुं, क्रि०-वि०, तीन बार ।
तिगावुत, वि०, तीन गव्यूति माप ।
तिगोचर, पु०, तीन जनों द्वारा सुना गया शब्द ।
तिचीवर, नपुं०, भिक्षु के तीन चीवर ।
तिदिव, पु०, दिव्य-लोक ।
तिदिवाधार, पु०, मेरु पर्वत ।
तिदिवादिभू, पु०, शक्र, देवेन्द्र ।
तिपिटक, नपुं०, पालि त्रिपिटक, १.सुत्त-पिटक, २. विनय-पिटक, ३. अभिधम्म-पिटक ।
तिपुटा, पु०, तेवरी ।
तिपेटक, **तिपेटकी**, वि०, त्रिपिटक का ज्ञाता ।
तियामा, स्त्री०, रात्रि ।
तियोजन, नपुं०, तीन योजन की दूरी ।
तिरक्कार, पु०, तिरस्कार, अपमान ।
तिलिङ्गिक, वि०, जिस शब्द की गिनती तीनों लिङ्गों के अन्तर्गत हो ।
तिलिच्छ, पु०, सर्प-विशेष ।
तिलोक, पु०, तीनों लोक ।
तिवग्ग, वि० त्रिवर्ग, जीवन के तीन परमार्थ—धर्म, अर्थ, काम ।
तिवङ्गिक, वि०, जिसके तीनों अङ्ग हों ।
तिवस्सिक, वि०, तीन वर्ष का ।
तिविज्जा, स्त्री०, त्रिविद्या ।
तिविध, वि०, त्रिविध ।
तिवुता, स्त्री०, शुक्लवर्ण तेवरी ।
तिक, नपुं०, तीसरा, जिसके अन्तर्गत तीन हों ।

तिकिच्छक, पु०, चिकित्सक ।
तिकिच्छति, क्रि०, चिकित्सा करता है ।
तिकिच्छा, स्त्री०, चिकित्सा ।
तिक्ख, वि०, तीक्ष्ण ।
तिक्खपञ्जा, वि०, तेज प्रज्ञा वाला ।
तिखिण, वि०, तीक्ष्ण, तेज ।
तिट्ठति, (ठित, कृदन्त), क्रि०, ठहरता है ।
तिण, नपुं०, तृण ।
तिणअण्डूपक, नपुं०, घास का गद्दा ।
तिण-उक्का, स्त्री०, तिनकों की मशाल ।
तिण-गहण, नपुं०, तृण-ग्रहण ।
तिण-जाति, स्त्री०, तिनकों की जाति ।
तिण-भक्ख, वि०, तिनके खाकर रहने वाला ।
तिण-भिसि, स्त्री०, तिनकों की चटाई ।
तिण-संथार, पु०, तिनकों का बिछौना ।
तिण-हारक, पु०, घास बेचने वाला, घसियारा ।
तिणागार, नपुं०, तिनकों की कुटिया ।
तिन्दुक जातक, देखो तिण्दुक जातक ।
तिण्ण, कृदन्त, तीर्ण, पार उतर गया ।
तिण्ह, वि०, तेज ।
तितिक्खति, क्रि०, सहन करता है ।
तितिक्खा, स्त्री०, सहनशीलता ।
तित्त, वि०, तिक्त, तीता, कड़ुवा; कृदन्त, तृप्त, संतुष्ट ।
तित्तक, वि०, तिक्त, तीता, कड़ुवा ।
तित्ति, स्त्री०, तृप्ति ।
तित्तिर, पु०, तीतर ।
तित्तिर जातक, तीतर, बन्दर और हाथी की कथा (३७) ।
तित्तिर जातक, बिना मतलब किसी को उपदेश देने का दण्ड (११७) ।
तित्तिर जातक, एक तीतर के आवाज करने पर, दूसरे तीतर भी आ इकट्ठे होते और शिकारी के हाथ से मारे जाते (३१६) ।
तित्तिर जातक, तीतर ने तीनों वेद कण्ठस्थ कर लिये (४३८) ।
तित्थ, नपुं०, तीर्थ, पत्तन ।
तित्थकर, पु०, सम्प्रदाय-विशेष का संस्थापक ।
तित्थायतन, नपुं०, सम्प्रदाय-विशेष के सिद्धान्त ।
तित्थ जातक, राजकीय घोड़े ने अपने स्नान करने की जगह पर दूसरा घोड़ा नहला दिये जाने के कारण वहाँ नहाने से इनकार कर दिया (२५) ।
तित्थिय, पु०, दूसरे मत का संस्थापक ।
तित्थिय-सावक, पु०, दूसरे मत का शिष्य ।
तित्थियाराम, पु०, तपस्वियों का आश्रम ।
तिथि, स्त्री०, चान्द्र-मास की तिथि ।
तिदस, पु०, देवता ।
तिदसपुर, नपुं०, देव-नगर ।
तिदसिन्द, पु०, देवताओं का राजा ।
तिदण्ड, नपुं०, तिपाई ।
तिधा, क्रि०-वि०, तीन तरह से ।
तिन्त, गीला, भीगा ।
तिन्दुक, पु०, वृक्ष-विशेष ।
तिन्दुक जातक, तिन्दुक-फल खाने वाले बन्दरों की कथा (१७७) ।
तिपञ्ञास, स्त्री०, तिरपन ।
तिपल्लत्थ मिग जातक, मृग-पोतक ने

झुठ-मूठ मरने का ढोंग रच जान बचाई (१६)।
तिपु, नपुं०, सीसा।
तिपुस, नपुं०, कद्दू।
तिप्प, वि०, तीव्र।
तिब्ब, वि०, तीव्र।
तिमि, पु०, एक बड़ी मछली-विशेष।
तिमिंगल, पु०, विशाल मछली, जो छोटी मछलियों को निगल जाती है।
तिमिर, नपुं०, अँधेरा।
तिमिरायितत्त, नपुं०, अँधेरापन।
तिमिस, नपुं०, अँधेरा।
तिमिसिका, स्त्री०, अत्यन्त अँधेरी रात।
तिम्बरु, देखो तिंदुक।
तिरच्छान, पु०, पशु।
तिरच्छान-कथा, स्त्री०, बेकार बात-चीत।
तिरच्छानगत, पु०, पशु।
तिरच्छान-योनि, स्त्री०, पशु-योनि।
तिरियं, क्रि०-वि०, तिरछे।
तिरियं-तरण, पार उतरना।
तिरीटक, नपुं०, छाल का बना आच्छादन।
तिरीटवच्छ जातक, तिरीटवच्छ तपस्वी ने अपने आश्रम में राजा का स्वागत किया (२५९)।
तिरो, अव्यय, पार, बाह्य।
तिरोकरणी, स्त्री०, परदा।
तिरोकुड्ड, नपुं०, दीवार के बाहर की ओर।
तिरोक्कार, पु०, अपमान, तिरस्कार।
तिरोधान, नपुं०, ढक्कन।
तिरोभाव, पु०, अदृश्य होना।
तिल, नपुं०, तिल।
तिल-कक्क, तिल लेप।
तिल-पिञ्ञाक, नपुं०, तिल की खली।
तिल-पिट्ठ, नपुं०, तिल की खली।
तिल-मुट्ठि, पु०, तिलों की मुट्ठी।
तिल-मुट्ठि जातक, बुढ़िया के फैलाये हुए तिलों को मुट्ठी-भर खाने वाले राजकुमार की कथा (२५२)।
तिल-वाह, पु०, गाड़ी-भर तिल।
तिल-सङ्गुलिका, स्त्री०, तिल का लड्डू।
तिंसति, स्त्री०, तीस।
तिंसा, स्त्री०, तीस।
तीर, नपुं०, किनारा, तट।
तीर-दस्सी, पु०, तीर-द्रष्टा।
तीरण, नपुं०, निर्णय, निश्चय।
तीरेति, क्रि०, निश्चय करता है।
तीरित, कृदन्त, निश्चय किया गया।
तीरेत्वा, पूर्व०-क्रि०, निश्चय करके।
तीह, नपुं०, तीन दिन का समय।
तु, अव्यय, जैसे-तैसे, लेकिन, अभी, अब, तब।
तुङ्ग, वि०, ऊँचा, प्रसिद्ध।
तुंग-नासिक, वि०, ऊँची नाक वाला।
तुच्छ, वि०, खाली, व्यर्थ, त्यक्त।
तुट्ठ, कृदन्त, संतुष्ट।
तुट्ठि, स्त्री०, प्रसन्नता, प्रीति।
तुण्डक, नपुं०, चोंच।
तुण्डिल जातक, महातुण्डिल तथा चुल्ल-तुण्डिल, सूअर-पोतकों की कथा, (३८८)।
तुण्ण-कम्म, नपुं०, सिलाई का काम।
तुण्ण-वाय, पु०, दर्जी।
तुण्ही, अव्यय, चुप।
तुण्ही-भाव, पु०, मौन।

तुण्ही-भूत, वि०, चुप ।
तुण्हीयति, क्रि०, चुप रहता है ।
तुत्त, नपुं०, हाथी का अंकुश ।
तुदति, क्रि०, चुभोता है ।
तुदित, कृदन्त, चुभोया गया ।
तुदन, नपुं०, चुभोना ।
तुदम्पति, वि०, पत्नी-पति दोनों जनें ।
तुमुल, वि०, बड़ा, विशाल ।
तुम्ब, पु० तथा नपुं, तुम्बा ।
तुम्ब-कटाह, लौकी का बर्तन ।
तुम्बी, स्त्री०, लौकी ।
तुम्ह, सर्वनाम (मध्यम पुरुष-बहुवचन), तुम ।
तुरग, पु०, घोड़ा ।
तुरति, क्रि०, जल्दी करता है ।
तुरित, वि०, शीघ्र ।
तुरितं, क्रि०-वि०, शीघ्रता से ।
तुरिय, नपुं०, तूर्य-बाजा ।
तुरियंतर, नपुं०, वाद्य-विशेष ।
तुरुक्ख, वि०, तुर्कों से सम्बन्धित ।
तुलना, स्त्री०, तोलना, विचार करना ।
तुलसी, स्त्री०, तुलसी का पौधा ।
तुला, स्त्री०, तराजू ।
तुलाकूट, नपुं०, खोटा तराजू ।
तुला-दण्ड, पु०, तराजू की डण्डी ।
तुलिय, पु०, चिमगादड़; वि०, समान, जो तोला जा सके ।
तुलेति, क्रिया, तोलता है ।
तुल्य, वि०, समान, जो तोला जा सके ।
तुल्यता, स्त्री०, समानता ।
तुल्ल, देखो तुल्य ।
तुवं, (त्वं भी), सर्वनाम, तू ।
तुवटं, क्रि०-वि०, शीघ्रता से ।
तुवट्टेति, क्रिया, बाँटता है ।
तुस्सति, क्रिया, संतुष्ट होता है ।
तुस्सना, स्त्री, संतोष ।
तुसित, छह देव-लोकों में से चौथा देव-लोक ।
तुहिन, नपुं०, ओस ।
तूण, पु०, तरकश ।
तूणीर, देखो तूण ।
तूरिय, देखो तुरिय ।
तूल, नपुं०, कपास ।
तूलिका, स्त्री०, चित्रकार की तूलिका, रूई का गद्दा ।
ते-असीति, स्त्री०, तिरासी ।
ते-किच्छ, वि०, चिकित्सा कर सकने योग्य ।
ते-चत्तालीसति, स्त्री०, तितालीस ।
ते-चीवरिक, वि०, त्रिचीवर वाला ।
तेज, पु० तथा नपुं०, ऊष्णता, प्रकाश ।
तेजो-धातु, स्त्री०, ऊष्णता ।
तेजो-कसिन, नपुं०, ध्यान लगाने के लिए अग्नि-प्रकाश ।
तेजन, नपुं०, तीर ।
तेजवन्तु, वि०, तेजयुक्त ।
तेजित, कृदन्त, तेज किया हुआ ।
तेजेति, क्रिया, ऊष्णता उत्पन्न करता है ।
तेत्तिंसा, स्त्री०, तैंतीस ।
तेन, अव्यय, इस कारण से ।
ते-नवुति, स्त्री०, तिरानबे ।
ते-पञ्ञासति, स्त्री०, तिरपन ।
तेमन, नपुं०, गीला होना, भीग जाना ।
तेमियति, क्रिया, भीगता है, गीला हो जाता है ।
तेरस, तेळस, वि०, तेरह ।
तेरो-वस्सिक, वि०, तीन वर्ष का ।

तेल, नपुं०, तेल, स्निग्ध पदार्थ ।
तेल-घट, पु०, तेल का घड़ा ।
तेल-चाटी, स्त्री०, तेल का बर्तन ।
तेल-धूपित, वि०, तेल में छौंका गया ।
तेल-पदीप, पु०, तेल-लैम्प ।
तेल-मक्खन, नपुं०, तेल माखना, तेल लगाना ।
तेलक, नपुं०, थोड़ा-सा तेल ।
तेल-पत्त जातक, राजकुमार इन्द्रिय-सुखों के फेर में न पड़कर तक्षशिला पहुँचा और राजा बना (९६) ।
तेलिक, पु०, तेली ।
तेलोवाद जातक, त्रिकोटि परिशुद्ध मांस-मछली का भोजन कर सकने के बारे में कथा (२४६) ।
तेसकुण जातक, राजा ने अण्डों में से निकले बच्चों को अपनी सन्तान की तरह पाला-पोसा (५२१) ।
तेसट्ठि, स्त्री०, तिरसठ ।
तेसत्तति, स्त्री०, तिहत्तर ।
तोमर, पु० तथा नपुं०, बर्छी ।
तोय, नपुं०, जल ।
तोरण, नपुं०, तोरण-द्वार ।
तोस, पु०, प्रसन्नता, प्रीति ।
तोसना, स्त्री०, संतोष ।
तोसापेति, क्रिया, संतुष्ट करता है ।
तोसेति, क्रिया, संतोष देता है ।
त्यादो, वि०, बहु, अनेक ।

थ

थकन, नपुं०, बन्द करना, ढक्कन ।
थकेति, क्रिया, बन्द करता है ।
थकेसि, अतीत०-क्रिया, बन्द किया ।
थकित, कृदन्त, बन्द किया हुआ ।
थकेन्त, कृदन्त, बन्द करता हुआ ।
थकेत्वा, पूर्व०-क्रिया, बन्द करके ।
थञ्ज, नपुं०, स्तन्य, माँ का दूध ।
थण्डिल, नपुं०, कड़ी जमीन ।
थण्डिल-सायिका, स्त्री, नंगी जमीन पर लेटना (एक प्रकार की तपस्या) ।
थण्डिल-सेय्या, स्त्री०, नंगी जमीन पर विस्तर ।
थद्ध, वि०, कठोर, कड़ा ।
थद्ध-मच्छरी, पु०, अत्यन्त कंजूस ।
थन, नपुं०, स्त्री का स्तन, गौ-बकरी का स्तन ।
थनग्ग, नपुं०, चूची ।
थनप, पु०, स्तनपायी, शिशु ।
थनयति, क्रिया, गर्जता है ।
थनित नपुं०, गर्जन ।
थनेति, क्रिया, गर्जता है ।
थनेसि, अतीत०-क्रिया०, गर्जा ।
थनित, कृदन्त, गर्जा हुआ ।
थनेन्त, कृदन्त, गर्जता हुआ ।
थनेत्वा, पूर्व०-क्रिया, गर्जकर ।
थपति, पु०, बढ़ई ।
थबक, पु०, गुच्छा ।
थम्भ, पु०, खम्भा, स्तम्भ ।
थम्भक, पु०, घास की मुट्ठी ।
थरु, पु०, तलवार (या अन्य किसी शस्त्र) की मूठ, तलवार ।
थल, नपुं०, भूमि, जमीन ।
थल-गोचर, वि०, स्थल-निवास करने

वाला ।

थलज, वि०, भूमि से उत्पन्न ।

थलट्ठ, वि०, भूमि पर स्थित ।

थलपथ, पु०, जमीन पर मार्ग ।

थव, पु०, प्रशंसा, स्तुति ।

थवति, क्रिया, प्रशंसा करता है ।

थविका, स्त्री०, थैली ।

थाम, पु०, सामर्थ्य, शक्ति ।

थामवन्तु, वि०, सामर्थ्यवान्, शक्तिशाली ।

थाल, पु० तथा नपुं०, थाल ।

थाली, स्त्री०, थाली ।

थालक, नपुं०, छोटा भाजन ।

थालिका, स्त्री०, नोकदार पात्र ।

थाली-पाक, पु०, दूध में पका भात या जौ ।

थावर, वि०, स्थिर, अचल ।

थावरिय, नपुं०, स्थिरपन, अचलपन ।

थिर, वि०, दृढ़ ।

थिरतर, वि०, दृढ़तर ।

थिरता, स्त्री०, दृढ़तर ।

थी, स्त्री०, स्त्री ।

थी-रज, पु० तथा नपुं०, स्त्रियों का मासिक धर्म ।

थीन, नपुं०, जड़ता, आलस्य ।

थुति, स्त्री०, स्तुति ।

थुति-पाठक, पु०, भाट ।

थुनाति, क्रिया, कराहता है ।

थुनि, अतीत०-क्रिया, कराहा ।

थुनंत, **थुनमान**, कृदन्त, कराहता हुआ ।

थुनित्वा, पूर्व०-क्रिया, कराहकर ।

थुल्ल, वि०, स्थूल, बड़ा, विशाल ।

थुल्लच्चय, पु०, बड़ा अपराध ।

थुल्ल-कुमारी, स्त्री०, मोटी लड़की ।

थुल्ल-फुसितक, वि०, बड़ी-बड़ी बूंदों वाली वर्षा ।

थुल्ल-सरीर, वि०, मांसल, मोटे शरीर वाला ।

थुस, पु०, भूसी ।

थुसग्गि, पु०, भूसी की आग ।

थुस-पच्छि, स्त्री०, भूसी से ठूसी हुई, पक्षी ।

थुस-सोडक, नपुं०, सिरके का एक प्रकार ।

थुस जातक, आचार्य ने बनारस राज्य के उत्तराधिकारी अपने शिष्य राजकुमार को चार गाथाएँ सिखा दी थीं । उन्होंने ही उसकी जान बचाई (३३८) ।

थूण, पु०, खम्भा, वध-स्थल, पशुओं की बलि देने का स्थान ।

थूण, मज्झिम-देस की पश्चिम-सीमा पर एक गाँव । वर्तमान थानेश्वर ।

थूप, पु०, स्तूप ।

थूपारह, वि०, स्तूप-निर्माण द्वारा पूज्य ।

थूप-वंस, वाचिस्सर रचित पालि रचना । इस काव्य के एक अंश में अनुराधपुर के महास्तूप की रचना का वर्णन है ।

थूपिका, स्त्री०, शिखर ।

थूपीकत, वि०, स्तूप की तरह कृत ।

थूल, वि०, स्थूल ।

थूलता, स्त्री०, स्थूलता ।

थूल-साटक, पु०, मोटा वस्त्र ।

थेत, वि०, विश्वसनीय ।

थेन, पु०, चोर ।
थेनक, पु०, चोर ।
थेनित, कृदन्त, चोरीकृत ।
थेनेति, क्रिया, चोरी करता है ।
थेनेसि, अतीत०-क्रिया, चोरी की ।
थेनेन्त, कृदन्त, चोरी करते हुए ।
थेनेत्वा, पूर्व०-क्रिया, चोरी करके ।
थेय्य, नपुं०, चोरी ।
थेय्य-चित्त, नपुं०, चोरी का इरादा ।
थेय्य-संवासक, वि०, झूठ-मूठ भिक्षुओं का वस्त्र धारण कर भिक्षुओं के साथ रहने वाला ।
थेर, पु०, ज्येष्ठ भिक्षु, जो कम-से-कम दस वर्ष का उपसम्पन्न भिक्षु हो ।
थेर-गाथा, खुद्दक निकाय का आठवां ग्रन्थ । इसकी गाथाएँ बुद्ध के समकालीन भिक्षुओं की रचनाएँ मानी जाती हैं ।
थेर-वाद, पु०, स्थविर-वाद, स्थविरों का सिद्धान्त ।
थेरी, स्त्री०, ज्येष्ठ भिक्षुणी, बुढ़िया ।
थेरी-गाथा, खुद्दक निकाय की नौवीं रचना । यह स्थविरियों की काव्य-कृतियों का संग्रह माना जाता है ।
थेव, पु०, बूंद ।
थोक, वि०, थोड़ा ।
थोकं थोकं, क्रि०-वि०, थोड़ा-थोड़ा ।
थोमन, नपुं०, स्तुति ।
थोमेति, क्रिया, स्तुति करता है ।

द

दक, नपुं०, जल ।
दक-रक्खस, पु०, जल-राक्षस ।
दक-रक्खस जातक, देखो महाउम्मग्ग जातक (५४६) । दकरक्खस जातक (५१७) नाम की कोई कथा पृथक् रूप से अस्तित्व में नहीं है ।
दकसीतलिक, नपुं०, सफेद कुदुम का फूल ।
दक्ख, वि०, दक्ष, योग्य ।
दक्खक, वि०, देखने वाला ।
दक्खता, स्त्री०, दक्षता ।
दक्खति, क्रिया, देखता है ।
अदक्खि, अतीत०-क्रिया, देखा ।
दक्खिण, वि०, दक्षिण, दायाँ, दायीं ।
दक्खिणक्खक, नपुं०, दाहिनी हँसली ।
दक्खिण-दिसा, स्त्री०, दक्षिण-दिशा ।
दक्खिण-देस, पु०, दक्षिण देश ।
दक्खिणापथ, पु०, भारत का दक्षिणी हिस्सा, वर्तमान दक्किन ।
दक्खिणायन, नपुं०, (सूर्य का) दक्षिणायन (-पथ) ।
दक्खिणारह, वि०, दक्षिणा के योग्य ।
दक्खिणावत्त, वि०, दाहिनी ओर मुड़ना ।
दक्खिणा, स्त्री०, दक्षिण (दिशा), दक्षिणा ।
दक्खिणा-विसुद्धि, स्त्री०, दक्षिणा की पवित्रता ।
दक्खिणोदक, नपुं०, दक्षिणा का जल ।

दक्खिणेय्य, वि०, दक्षिणा देने के योग्य।

दक्खिणेय्य-पुग्गल, पु०, दक्षिणा का अधिकारी व्यक्ति।

दक्खी, पु०, देखने वाला, अनुभव करने वाला।

दट्ठ, कृदन्त, डसा गया।

दट्ठट्ठान, नपुं०, वह स्थान जहाँ डसा गया।

दट्ठ-भाव, पु०, डसे जाने की बात।

दड्ढ कृदन्त, जला हुआ।

दड्ढट्ठान, नपुं०, वह स्थान जो जल गया।

दड्ढ-गेह, वि०, ऐसा आदमी जिसका घर जल गया हो।

दण्ड, पु०, १. लकड़ी, २. सजा।

दण्डक-मधु, नपुं०, लकड़ी पर लटका हुआ मधु का छत्ता।

दण्ड-कम्म, नपुं०, सजा।

दण्ड-कोटि, स्त्री०, छड़ी का सिरा।

दण्ड-दीपिका, स्त्री०, मशाल।

दण्डनीय, वि०, जिसे दण्डित करना उचित हो।

दण्डप्पत्त, वि०, जिसे दण्ड दिया गया हो।

दण्ड-परायण, वि०, जिसे छड़ी का सहारा हो।

दण्ड-पाणि, वि०, जिसके हाथ में छड़ी हो।

दण्ड-पाणि, अंजन तथा यशोधरा का पुत्र, कपिलवस्तु का शाक्य। शुद्धोदन की दोनों रानियाँ, माया तथा प्रजापति, इसकी बहनें थीं।

दण्ड-भय, नपुं०, दण्ड का भय।

दण्ड-हत्थ, वि०, जिसके हाथ में छड़ी हो।

दत्त, कृदन्त, दिया गया।

दत्ति, स्त्री०, भोजन रखने के लिए छोटा-सा बर्तन।

दत्तु, पु०, एक मूर्ख आदमी।

दत्वा, पूर्व०-क्रिया, देकर।

दद, वि०, देता हुआ।

ददित्वा, देखो दत्वा।

ददाति, क्रिया, देता है।

दद्दभ जातक, बेल के पेड़ के नीचे पड़े खरगोश ने पेड़ से गिरते फल को देखकर सोचा कि प्रलय होने वाला है। वह भागा (३२२)।

दद्दर जातक, जब गीदड़ भी शेर की तरह गर्जने लगे, तो शेर संकोच के मारे चुप हो गये (१७२)।

दद्दर जातक, महादद्दर तथा चूळदद्दर नागों की कथा (३०४)।

दद्दरी, पु०, वाद्य-विशेष।

दद्दु, स्त्री०, दाद।

दद्दुर, पु०, मेंढक।

दद्दुल, नपुं०, स्पंज की तरह नर्म ढाँचा, एक प्रकार का चावल।

दधि, नपुं०, दही।

दधि-घट, पु०, दही का घड़ा।

दधि-मण्ड(क), नपुं०, मठा, छाछ।

दधिवाहन जातक, दधिवाहन राजा ने अपने शत्रुओं को दही के समुद्र में डुबोकर मार डाला था (१८६)।

दन्त, नपुं०, दाँत; कृदन्त, संयत।

दन्त-कट्ठ, नपुं०, दातून।

दन्त-कार, पु०, हाथी-दाँत का काम करने वाला।

दन्त-पाळि, स्त्री०, दाँतों की पाँत ।
दन्तपोण, पु०, दाँत की सफाई करने वाली वस्तु ।
दन्त-वलय, नपुं०, हाथी - दाँत की चूड़ी ।
दन्त-विदंसक, वि०, दाँत दिखाने वाला ।
दन्तावरण, नपुं०, दाँत का ढक्कन, होंठ ।
दन्तपुर, कलिंग राज्य की राजधानी ।
दन्तता, स्त्री०, संयत भाव ।
दन्तसठ, पु०, नीबू का पेड़, नीबू ।
दन्ध, वि०, ढीला, मूर्ख ।
दन्धता, स्त्री०, ढिलाई, आलस्य, मूर्खता ।
दनु, पु०, दानव-माता ।
दप्प, पु०, दर्प ।
दप्पण, नपुं०, दर्पण ।
दप्पित, वि०, अहंकारी, अभिमानी ।
दब्ब, वि०, बुद्धिमान, योग्य; नपुं०, लकड़ी, धन, पदार्थ ।
दब्ब-जातिक, वि०, समझदार ।
दब्ब-तिण, नपुं०, दूब ।
दब्ब-पुप्फ जातक, रोहित मछली को लेकर दो ऊद-बिलाव आपस में झगड़ रहे थे । मायावी गीदड़ ने उनका फैसला करने जाकर, मछली का सिर एक को दे दिया, पूँछ दूसरे को दे दी, शेष सारी मछली खुद खा गया (४००) ।
दब्ब-सम्भार, पु०, मकान बनाने का सामान ।
दब्बी, स्त्री०, कड़छी ।
दब्भ, पु०, कुश घास ।
दमन, नपुं०, संयम ।
दमक, वि०, संयत, संयत करनेवाला ।
दमित, कृदन्त, दमन किया गया ।
दमिळ, दक्षिण भारत की तमिल जाति ।
दमेति, क्रिया, संयत बनाता है ।
दमेतु, पु०, दमन करने वाला ।
दम्पति, पु०, पत्नी और पति ।
दम्म, वि०, जिसे दमित अथवा शिक्षित करना हो ।
दया, स्त्री०, करुणा ।
दयालु, वि०, दया करने वाला ।
दयित, कृदन्त, दयापात्र ।
दयितब्ब, कृदन्त, जिस पर दया करना या जिसके प्रति दया दिखाना योग्य हो ।
दयिता, स्त्री०, औरत ।
दर, पु०, दुःख, कष्ट, चिन्ता ।
दरथ, पु०, दुःख, कष्ट, चिन्ता ।
दरीमुख जातक, मगध नरेश के पुत्र ब्रह्मदत्त तथा उसके सहपाठी दरीमुख की कथा (३७८) ।
दल, नपुं०, फलक, पत्ता ।
दलिद्द, (दळिद्द भी), वि०, दरिद्र ।
दळ्ह, वि०, दृढ़ ।
दळ्हपरक्कम, वि०, दृढ़ पराक्रमी, उत्साही ।
दळ्ह, क्रि०-वि०, दृढ़ता-पूर्वक ।
दळ्हीकम्म, नपुं०, दृढ़ बनाना ।
दळ्हधम्म जातक, दळ्हधम्म नामक बनारस-नरेश के मंत्री की कथा (४०६) ।
दव, पु०, क्रीड़ा, आग, गरमी ।
दवकम्यता, स्त्री०, हँसी-मजाक करने

की रुचि ।

दवघु, नपुं०, जलन ।

दव-डाह, पु०, जंगली आग ।

दस, वि०, दस, देखनेवाला (देखना या दिखाई पड़ना भी) ।

दसक, नपुं०, दशाब्द ।

दसक्खत्तुं, क्रि०-वि०, दस बार ।

दसधा, क्रि०-वि०, दस प्रकार से ।

दस-बल, वि०, दस शक्तियों वाला, भगवान बुद्ध के लिए प्रयुक्त एक विशेषण-पद ।

दस-विध, वि०, दस प्रकार से ।

दस-सत, नपुं०, सहस्र, हजार ।

दस-सत-नयन, वि०, सहस्र आंखों (वाला) ।

दस-सहस्स, नपुं०, दस हजार ।

दुद्दस, जो कठिनाई से दिखाई दे ।

दसण्ण, मध्य-भारत का भूमि भाग, दशार्णव ।

दसण्णक जातक, राजा ने पुरोहित-पुत्र को अपनी रानी सप्ताह-भर के लिए ही दी थी। वह उसे लेकर भाग गया (४०१) ।

दसब्राह्मण जातक, इन्द्रप्रस्थ नरेश के दान की सीमा न थी। किन्तु उसका सारा दान दुष्ट आदमियों के पल्ले पड़ता था (४९५) ।

दसरथ जातक, वनवास के समय राम, लक्ष्मण तथा सीता को राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार मिला । राम-पण्डित ने असाधारण सहनशीलता का परिचय दिया (४६१) ।

दसन, नपुं०, दांत ।

दसनच्छद, पु०, होंठ ।

दसा, स्त्री०, किनारी, दशा ।

दसिक-सुत्त, नपुं०, किनारी का धागा ।

दस्सक, वि०, दिखानेवाला ।

दस्सति, क्रिया, (वह) देगा, दिखाई, पड़ता है ।

दस्सन, नपुं०, दर्शन, दृष्टि, अन्तः-प्रेरणा ।

दस्सनीय, वि०, दर्शनीय, देखने योग्य ।

दस्सावी, पु०, देखने वाला, (भय-दस्सावी, भयभीत) ।

दस्सु, पु०, दस्यु, डाकू ।

दस्सेति, क्रिया, दिखाता है ।

दस्सेतु, पु०, दिखानेवाला ।

दह, पु०, झील, जलाशय ।

दहति, क्रिया, जलाता है, स्वीकार करता है ।

दहन, नपुं०, जलन; पु०, आग ।

दहर, वि०, तरुण, लड़का ।

दहरा, स्त्री०, तरुणी, लड़की ।

दाडिम, नपुं०, अनार ।

दाढा, स्त्री०, दाढ़ ।

दाढा-धातु, स्त्री०, (बुद्ध के) दन्त-अवशेष ।

दाढावुध, वि०, दांतों को शस्त्र की तरह उपयोग करने वाला ।

दाढाबली, वि०, दांतों का बलवान ।

दात, कृदन्त, काटा गया ।

दातब्ब, कृदन्त, देने योग्य ।

दातु, पु०, देनेवाला ।

दातुं, देने के लिए ।

दात्त, नपुं०, दांति, दरांति; कृदन्त, काटा गया ।

दान, नपुं०, दान, ।

दान-कथा, स्त्री०, दान-सम्बन्धी उप-

देश।
दानग्ग, नपुं०, दान देने का स्थान।
दान-पति, पु०, दान-शूर।
दान-फल, नपुं०, दान-फल।
दान-मय, वि०, दान-मय।
दान-वट्ट, नपुं०, सतत दान।
दान-वत्थु, नपुं०, दान देने की चीज।
दान-वेय्यावटिक, वि०, दान बाँटने वाला।
दान-साला, स्त्री०, दानशाला।
दान-सील, वि०, दानशील।
दान-सोण्ड, वि०, दान-प्रिय।
दानारह, वि०, दान देने योग्य।
दानव, पु०, राक्षस।
दानि, देखो इदानि।
दापन, नपुं०, दिलाना।
दापेति, क्रिया, दिलाता है।
दापेतु, पु०, दिलाने वाला।
दाब्बि, स्त्री०, सूखी हल्दी।
दाम, पु०, माला, रस्सी, जंजीर।
दाय, पु०, जंगल, भेंट।
दायपाल, पु०, माली।
दायक, पु०, दाता, सहायक।
दायज्ज, नपुं०, उत्तराधिकार।
दायज्ज, वि०, उत्तराधिकारी।
दायति, क्रिया, काटता है।
दायन, नपुं०, काटना।
दायाद, पु०, उत्तराधिकार।
दायादक, वि०, उत्तराधिकारी।
दायिका, स्त्री०, देनेवाली।
दायी, वि०, देनेवाला।
दार, पु०, स्त्री।
दार-भरण, नपुं०, स्त्री का पालन-पोषण।
दारक, पु०, लड़का, बच्चा।
दारा, स्त्री०, स्त्री।
दारिका, स्त्री०, लड़की, बच्ची।
दारित, कृदन्त, चीरा गया, फाड़ा गया।
दारेति, फाड़ता है।
दारेत्वा, पु०-क्रिया, फाड़कर, चीरकर।
दारेन्त, कृदन्त, फाड़ता हुआ, चीरता हुआ।
दारेसि अतीत०-क्रिया, फाड़ा, चीरा।
दारु, नपुं०, लकड़ी।
दारु-खण्ड, नपुं०, लकड़ी का टुकड़ा।
दारुक्खन्ध, पु०, लकड़ी का लट्ठा।
दारु-भण्ड, नपुं०, लकड़ी का सामान।
दारु-मय, वि०, लकड़ी का बना।
दारु-सङ्घात, पु०, लकड़ी की नाव।
दारुण, वि०, कठोर।
दालन, नपुं०, चीरना-फाड़ना।
दालेति, देखो दारेति।
दावग्गि, पु०, जंगल की आग।
दास, पु०, गुलाम।
दास-गण, पु०, गुलामों का समूह।
दासत्त, नपुं०, दास-भाव।
दासित्त, नपुं०, दासी-भाव।
दासी, स्त्री०, दासी।
दाह, पुं०, जलन, गर्मी।
दाळिद्दिय, नपुं०, दरिद्रता।
दाळिम, देखो दाडिम।
दिक्खति, १. देखता है, २. दीक्षा ग्रहण करता है।
दिक्खित, कृदन्त, दीक्षित।
दिगम्बर, पु०, नग्न साधु।
दिगुण, वि०, द्विगुण, डबल।
दिग्घिका, स्त्री०, खाई।

दिज, पु०, १. ब्राह्मण, २. पक्षी ।
दिजगण, पु०, ब्राह्मणों या पक्षियों का समूह ।
दिट्ठ, कृदन्त, देखा गया; नपुं०, दृश्य ।
दिट्ठ-धम्म, पु०, यही संसार; वि०, सत्य का साक्षात्कृत ।
दिट्ठधम्मिक, वि०, इसी लोक से सम्बन्धित ।
दिट्ठमङ्गलिक, वि०, शकुन-अपशकुन का विचार करने वाला ।
दिट्ठसंसन्दन, नपुं०, दृष्ट अथवा ज्ञात बातों के बारे में तुलनात्मक विवेचन ।
दिट्ठानुगति, स्त्री०, दृष्ट का अनुकरण ।
दिट्ठि, स्त्री०, सिद्धान्त, मत, विश्वास ।
दिट्ठिक, वि०, मत-विशेष को मानने-वाला ।
दिट्ठि-कन्तार, पु०, मतों का जंगल ।
दिट्ठिगत, नपुं०, मत, मिथ्या-मत ।
दिट्ठि-गहन, नपुं०, मतों का जमघट ।
दिट्ठि-जाल, नपुं०, मतों का जाल ।
दिट्ठि-विपत्ति, स्त्री०, मत असफलता ।
दिट्ठि-विपल्लास, पु०, मतों की विकृति ।
दिट्ठि-विसुद्धि, स्त्री०, स्पष्ट दृष्टि, स्पष्ट मत ।
दिट्ठि-सम्पन्न, वि०, सम्यक् दृष्टि से युक्त ।
दिट्ठि-संयोजन, नपुं०, व्यर्थ के मतों का बंधन ।
दित्त, कृदन्त, दीप्त ।
दित्ति, स्त्री०, प्रकाश, दीप्ति ।
दिद्ध, वि०, दिग्ध, लिपटा हुआ, विष दिया हुआ ।
दिन, नपुं०, दिन ।
दिनकर, पु०, सूर्य ।
दिनच्चय, पु०, दिन का अन्त, सन्ध्या ।
दिन-पति, पु०, सूर्य ।
दिन्दिभ, पु०, टिटिहिरी ।
दिन्न, कृदन्त, दिया गया ।
दिन्नादायी, वि०, जो दिया गया हो उसी को ग्रहण करनेवाला ।
दिन्नक, पु०, दत्तक (पुत्र), दी गई (वस्तु) ।
दिपद, पु०, द्विपद, दो पैरों वाला, मनुष्य ।
दिपदिन्द, पु०, मनुष्येन्द्र, तथागत बुद्ध ।
दिपदुत्तम, पु०, मनुष्यों में श्रेष्ठ, तथागत बुद्ध ।
दिप्पति, क्रिया, चमकता है ।
दिप्पन, नपुं०, चमकना ।
दिब्ब, वि०, दिव्य ।
दिब्ब-चक्खु, नपुं०, दिव्य-चक्षु ।
दिब्ब-चक्खुक, वि०, दिव्य-चक्षु से युक्त ।
दिब्ब-विहार, पु०, दिव्य-विहार, करुणा, मुदिता आदि भावनाओं में चित्त का लगाना ।
दिब्ब-सम्पत्ति, स्त्री०, दिव्य सम्पत्ति ।
दिब्बत, क्रिया, मनोविनोद करता है ।
दियड्ढ, पु०, डेढ़ ।
दिव, पु०, दिव्यलोक ।
दिवस, पु०, दिन ।
दिवसकर, पु०, सूर्य ।

दिवस-भाग, पु०, दिन का समय ।
दिवा, अव्यय, दिन, दिन में ।
दिवाकर, पु०, सूर्य ।
दिवा-ठान, नपुं०, दिन का समय गुजारने की जगह ।
दिवा-विहार, पु०, दिन में विश्राम करना ।
दिवा-सेय्या, स्त्री०, दिन में लेटना ।
दिस, पु०, शत्रु ।
दिसम्पति, पु०, नरेश ।
दिसा, स्त्री०, दिशा ।
दिसा-काक, पु०, स्थल-भूमि की खोज करने के लिए नौका पर रखा हुआ कौआ ।
दिसा-कुसल, वि०, दिशा-ज्ञान में कुशल ।
दिसा-पामोक्ख, वि०, लोक-प्रसिद्ध ।
दिसा-भाग, पु०, दिशा ।
दिसा-मूळ्ह, वि०, जिसे दिशाओं का ज्ञान नहीं ।
दिसा-वासिक, वि०, देश के विभिन्न भागों में अथवा विदेश में रहने वाला ।
दिस्सति, क्रिया, ऐसा दिखाई देता है, ऐसा प्रतीत होता है ।
दीघ, वि०, लम्बा ।
दीघङ्गुली, वि०, लम्बी अँगुलियों वाला ।
दीघजातिक, पु०, सर्प की जाति का जीव ।
दीघता, स्त्री०, लम्बाई ।
दीघत्त, नपुं०, लम्बाई ।
दीघ-दस्सी, वि०, दीर्घ-दर्शी ।
दीघ-निकाय, सुत्तपिटक का पहला ग्रन्थ, जिसमें लम्बे आकार के ३४ सुत्त हैं ।
दीघ-भाणक, पु०, दीर्घनिकाय का पाठ करनेवाला ।
दीघ-रत्तं, क्रि०-वि०, दीर्घ काल तक ।
दीघ-लोमक, वि०, लम्बे बाल वाला ।
दीघ-सोत्थिय, नपुं०, सम्पन्नता ।
दीघ-हत्थ, पु०, लम्बे हाथवाला ।
दीधिति, स्त्री०, प्रकाश, चमक, दीप्ति ।
दीन, वि०, गरीब, दीनावस्था को प्राप्त ।
दीनता, स्त्री०, दीनत्व ।
दीप, १. पु०, दीपक, २. पु० तथा नपुं०, द्वीप, आश्रय, ३. नपुं०, एक प्रकार का यान जो चीते के चमड़े से ढका हो ।
दीपक, नपुं०, छोटा दीपक या द्वीप; वि०, प्रकट करने वाला ।
दीपङ्कर, वि०, दीपक जलाने वाला; पु०, २४ बुद्धों में से सर्वप्रथम ।
दीपच्चि, स्त्री०, दीपक की लौ ।
दीप-रुक्ख, पु०, दीप-स्तम्भ, लैम्प का स्टैंड ।
दीप-सिखा, स्त्री०, दीपक की लौ ।
दीपालोक, पु०, दीपक का प्रकाश ।
दीपना, स्त्री०, व्याख्या ।
दीपनी, स्त्री०, व्याख्यात्मक टिप्पणी ।
दीप-वंस, सिंहल का प्राचीनतम ऐतिहासिक काव्य ।
दीपि, पु०, चीता ।
दीपिक, पु०, चीता ।
दीपि जातक, बकरी ने मीठे शब्दों से

चीतें को बहलाना चाहा, किन्तु वह उसे खा ही गया (४२६)।

दीपिका, स्त्री०, मशाल, व्याख्या।

दीपित, कृदन्त, व्याख्यात, जिसकी व्याख्या की गई हो।

दीपिनी, स्त्री०, चीती।

दीपेति, क्रिया, प्रकाशित करता है, स्पष्ट करता है।

दुक, नपुं०, जोड़ा, जोड़ी।

दुकूल, नपुं०, अच्छी किस्म का कपड़ा।

दुक्कट, वि०, दुष्कृत; नपुं०, अकुशल कर्म।

दुक्कर, वि०, दुष्कर, कठिन।

दुक्कर-भाव, पु०, दुष्करता, कठिनता।

दुक्ख, नपुं०, कष्ट; वि०, अप्रिय, कष्टदायी।

दुक्खं, क्रि०-वि०, कठिनाई से।

दुक्खक्खय, पु०, दुःख का क्षय।

दुक्खक्खन्ध, पु०, दुःख का समूह।

दुक्ख-निदान, नपुं०, दुःख का मूल।

दुक्ख-निरोध, पु०, दुःख का नाश।

दुक्ख-निरोध-गामिनी पटिपदा स्त्री०, दुःख-निरोध की ओर ले जाने वाला मार्ग।

दुक्खन्तगू, वि०, जो दुःख का अन्त कर चुका।

दुक्ख-पटिकूल, वि०, दुःख के प्रतिकूल।

दुक्ख-परेत, वि०, दुःख से दुखित।

दुक्खप्पत्त, वि०, दुःख-प्राप्त।

दुक्खप्पहाण, नपुं०, दुःख का दूर करना।

दुक्ख-विपाक, वि०, जिसका फल दुःख हो।

दुक्ख-सच्च, नपुं०, दुःख के सम्बन्ध में सत्य।

दुक्ख-समुदय, पु०, दुःख की उत्पत्ति के सम्बन्ध में सत्य।

दुक्ख-सम्फस्स, वि०, दुःख का स्पर्श।

दुक्खसेय्या, स्त्री०, बे-आराम की नींद।

दुक्खानुभवन, नपुं०, दण्ड भोगना।

दुक्खापगम, पु०, दुःख का हटाना।

दुक्खापन, नपुं०, कष्ट-प्रद।

दुक्खापेति, क्रिया, कष्ट देता है, दुखाता है।

दुक्खित, वि०, अप्रसन्न।

दुक्खी, वि०, अप्रसन्न।

दुक्खीयति, क्रिया, दुखी होता है।

दुक्खुद्रय, वि०, दुःखद।

दुक्खूपसम, पु०, दुःख का उपशमन।

दुग्ग, नपुं०, दुर्ग, क़िला।

दुग्गत, वि०, दरिद्र, दुर्गति-प्राप्त।

दुग्गति, स्त्री०, दुर्गति।

दुग्गन्ध, पु०, बदबू; वि०, बदबूदार।

दुग्गम, वि०, ऐसी जगह जहाँ जाना कठिन हो।

दुग्गहीत, वि०, जिसे ठीक से नहीं समझा, मिथ्या-मत।

दुग्ग-संचार, पु०, दुर्ग तक पहुँचने का रास्ता, दुर्गम रास्ता।

दुच्चज, वि०, जिसे त्यागना कठिन हो।

दुच्चरित, नपुं०, दुराचरण।

दुजिव्ह, पु०, साँप।

दुज्जह, वि०, जिसे छोड़ना कठिन हो।

दुज्जान, वि०, जिसे जानना कठिन हो।

दुज्जीवित, नपुं०, मिथ्या जीविका ।
दुट्ठ, वि०, दुष्ट; कृदन्त, द्वेष-युक्त ।
दुट्ठ-चित्त, नपुं०, दुष्ट चित्त वाला ।
दुट्ठु, क्रि०-वि०, बुरी तरह से ।
दुट्ठुल्ल, नपुं०, फूहड़ बातचीत; वि०, घटिया ।
दुतप्पय, वि०, जिसे आसानी से सन्तुष्ट न किया जा सके ।
दुतिय, वि०, द्वितीय, दूसरा ।
दुतियक, वि०, साथी ।
दुतियं, क्रि०-वि०, दूसरी बार ।
दुतियपलायी जातक, गान्धार नरेश के पलायन की कथा (२३०) ।
दुतिया, स्त्री०, पत्नी, द्वितीया विभक्ति, कर्मकारक ।
दुतियिका, स्त्री०, पत्नी ।
दुत्तर, वि०, जो कठिनाई से पार किया जा सके ।
दुद्द जातक, तक्षशिला-शिक्षित तपस्वी और उनके साथियों के बनारस आने पर वाराणसी के लोगों ने अन्न-पान से संतर्पित किया (१८०) ।
दुद्दम, वि०, जिसका कठिनाई से दमन किया जा सके ।
दुद्दस, वि०, जो कठिनाई से दिखाई दे, या समझ में आये ।
दुद्दसतर, वि०, जो और भी अधिक कठिनाई से दिखाई दे, या समझ में आये ।
दुद्दसा, स्त्री०, दुर्दशा, बुरी हालत ।
दुद्दसापन्न, वि०, दुर्दशा-ग्रस्त ।
दुद्दसिक, वि०, बदशक्ल ।
दुद्दिन, नपुं०, दुर्दिन, बारिश का दिन या खराब दिन ।
दुद्ध, नपुं०, दुग्ध, दूध; कृदन्त, दुहा हुआ ।
दुंदुभि, स्त्री०, ढोल ।
दुन्नामक, नपुं०, बवासीर ।
दुन्निक्खित्त, वि०, अयोग्य ढंग से रखा गया ।
दुन्निग्गह, वि०, जिसे काबू में रखना कठिन हो ।
दुन्निमित्त, नपुं० अपशकुन ।
दुन्नीत, वि०, अनुचित ढंग से ले जाया गया ।
दुपट्ट, वि०, दो तहों वाला ।
दुप्पञ्ञ, वि०, मूर्ख; पु०, मूर्ख (आदमी) ।
दुप्पटिनिस्सग्गिय, वि०, जिसे छोड़ना कठिन हो ।
दुप्पटिविज्झ, वि०, जिसे समझना कठिन हो ।
दुप्पमुञ्च, वि०, जिसे छोड़ना दूभर हो ।
दुप्परिहारिय, वि०, जिसकी व्यवस्था करना कठिन हो ।
दुफस्स, पु०, अप्रिय स्पर्श ।
दुब्बच, वि०, जो बात न मानता हो, अनाज्ञाकारी ।
दुब्बच्च जातक, आचार्य ने बोधिसत्व का कहना नहीं माना (११६) ।
दुब्बण्ण, वि०, दुर्वर्ण ।
दुब्बल, वि०, दुर्बल ।
दुब्बल-भाव, पु०, कमज़ोरी ।
दुब्बल-कट्ठ जातक, जंजीर तोड़कर भागे हुए हाथी की कथा (१०५) ।
दुब्बा, स्त्री०, दूर्वा-तृण, दूब ।
दुबिजान, वि०, कठिनाई से समझ में आने योग्य ।

दुब्बिनीत, वि०, दुर्विनीत ।
दुब्बुट्ठिक, वि०, दुर्वृष्टिक, जहाँ बारिश कम हो; नपुं०, अकाल ।
दुब्भक, वि०, विश्वासघाती ।
दुब्भति, क्रिया, विश्वासघात करता है, षड्यन्त्र करता है ।
दुब्भन, नपुं०, द्रोहीपन, विश्वासघात ।
दुब्भर, वि०, दूभर, जिसका पालन-पोषण कठिन हो ।
दुब्भासित, नपुं०, अपमानसूचक शब्द, अपशब्द ।
दुब्भिक्ख, नपुं०, अकाल, आहार की कमी ।
दुब्भी, वि०, विश्वासघात करने वाला ।
दुम, पु०, द्रुम, पेड़ ।
दुमग्ग, नपुं०, पेड़ का शिखर ।
दुमन्तर, नपुं०, नाना प्रकार के पेड़ ।
दुमिन्द, पु०, वृक्षराज, बोधि-वृक्ष ।
दुमुत्तम, देखो दुमिन्द ।
दुमुप्पल, पु०, पीले फूलों वाला वृक्ष-विशेष ।
दुम्मङ्कु, वि०, जिसे कठिनाई से चुप कराया जा सके ।
दुम्मती, पु०, बुद्धि-भ्रष्ट आदमी ।
दुम्मन, वि०, अप्रसन्न, दुखी ।
दुम्मुख, वि०, अप्रसन्न मुख ।
दुम्मेध, वि०, कुबुद्धि ।
दुम्मेध जातक, राजा ने दुष्कर्म करने वालों की बलि देने की घोषणा की (५०) ।
दुम्मेध जातक, राजा ने ईर्षावश अपने हस्तिराज को ही मरवा डालना चाहा (१२२) ।
दुय्योधन, दुर्योधन ।
दुय्हति, क्रिया, दुहा जाता है ।
दुरक्ख, वि०, जिसका संरक्षण कठिन हो ।
दुरच्चय, वि०, जिसे लाँघना कठिन हो ।
दुराजान, वि०, जिसे जानना या समझना कठिन हो ।
दुराजान जातक, आचार्य ने अपने शिष्य को सलाह दी कि वह अपनी स्त्री की करतूतों को उपेक्षा की दृष्टि से देखे (६४) ।
दुरासाद, वि०, जिसके पास पहुँचना कठिन हो ।
दुरित, नपुं०, पाप, अकुशल कर्म ।
दुरुत्त, वि०, बुरी तरह से कहा गया; नपुं०, बुरी बात, बुरी वाणी ।
दुल्लद्ध, वि० कठिनाई से प्राप्त ।
दुल्लद्धि स्त्री०, मिथ्या-दृष्टि ।
दल्लभ, वि०, जिसे कठिनाई से प्राप्त किया जा सके ।
दुवङ्गिक, वि०, दो अङ्गों से युक्त ।
दुविध, वि०, दो प्रकार का ।
दुवे, संख्यावाची, दो (आदमी या वस्तुएँ) ।
दुस्स, नपुं०, कपड़ा ।
दुस्स-करण्डक, पु०, कपड़ों की पेटी ।
दुस्स-कोट्ठागार, नपुं०, कपड़ों का भण्डार ।
दुस्स-युग, कपड़ों का जोड़ा ।
दुस्स-वट्टि, स्त्री०, कपड़ों का थान, कपड़े की किनारी ।
दुस्सति, क्रिया, द्वेष करता है, क्रोधित होता है ।
दुस्सित्वा, पूर्व० क्रिया, द्वेष करके ।

दुस्सन, नपुं०, द्वेष, विकृति, क्रोध ।
दुस्सह, वि०, जिसका सहन करना कठिन हो ।
दुस्सील, वि०, दुराचारी ।
दुहति, क्रिया, (दूध) दुहता है ।
दुहन, नपुं०, दुहा जाना ।
दुहितु, स्त्री०, बेटी, दुहिता ।
दूत, पु०, संदेश-वाहक ।
दूती, स्त्री०, दूतिका ।
दूतेय्य, नपुं०, संदेश, संदेश-वाहन ।
दूत जातक, एक लोभी आदमी अपने को 'दूत-दूत' कहता हुआ राजा के खाने की मेज तक पहुँच गया। राजा ने पूछा—"तू किसका दूत है?" आदमी का उत्तर था—"मैं पेट का दूत हूँ।" (२६०)।
दूत-जातक, गुरु-दक्षिणा देने के लिए इकट्ठी की गई राशि गङ्गा नदी में गिर पड़ी (४७८)।
दूभक, देखो दुब्भक ।
दूर, नपुं०, दूरी; वि०, दूर ।
दूरङ्गम, वि०, दूर तक जाने वाला ।
दूरतो, अव्यय, दूर से ।
दूरत्त, नपुं०, दूरत्व, दूर होने का भाव ।
दूसक, वि०, दूषित करने वाला, विकृत करने वाला, गन्दा करने वाला ।
दूसन, नपुं०, दूषण, विकृति, गन्दगी ।
दूसित, कृदन्त, दूषित ।
दूसेति, क्रिया, दूषित करता है, खराब करता है, बदनाम करता है, बुरा व्यवहार करता है ।
दूहन, नपुं०, डाका डालना, दूध दुहना ।
देड्डुभ, पु०, जल-सर्प ।
देण्डिम, पु०, दौण्डी ।
देति, क्रिया०, देता है ।
देव, पु०, देवता, आकाश, बादल, राजा ।
देव-कञ्ञा, स्त्री०, देव-कन्या ।
देव-काय, पु०, देव-गण ।
देव-कुमार, पु०, दिव्य राजकुमार ।
देव-कुसुम, नपुं० देव-लोक के फूल ।
देव-गण, पु०, देव-समूह ।
देव-चारिका, स्त्री०, देव-लोक में भ्रमण ।
देवच्छरा, स्त्री०, देवप्सरा ।
देवञ्ञतर, वि०, लघु-देवता ।
देवट्ठान, नपुं०, देवस्थान ।
देवत्तभाव, पु०, दैवी शरीर ।
देवदत्तिक, वि०, देवता द्वारा दिया गया ।
देव-दुन्दुभि, स्त्री०, गर्जना ।
देव-दूत, पु०, देवता का दूत ।
देव-देव, पु०, देवताओं का देवता ।
देव-धम्म, पु०, दिव्य-गुण, पाप-भीरुता ।
देव-धीतु, स्त्री०, अप्सरा ।
देव-नगर, नपुं०, देवताओं का नगर ।
देव-निकाय, वि०, देवताओं का समूह ।
देव-परिसा, स्त्री०, देव-परिषद् ।
देव-पुत्त, पु०, देवता का पुत्र ।
देव-पुर, नपुं०, देव-नगर ।
देव-भवन, नपुं०, देवताओं का निवास-गृह ।
देव-यान, नपुं०, स्वर्ग-मार्ग, हवाई जहाज ।
देवराजा, पु०, देवताओं का राजा शक्र ।
देव-रुक्ख, पु०, देवताओं का वृक्ष, पारिजात ।
देव-रूप, नपुं०, देवता की मूर्ति ।
देव-लोक, पु०, स्वर्ग-लोक ।
देव-विमान, वि०, देव-लोक का भवन ।

देवता, स्त्री०, देव ।
देवत्त, नपुं० देवत्व ।
देवदत्त, शाक्य मुनि गौतम बुद्ध के मामा सुप्रबुद्ध शाक्य का पुत्र, जो जन्म-भर बुद्ध-द्वेषी बना रहा ।
देवदह, शाक्यों का एक निगम, कस्बा । बुद्ध ने अनेक बार वहाँ पदार्पण किया था ।
देवदारु, पु०, देवदार-वृक्ष ।
देव-धम्म जातक, देव-धम्म अर्थात् पाप से विरति का उपदेश (६) ।
देवर, पु०, देवर, पति का छोटा भाई ।
देवसिक, वि०, दैनिक ।
देवा, पु०, मानवों से कुछ ऊपर के स्तर के प्राणी । तीन प्रकार के देव माने गये हैं—(१) सम्मुति देवा, जिन्हें देवता मान लिया गया, जैसे राजा तथा राजकुमार, (२) विसुद्धि-देवा, पवित्र देवता-गण, जैसे अर्हत् तथा बुद्ध, (३) उप्पत्ति-देवा, उत्पन्न हुए देवता-गण; सात प्रकार के देवता-समूहों का वर्णन है, जैसे चातुम्महाराजिक, तावतिंस आदि ।
देवातिदेव, पु०, देवताओं का देवता ।
देवानुभाव, पु०, देव-प्रताप ।
देवानम्पिय तिस्स, धर्माशोक का समकालीन तथा मित्र सिंहल नरेश ।
देविसि, पु०, दिव्य ऋषि ।
देवी, स्त्री०, देवी, रानी, महेन्द्र स्थविर तथा संघमित्रा की माता, अशोक-पत्नी का नाम ।
देवुपपत्ति, स्त्री०, देवताओं में उत्पत्ति ।
देस, पु० देश, प्रदेश ।
देसक, पु०, देशना करने वाला, उपदेशक ।
देसना, स्त्री०, उपदेश ।
देसना-विलास, पु०, देशना का सौन्दर्य ।
देसिक, वि०, प्रदेश-विशेष से सम्बन्धित ।
देसित, कृदन्त, उपदिष्ट ।
देसेति, क्रिया, उपदेश देता है ।
देसेतु, देखो देसक ।
देस्स, वि०, प्रतिकूल ।
देस्सिय, देखो देस्स ।
देह, पु० तथा नपुं०, शरीर ।
देह-निक्खेप, नपुं०, शरीर-त्याग, मृत्यु ।
देह-निस्सित, वि०, शरीर-सम्बन्धी ।
देहनी, स्त्री०, देहली ।
देहावयव, पु०, शरीर का कोई अंग ।
देही, पु०, देहधारी ।
दोण, पु० तथा नपुं०, माप-विशेष; पु०, भगवान् बुद्ध का शरीरान्त होने पर उनकी अस्थियों का बँटवारा करने वाला दोण-ब्राह्मण ।
दोणि, दोणिका, स्त्री०, द्रोणि, नौका ।
दोणिका, देखो दोणि ।
दोमनस्स, नपुं०, असंतोष, चैतसिक दुःख ।
दोला, स्त्री०, झूला ।
दोलायति, क्रिया, झुलाता है ।
दोवारिक, पु०, द्वारपाल ।
दोस, पु०, द्वेष, क्रोध, दोष ।
दोसक्खान, नपुं०, दोषारोपण ।
दोसग्गि, पु०, द्वेषाग्नि ।
दोसञ्ञू, पु०, पण्डित ।
दोसापगत, वि०, दोष-रहित ।
दोसिना, स्त्री०, चाँदनी ।

दोसो, पु०, रात्रि ।
दोह, पु० तथा नपुं०, द्रोह, दूध दुहना ।
दोहक, पु० तथा नपुं०, दूध दुहने वाला, दूध की बाल्टी ।
दोहळ, पु०, गर्भिणी की बलवती इच्छा, दोहद ।
दोहळिनी, स्त्री०, दोहद की इच्छा वाली ।
दोही, वि०, दूध दुहने वाला, द्रोही, अकृतज्ञ ।
द्रव, पु०, रस, तरल पदार्थ ।
द्वङ्गुल, वि०, दो अङ्गुल भर ।
द्वत्तिक्खत्तुं, क्रिया-विशेषण, दों-तीन वार ।
द्वत्तिपत्त, नपुं०, दो-तीन पात्र ।
द्वत्तिंसति, स्त्री०, बत्तीस ।
द्वन्द, नपुं०, जोड़ा, द्वन्द्व (समास) ।
द्वय, नपुं०, दो ।
द्वाचत्तालीसति, स्त्री०, बयालीस ।
द्वादस, वि०, बारह ।
द्वानवुति, स्त्री०, बानबे ।
द्वार, नपुं०, दरवाजा ।
द्वार-कवाट, नपुं०, दरवाजे के किवाड़ ।
द्वार-कोट्ठक, नपुं०, दरवाजे के ऊपर का कमरा ।
द्वार-गाम, पु०, नगर-द्वार के बाहर का गाँव ।
द्वारपाल, पु०, चौकीदार, पहरेदार ।
द्वार-वाहा, स्त्री०, दरवाजे का खम्बा ।
द्वार-साला, स्त्री०, दरवाजे के समीप की शाला ।
द्वारिक, वि०, द्वार से सम्बन्धित; पु०, द्वारपाल ।
द्वावीसति, स्त्री०, बाईस ।
द्वासट्ठिदिट्ठि, स्त्री०, बासठ मिथ्या मत ।
द्वासत्तति, स्त्री०, बहत्तर ।
द्वासीति, स्त्री०, बयासी ।
द्वि, वि०, दो ।
द्विक, नपुं०, दो की जोड़ी ।
द्विक्खुत्तुं, क्रिया-विशेषण, दो बार ।
द्विगुण, वि०, दुगुना ।
द्विचत्तालीसति, स्त्री०, बयालीस ।
द्विज, देखो दिज ।
द्वि-जिव्ह, वि०, दो जीभों वाला (सर्प) ।
द्वि-पञ्ञासति, स्त्री०, बावन ।
द्वि-मासिक, वि०, दो ही महीने का ।
द्वि-सट्ठि, स्त्री०, बासठ ।
द्वि-सत, नपुं०, दो सौ ।
द्वि-सत्तति, स्त्री०, बहत्तर ।
द्वि-सहस्स, नपुं०, दो हजार ।
द्विगोचर, पु०, दो जनों के बीच की बातचीत ।
द्विधा, क्रिया-विशेषण, दो तरह ।
द्विधा-पथ, पु०, सड़क का दो ओर बँट जाना ।
द्विप, पु०, हाथी ।
द्विरद, पु०, हाथी ।
द्वीह, नपुं०, दो दिन ।
द्वीहं, क्रिया-विशेषण, दो दिन में ।
द्वीह-तीहं, क्रिया-विशेषण, दो या तीन दिन में ।
द्वे, संख्यावाची, वि०, दो ।

द्वे-वाचिक, वि०, दो शब्द ही दोहराने वाला।
द्वेज्झ, नपुं०, सन्देह, विरोध।
द्वेधा, क्रिया-विशेषण, दो तरह से।
द्वेधा-पथ, पु०, सड़क का बँटवारा।
द्वेळहक, नपुं०, शक, सन्देह।

ध

धंक, पु०, कौवा।
धंसित, कृदन्त, ध्वस्त।
धज, पु०, ध्वजा।
धजग्ग, ध्वजा का सिरा।
धजालु, वि०, ध्वजाओं से सुसज्जित।
धजाहट, वि०, युद्ध में जीतकर लाया हुआ।
धजविहेठ जातक, दिन में तपस्वी, रात में बनारस के राजा की रानी के पास जाने वाले जादूगर की कथा (३९१)।
धजिनी, स्त्री०, सेना।
धञ्ञ, नपुं०, धान्य; वि०, सौभाग्य-सम्पन्न।
धञ्ञ-पिटक, नपु०; धान्य की टोकरी।
धञ्ञ-रासि, पु०, धान्य का ढेर।
धञ्ञावन्तु, वि०, सौभाग्य-सम्पन्न।
धञ्ञागार, अनाज का गोदाम।
धत, कृदन्त, धृत, धारण किया हुआ, स्मरण रखा हुआ।
धन, नपुं०, धन, दौलत।
धनग्ग, श्रेष्ठ धन।
धनत्थिक, धनार्थी, धन की इच्छा रखने वाला।
धनक्खय, पु०, धन का क्षय।
धनक्कीत, वि०, धन से खरीदा गया।
धनत्थद्ध, वि०, धन का अभिमानी।
धन-लोल, वि०, धन का लोभी।
धनवन्तु, वि०, धनवान।
धन-हेतु, क्रिया-विशेषण, धन के लिए।
धनासा, स्त्री०, धन की आशा।
धनञ्जय जातक, इन्द्रप्रस्थ का राजा पुराने योद्धाओं की ओर ध्यान न दे नये योद्धाओं का सम्मान करता था, (४१३)।
धनायति, क्रिया, धन समझता है।
धनिक, पु०, ऋणदाता।
धनित, नपुं०, आवाज; वि०, ध्वनित, आवाज किया गया।
धनी, वि०, धनवान; पु० धनी आदमी।
धनु, नपुं०, धनुष, कमान।
धनुक, नपुं०, छोटा धनुष।
धनुकार, पु०, धनुष बनाने वाला।
धनुकेतकी, पु०, केतकी।
धनुग्गह, पु०, धनुर्धारी।
धनुसिप्प, नपुं०, तीरंदाजी।
धनुपञ्चसत, नपुं०, पाँच सौ धनुष या कोस-भर का फासला।
धन्त, कृदन्त, फूंका हुआ।
धम, वि०, बजाने वाला।
धमक, वि०, बजाने वाला।
धमकरक, पु०, पानी छानने का साधन।
धमति, क्रिया, बजाता है।
धमनि, स्त्री०, नस, रग।
धमनि-संयत-गत्त, जिसके सारे शरीर

पर नसें ही नसें दिखाई दें।

धमेति, क्रिया, बजाता है।

धमापेति, क्रिया, बजवाता है।

धम्म, पु०, धर्म, सिद्धान्त, स्वभाव, सत्य, सदाचार।

धम्मक्खान, नपुं०, धर्म की व्याख्या।

धम्म-कथा, स्त्री०, धार्मिक कथा।

धम्म-कथिक, पु०, उपदेष्टा।

धम्म-कम्म, नपुं०, कानूनी कार्रवाई, विनय के अनुकूल कार्रवाई।

धम्म-काम, वि०, धर्म-प्रिय, धर्म चाहने वाला।

धम्म-काय वि०, धर्म-काय।

धम्म-क्खन्ध, पु०, धर्म-स्कन्ध।

धम्म-गण्ठिका, (धम्म-गण्डिका भी), स्त्री०, बलि-वेदी।

धम्म-गरू, वि०, धर्म का गौरव।

धम्म-गुत्त, वि०, धर्म द्वारा सुरक्षित।

धम्म-घोसक, पु०, धर्म की घोषणा करने वाला।

धम्म-चक्क, नपुं०, धर्म-चक्र।

धम्म-चक्क-पवत्तन, नपुं०, धर्म-चक्र-प्रवर्तन, धर्म-देशना।

धम्मचक्कपवत्तन-सुत्त, आषाढ़-पूर्णिमा के दिन इसिपतन के मिगदाय में पञ्च-वर्गीय भिक्षुओं को भगवान् बुद्ध द्वारा दिया गया सर्वप्रथम उपदेश।

धम्म-चक्खु, नपुं०, धर्म-चक्षु।

धम्म-चरिया, स्त्री०, धर्माचरण।

धम्मचारी, पु०, धर्मानुसार आचरण करने वाला।

धम्म-चेतिय, नपुं०, पवित्र धर्म-ग्रन्थालय।

धम्मजातक, धर्म तथा अधर्म का शास्त्रार्थ (४५७)।

धम्मजीवी, वि०, धर्मानुसार जीवन वाला।

धम्मञ्ञु, वि०, धर्मज्ञ।

धम्मट्ठ, वि०, धर्म-स्थित।

धम्मट्ठिति, स्त्री०, धर्म-स्थिति।

धम्म-तक्क, पु०, धर्म-तर्क, सही तर्क करना।

धम्मता, स्त्री०, स्वाभाविक नियम।

धम्म-दान, नपुं०, धर्म-दान।

धम्म-दायाद, वि०, धर्म का उत्तराधिकारी।

धम्म-दीप, वि०, धर्म-द्वीप।

धम्म-देसना, स्त्री०, धर्म-देशना, धर्म का उपदेश।

धम्म-देस्सी, पु०, धर्म-द्वेषी।

धम्म-धज, वि०, जो धर्म को ही ध्वजा समझे।

धम्मद्धज-जातक, बनारस-नरेश के रिश्वतखोर काळक पुरोहित तथा धर्मध्वज नामक धार्मिक पुरोहित का संघर्ष (२२०)।

धम्मद्धज जातक, धर्मध्वजी कौवे ने दूसरे पक्षियों को धोखा देकर उन सबके अण्डे-बच्चे खा डाले (३८४)।

धम्मधर, वि०, धर्म-धर।

धम्म-नियाम, पु०, प्राकृतिक नियम, स्वाभाविक नियम।

धम्मनी, पु०, गृह-सर्प।

धम्म-पण्णाकार, पुं०, धर्म-भेंट।

धम्म-पद, नपुं०, धर्म के पद्य, खुद्दक-निकाय का दूसरा ग्रन्थ। सम्भवतः यह थेरगाथा व थेरीगाथा के बाद का गाथा-संकलन है।

धम्मपद-अट्ठकथा, धम्मपद की वैसी ही अर्थ-कथा, जैसी जातक अर्थ-कथा

(जातकट्ठकथा) ।
धम्मप्पमाण, वि०, धर्म-माप ।
धम्म-भण्डागारिक, पु०, धर्म का खजान्ची, भगवान बुद्ध के निकटतम शिष्य आनन्द के लिए प्रयुक्त ।
धम्म-भेरि, स्त्री०, धर्म का ढोल ।
धम्म-रक्खित, वि०, धर्म-रक्षित ।
धम्म-रत, वि०, धर्म-रत, धर्म-प्रिय ।
धम्म-रति, स्त्री०, धर्म-प्रीति ।
धम्म-रस, पु०, धर्म-रस ।
धम्म-राजा, पुं०, धर्म-राजा, भगवान् बुद्ध के लिए प्रयुक्त ।
धम्म-लद्ध, वि०, धर्म से प्राप्त ।
धम्मवर, पु०, धर्म-श्रेष्ठ ।
धम्मवादी, वि०, धर्मानुसार बोलने वाला ।
धम्म-विचय, पु०, धर्म का चयन, धर्म-मीमांसा ।
धम्म-विदू, वि०, धर्म का जानकार ।
धम्म-विनिच्छय, पु०, धार्मिक निश्चय ।
धम्म-सङ्गणि, अभिधम्म-पिटक के सात प्रकरणों में से पहला ग्रन्थ ।
धम्म-संविभाग, पु०, धर्मानुसार बँटवारा ।
धम्म-संगीति, स्त्री०, धर्म-संगायन ।
धम्म-संगाहक, पु०, धर्म का संग्रह करने वाला ।
धम्म-समादन नपुं०, धर्म का ग्रहण।
धम्म-सवण, नपुं०, धर्म का श्रवण ।
धम्म-साकच्छा, स्त्री०, धार्मिक चर्चा ।
धम्म-सेनापति, पु०, धर्म-सेनापति, प्रायः भगवान् बुद्ध के अग्रश्रावक सारिपुत्र के लिए प्रयुक्त ।
धम्म-सोण्ड, वि०, धर्म-प्रेमी ।
धम्माधिपति, वि०, धर्म को स्वामी मानने वाला ।
धम्मानुधम्म, पु०, धर्मानुसार आचरण।
धम्मानुवत्ती, वि०, धर्मानुयायी ।
धम्माभिसमय, पुं०, धर्म की समझ ।
धम्मामतं, नपुं०, धर्म-रूपी अमृत ।
धम्मादास, पु०, धर्म-दर्पण ।
धम्माधार, वि०, धर्म ही सहारा ।
धम्मासन, नपुं०, धर्मासन ।
धम्मिक, वि०, धार्मिक, धर्मानुकूल ।
धम्मिल्ल, पु०, बालों की गाँठ ।
धम्मीकथा, स्त्री०, धार्मिक कथा ।
धर, वि०, धारण करनेवाला ।
धरण, नपुं०, भार-विशेष; वि०, धारण करने वाला ।
धरणी, स्त्री०, पृथ्वी ।
धरति, क्रिया, धारण करता है, जारी रहता है ।
धरा, स्त्री०, भूमि ।
धवं, पु०, पति, बबूल का पेड़ ।
धवल, वि०, श्वेत, स्वच्छ; पु०, श्वेत रंग ।
धात, कृदन्त, भरा-पेट, संतुष्ट ।
धातकी, स्त्री०, अग्निज्वाला ।
धाती, स्त्री०, दाई ।
धातु, स्त्री०, स्वाभाविक अवस्था, पवित्र (अस्थि) धातु, शब्द का मूल-स्वरूप, शारीरिक धातु, इन्द्रिय ।
धातु-कथा, स्त्री०, धातुओं की व्याख्या। अभिधम्मपिटक का तीसरा ग्रन्थ ।
धातु-घर नपुं०, पवित्र धातु-गृह ।
धातु-नानत्त, नपुं०, धातुओं के नाना प्रकार ।

धातु-विभाग, पु०, धातुग्रों का पृथक्-पृथक् विश्लेपण ।
धातुक, वि०, धातु की प्रकृति लिये ।
धाना, स्त्री०, भुना हुग्रा जौ ।
धार, वि०, धारण करनेवाला ।
धारक, वि०, धारण करनेवाला, पालन-पोपण करनेवाला, याद रखने वाला ।
धारण, नपुं०, धारण करना ।
धारा, स्त्री०, (जल-)धारा ।
धाराधर, पु०, बादल ।
धारित, कृदन्त, धारण किया हुग्रा ।
धारी, वि०, धारण करनेवाला ।
धारेति, क्रिया, धारण करता है ।
धारेतु, पु०, धारण करनेवाला ।
धारेन्त, कृदन्त, धारण करता हुग्रा ।
धारेसि, ग्रतीत० क्रिया, धारण किया ।
धारेत्वा, पूर्व०-क्रिया, धारण करके ।
धावति, क्रिया, दौड़ता है ।
धावन्त, कृदन्त, दौड़ता हुग्रा ।
धावि, ग्रतीत० क्रिया, दौड़ा ।
धावित, कृदन्त, दौड़ा हुग्रा ।
धाविय, पूर्व०-क्रिया, दौड़कर ।
धावित्वा, पूर्व० क्रिया, दौड़कर ।
धावन, नपुं०, दौड़ ।
धावी, वि०, दौड़ने वाला ।
धि, ग्रव्यय, धिक्कार ।
धिक्कत, वि०, घृणित ।
धिति, स्त्री०, धैर्य, सहन-शक्ति ।
धितिमन्तो, वि०, धृतिमान ।
धी, स्त्री०, बुद्धि ।
धीमन्तो, वि०, बुद्धिमान ।
धीतलिका, स्त्री०, गुड़िया ।
धीतु, स्त्री०, धी, बेटी ।
धीतु-पति, पु०, जामाता, जँवाई ।
धीयति, क्रिया, उत्पन्न होता है ।
धीयमान, कृदन्त, उत्पन्न होने वाला ।
धीर, वि०, बुद्धिमान ।
धीरत्त, नपुं०, धीरज, धीरता, धैर्य-भाव ।
धीवर, पु०, मछुग्रा ।
धुत, कृदन्त, धुना गया, हटाया गया ।
धुतङ्ग, नपुं०, तपस्वियों के व्रत-विशेप ।
धुत-धर, वि०, धुतङ्गधारी ।
धुतवादी, पु०, धुतङ्ग-ग्रभ्यासी ।
धुत्त, पु०, धूर्त ।
धुत्तक, पु०, धूर्त ।
धुत्तिका, स्त्री०, धूर्तपन ।
धुत्ती, स्त्री०, धूर्तपन ।
धुनन, नपुं०, हटाना, दूर करना, झाड़ फेंकना ।
धुनाति, क्रिया, हिलाता है, दूर करता है ।
धुनन्त, कृदन्त, धुनता हुग्रा ।
धुनितब्ब, कृदन्त, धुनने योग्य ।
धुनित्वा, पूर्व०-क्रिया, धुनकर ।
धुपित, कृदन्त, गर्म किया गया ।
धुर, नपुं०, उत्तरदायित्व ।
धुर-गाम, पु०, पड़ोसी ग्राम ।
धुरंधर, वि०, पदाधिकारी ।
धुर-निक्खेप, पु०, पद-परित्याग ।
धुर-भत्त, नपुं०, नियमित भोजन ।
धुर-वहन, नपुं०, पद-धारण ।
धुरवाही, पु०, भारवाहक पशु ।
धुर-विहार, पु०, पड़ोसी विहार ।
धुव, वि०, स्थायी ।
धुवं, क्रिया-विशेषण, ध्रुव, लगातार, सिलसिलेवार ।

धूत, देखो धुत ।
धूप, पु०, धूप (-बत्ती) ।
धूपन, नपुं०, धूप जलाना, छौंकना ।
धूपायति, क्रिया, धुआँ देता है ।
धूपायी, कृदन्त, धुआँ दिया ।
धूपायन्ति, कृदन्त, धुआँ देता हुआ ।
धूपायित, कृदन्त, धुआँ दिया हुआ ।
धूपेति, क्रि०, छौंकता है ।
धूपेसि, अतीत० क्रिया, छौंका ।
धूपित, कृदन्त, छौंका हुआ ।
धूपेत्वा, पूर्व० क्रिया, छौंककर ।
धूम, पु०, धुआँ ।
धूम-केतु, पु०, धूम-केतु तारा ।
धूम-जाल, नपुं०, धुएँ का जाल ।
धूम-नेत्त, नपुं०, धुआँ निकलने का रास्ता ।
धूम-सिख, पु०, धूम्र-शिखा, आग ।
धूमयति, क्रिया, धूम्रपान करता है, धुआँ करता है ।
धूमायति, देखो धूमयति ।
धूमायितत्त, नपुं०, धुंधला करना, अस्पष्ट करना ।
धूमायि, अतीत० क्रिया, धूम्रपान किया ।
धूलि, स्त्री०, धूल ।
धूसर, वि०, मटमैला ।
धेनु, स्त्री०, गौ ।
धेनुप, पु०, दूध पीता बछड़ा ।
धोत, कृदन्त, धोया हुआ ।
धोन, वि०, बुद्धिमान ।
धोरय्ह वि०, भार वहन करने में समर्थ ।
धोवति, क्रिया, धोता है ।
धोवन, नपुं०, धोना ।

न

न, अव्यय, नहीं ।
नकुल, पु०, नेवला ।
नकुल-जातक, साँप तथा नेवले में भी मैत्री-सम्बन्ध स्थापित होने की कथा (१६५) ।
नक्क, पु०, कछुआ ।
नक्खत्त, नपुं०, नक्षत्र ।
नक्खत्त-कीळा, स्त्री०, नक्षत्र-क्रीडा ।
नक्खत्त-पाठक, पु०, ज्योतिषी ।
नक्खत्त-योग, पु०, नक्षत्रों का योग, जन्म-पत्री ।
नक्खत्त-राज, पु०, चन्द्रमा ।
नक्खत्त-जातक, नक्षत्र के अनुसार शादी करने जाकर वर-पक्ष वालों ने अपना काम बिगाड़ा (४९) ।
नख, पु० तथा नपुं०, नाखून ।
नख-पञ्जर, पु०, पंजा ।
नखी, वि०, पंजों वाला ।
नग, पु०, पर्वत ।
नगर, नपुं०, छोटा शहर ।
नगर-गुत्तिक, पु०, नगराधिपति ।
नगर-वर, नपुं०, श्रेष्ठ नगर ।
नगर-वासी, पु०, नागरिक ।
नगर-सोधक, पु०, नगर-शोधक, शहर की सफाई करने वाला ।
नगर-सोभिनी, स्त्री०, नगर-वधू ।
नग्ग, वि०, नग्न, नंगा ।
नग्ग-चरिया, वि०, नग्न रहना ।

नग्ग-समण, वि०, नग्न-श्रमण ।
नग्गिय, नपुं०, नग्नता, नंगापन ।
नङ्गल, नपुं०, हल ।
नङ्गल-फाल, पु०, हल की फाल ।
नङ्गलीस जातक, मूर्ख विद्यार्थी हर चीज की उपमा हल की फाल से ही देता था (१२३) ।
नङ्गुट्ठ, नपुं०, पूंछ, दुम ।
नङ्गुट्ठ जातक, ब्रह्मचारी ने अग्नि-देवता को गौ की पूंछ ही अर्पित की (१४४) ।
नङ्गुल, पूंछ, दुम ।
न चिरस्सं, क्रिया-विशेषण, अचिर काल में, थोड़े समय में ।
नच्च, नपुं०, नृत्य, नाटक ।
नच्च जातक, हंस-राज ने निर्लज्ज मोर को अपनी कन्या नहीं दी (३२) ।
नच्चट्ठान, नपुं०, नृत्य-स्थान, नाटक-गृह ।
नच्चक, पु०, नाचने वाला, नाटक का पात्र ।
नच्चति, क्रिया, नाचता है ।
नच्चि, अतीत० क्रिया, नाचा ।
नच्चन्त, कृदन्त, नाचता हुआ ।
नच्चित्वा, पूर्व० क्रिया, नाचकर ।
नच्चन, नपुं०, नाचना, नाच ।
नट, पु०, नृत्यकार ।
नटक, पु०, नृत्यकार ।
नट्ट, नपुं०, नृत्य, नाटक ।
नट्टक, पु०, नृत्यकार ।
नट्ठ, कृदन्त, नष्ट हुआ ।
नत, कृदन्त, झुका हुआ ।
नति, स्त्री०, नम्रता, झुकाव ।
नत्त, नपुं०, नृत्य, नाटक ।
नत्तक, पु०, नृत्यकार ।
नत्तकी, स्त्री०, नर्तकी ।
नत्तन, नपुं०, नृत्य, नाटक ।
नत्तमाल, पु०, वृक्ष-विशेष ।
नत्तु, पु०, नाती ।
नत्थि, क्रिया, नहीं है ।
नत्थिक-दिट्ठि, नपुं०, नास्तिक मत ।
नत्थिक-वादी, पु०, नास्तिक ।
नत्थिता, स्त्री०, नास्तिकता ।
नत्थि-भाव, पु०, न होने का भाव ।
नत्थु, स्त्री०, नाक ।
नत्थु-कम्म, नपुं०, नाक की चिकित्सा, नाक के माध्यम से चिकित्सा ।
नदति, क्रिया, गर्जता है ।
नदि, अतीत० क्रिया, गर्जा ।
नदन्त, कृदन्त, गर्जता हुआ ।
नदित, कृदन्त, गर्जा हुआ ।
नदित्वा, पूर्व० क्रिया, गर्जकर ।
नदन, नपुं०, गर्जन ।
नदी, स्त्री०, नदी, दरिया ।
नदी-कूल, नपुं०, नदी-तट ।
नदी-दुग्ग, नपुं०, जहाँ पहुँचने में नदी बाधक हो ।
नदी-मुख, नपुं०, नदी का मुहाना ।
नद्ध, कृदन्त, बँधा हुआ ।
नद्धि, स्त्री०, चमड़े की रस्सी ।
नन्द थेर, शुद्धोदन तथा महाप्रजापति गौतमी की सन्तान । सिद्धार्थ गौतम का सौतेला भाई ।
नन्द, नव-नन्द नाम से प्रसिद्ध नौ राजागण ।
नन्द जातक, पिता ने अपने दास नन्द को अपने गाड़े धन की जगह बता दी

थी और कह दिया था कि पुत्र के बड़े होने पर वह उसे बता दे (३६)।

ननन्दा, स्त्री०, ननद।

ननु, अव्यय, निश्चय से।

नन्दक, वि०, खुशी देनेवाला, आनन्द-दायक।

नन्दति, क्रिया, प्रसन्न होता है।

नन्दि, अतीत० क्रिया, प्रसन्न हुआ।

नन्दित, कृदन्त, प्रसन्नचित्त।

नन्दमान, कृदन्त, प्रसन्न होता हुआ।

नन्दितब्ब, कृदन्त, प्रसन्न करने योग्य।

नन्दित्वा, पूर्व०-क्रिया, प्रसन्न करके।

नन्दन, नपुं०, प्रसन्नता, इन्द्र-नगर का उद्यान।

नन्दि, स्त्री०, मनोविनोद।

नन्दिक्खय, पु०, तृष्णा का क्षय।

नन्दि-राग, पु०, अनुराग।

नन्दि-संयोजन, नपुं०, तृष्णा का बंधन।

नन्दियमिग जातक, नन्दिय मृग की सच्चरित्रता ने उसकी तथा उसके माता-पिता की रक्षा की (३८५)।

नन्दि विसाल जातक, नन्दि विसाल वृषभ ने शर्त जीतकर अपने मालिक को धनी बनाया (२८)।

नन्धति, क्रिया, बाँधता है।

नन्धि, अतीत० क्रिया, बाँधा।

नन्धित्वा, पूर्व० क्रिया, बाँध कर।

नपुंसक, पु०, नपुंसक, पुरुषत्व-हीन।

नभ, पु० तथा नपुं०, आकाश।

नमक्कार, पु०, नमस्कार।

नमति, क्रिया, झुकता है।

नमि, अतीत० क्रिया, झुका।

नमन्त, कृदन्त, झुकता हुआ।

नमित्वा, पूर्व० क्रिया, झुककर।

नमितब्ब, कृदन्त, झुकना चाहिए।

नमस्सति, क्रिया, नमस्कार करता है।

नमस्सि, अतीत० क्रिया, नमस्कार किया।

नमस्सित्वा, पूर्व०-क्रिया, नमस्कार करके।

नमस्सिय, कृदन्त, नमस्कार करने योग्य।

नमस्सितुं, नमस्कार करने के लिए।

नमस्सन, नपुं०, नमस्कार।

नमस्सना, स्त्री०, नमस्कार।

नमुचि, पु०, नष्ट करने वाला, मृत्यु, 'मार' का नाम।

नमो, अव्यय, नमस्कार है।

नम्मदा, स्त्री०, नर्मदा नदी।

नय, पु०, क्रम, पद्धति, ढंग, ठीक परिणाम।

नयति, क्रिया, ले जाता है, मार्ग-दर्शन करता है। देखो नेति।

नयन, नपुं० आँख, ले जाना।

नयनावुध, पु०, जिसके नयन ही उसके शस्त्र हों—यमराज।

नय्हति, क्रिया, बाँधता है।

नय्हन, नपुं०, बंधन, बाँधना।

नय्हित्वा, पूर्व०-क्रिया, बाँधकर।

नर, पु०, आदमी।

नरक, नपुं०, नरक, जहन्नुम।

नर-देव, पु०, राजा।

नर-वीर, पु०, नरों में वीर, प्रायः भगवान् बुद्ध के लिए प्रयुक्त।

नर-सीह, पु०, नरों में सिंह, प्रायः

भगवान् बुद्ध के लिए प्रयुक्त ।
नराधम, पु०, अधम आदमी, नीच पुरुष ।
नरासभ, पु०, आदमियों का स्वामी, प्राय: भगवान् बुद्ध के लिए प्रयुक्त ।
नरुतम, पु०, आदमियों में श्रेष्ठ, प्रायः भगवान् बुद्ध के लिए प्रयुक्त ।
नळपान जातक, बंदरों ने सरकण्डे के माध्यम से जलाशय का पानी पिया (२०) ।
नलाट, नपुं०, ललाट, मस्तक ।
नलिनी, स्त्री०, जलाशय, कमल-जलाशय ।
नव, वि० नया, नौ ।
नव-कम्म, नपुं०, नया काम, मरम्मत ।
नव-कम्मिक, वि०, नया काम (भवन-निर्माण) कराने वाला ।
नवङ्ग, वि०, जिसके नौ हिस्से हों ।
नव-नवुति, स्त्री०, निन्नानबे ।
नवक, पु०, नवागन्तुक, तरुण, जो नया-नया संघ में प्रविष्ट हुआ हो; नपुं०, नौ जनों का समूह ।
नवकतर, वि० तरुण से भी तरुण ।
नवनीत, नपुं०, मक्खन ।
नवम, वि०, नौवां ।
नवमी, स्त्री०, चान्द्र मास की नवमी ।
नवुति, स्त्री०, नब्बे ।
नस्सति, क्रिया, नष्ट होता है, लुप्त होता है ।
नस्सि, अतीत० क्रिया, नष्ट हुआ ।
नस्सन्त, कृन्दत, नष्ट होता हुआ ।
नस्सित्वा, पूर्व०-क्रिया, नष्ट होकर ।
नस्सन, नपुं०, नाश ।
नहात, कृदन्त, स्नान किया हुआ ।
नहान, नपुं०, स्नान ।
नहानिय, नपुं०, स्नान-सामग्री ।
नहापक, पु०, नहलाने वाला ।
नहापन, नपुं०, स्नान, धोना ।
नहापित, पु०, नाई; कृदन्त, नहाया हुआ ।
नहापेति, क्रिया, नहलाता है ।
नहापेसि, अतीत० क्रिया, नहलाया ।
नहापेन्त, कृदन्त, नहाते हुए ।
नहापेत्वा, पूर्व०-क्रिया, स्नान करके ।
नहायति, क्रिया, नहाता है ।
नहायि, अतीत० क्रिया, नहाया ।
नहायन्त, कृदन्त, नहाते हुए ।
नहायित्वा, पूर्व०-क्रिया, नहाकर ।
नहायितुं, नहाने के लिए ।
नहायन, नपुं०-स्नान ।
नहारु, पु०, नस ।
नहि, अव्यय, नहीं ।
नहुत, नपुं, दस हजार ।
नळ, पुं०, सरकण्डा ।
नळकार, पुं०, टोकरी बनाने वाला ।
नळ-कलाप, पुं०, सरकण्डों का ढेर ।
नळ-मीन, पुं०, समुद्री केकड़ा ।
नळागार, नपुं०, सरकण्डों की झोंपड़ी ।
नळिनिका जातक, राजकुमारी नळिनिका को ऋषि शृंग का तप भ्रष्ट करने के लिए भेजा गया (५२६) ।
नाक, पुं०, स्वर्ग ।
नाग, पुं०, सर्प, हाथी, वृक्ष-विशेष, श्रेष्ठ, पुरुष ।
नाग-दन्त, नपुं०, हाथी दांत की कील या खूंटी ।
नाग–दीप, सिंहलद्वीप का उत्तरी भाग, वर्तमान जाफना ।

नाग-बल, वि०, हाथी के बल सदृश बल वाला।
नाग-बला, स्त्री०, गंगेरन (लता-विशेष)।
नाग-भवन, नपुं०, नागों का निवास-स्थल।
नाग-माणवक, पु०, नाग-तरुण।
नाग-माणविका, स्त्री०, नाग-तरुणी, नाग-कुमारी।
नाग-राज, पु०, नागों का राजा।
नाग-रुक्ख, पु०, नाग-वृक्ष।
नाग-लता, स्त्री०, पान की बेल।
नाग-लोक, पु०, नाग-संसार।
नाग-वन, नपुं०, नागों का वन।
नागसेन थेर, मिलिन्द राजा से शास्त्रार्थ करने वाले प्रसिद्ध नागसेन स्थविर।
नागर, वि०, नगर वाला, शहरी।
नागरिक, वि०, नगर से सम्बन्धित।
नाटक, नपुं०, ड्रामा।
नाटकित्थि, स्त्री०, नृत्य-कुमारी।
नानच्छन्द जातक, पुरोहित ने घर के लोगों से परामर्श किया कि वह राजा से क्या चीज माँगे। किसी ने किसी चीज का नाम लिया, किसी ने दूसरी चीज का। इस प्रकार नाना माँगें सामने आईं (२८९)।
नाथ, पु०, संरक्षण, संरक्षक; **लोक-नाथ**, पु०, लोकों के संरक्षक, भगवान बुद्ध के लिए प्रयुक्त नाम।
नाद, पु०, आवाज।
नानता, स्त्री०, नानत्व, विविधता।
नानत्त, नपुं०, नानत्व, विविधता।
नानत्त-काय, वि०, नाना प्रकार के शरीरों वाला।
नाना, अव्यय, अनेक, भिन्न-भिन्न।
नाना-कारण, नपुं०, अनेक कारण।
नाना-गोत्त, वि०, अनेक गोत्र।
नाना-जच्च, वि०, अनेक जातियों का।
नाना-जन, पु०, अनेक प्रकार की जनता।
नाना-तित्थिय, वि०, नाना सम्प्रदाय के लोग।
नाना-प्रकार, वि०, अनेक प्रकार।
नाना-रत्त, वि०, नाना वर्ण।
नानावाद, पु०, नानावाद।
नाना-विध, वि०, नाना प्रकार का।
नाना-संवास, वि०, जो अलग-अलग रहते हों।
नाभि (नाभी भी), स्त्री०, नाभी, पेट का मध्य-बिन्दु, चक्र का मध्य-भाग।
नाम, नपुं०, नाम, व्यक्तित्व का चैत-सिक-भाग; वि०, नाम (वाला)।
नाम-करण, नपुं०, नाम रखना।
नाम-गहण, नपुं०, नाम ग्रहण करना।
नाम-धेय (नाम-धेय्य भी), नपुं०, नाम; वि०, नाम वाला।
नाम-पद, नपुं०, नाम, संज्ञा।
नामक, वि०, नाम से, नाम मात्र का।
नामसिद्धि जातक, शिष्य अच्छा-सा नाम खोजने जाकर अपने पहले वाले नाम 'पापक' से ही संतुष्ट होकर लौट आया (९७)।
नामेति, क्रिया, झुकाता है।
नामेसि, अतीत० क्रिया, झुकाया।
नामित, कृदन्त, झुकाया गया।
नामेत्वा, पूर्व० क्रिया, झुका कर।
नायक, पु०, नेता, मार्ग-दर्शक।
नायिका, स्त्री०, मार्ग-दर्शिका।

नारङ्ग, पु०, नारंगी का पेड़ ।
नाराच, पु०, लोहे की छड़, एक प्रकार का तीर ।
नारी, स्त्री०, औरत ।
नालं, अव्यय, अपर्याप्त, प्रतिकूल ।
नालंदा, राजगृह के पास का प्रसिद्ध स्थान, जहाँ भगवान् बुद्ध कई बार ठहरे थे और जहाँ बाद की सदियों में बौद्ध विश्वविद्यालय बना ।
नाल, पु०, नालिका, नाली ।
नालागिरि, राजकीय हस्तिशाला का हाथी, जिसे देवदत्त की प्रेरणा से गौतम बुद्ध को शारीरिक हानि पहुँचाने के लिए उन पर छोड़ा गया था ।
नालि, स्त्री०, माप-विशेष ।
नालिमत्त, वि०, नालिमात्र, सिर्फ एक नालि ।
नालिका, स्त्री०, नाली ।
नालिका-यन्त, नपुं०, घड़ी ।
नालिकेर, पु०, नारियल ।
नालि-पट्ट, पु०, टोपी ।
नावा, स्त्री०, जहाज ।
नावा-तित्थ, नपुं०, नौका का पत्तन ।
नावा-संचार, पु०, नौकाओं का आना-जाना ।
नाविक, पु०, मल्लाह, माँझी ।
नाविकी, स्त्री०, मल्लाहिन, माँझी की स्त्री ।
नावुतिक, वि०, नब्बे वर्ष का ।
नास, पु०, नाश, मृत्यु ।
नासन, नपुं०, नाश करना, त्याग देना, निकाल बाहर कर देना ।
नासा, स्त्री०, नाक, नासिका ।
नासा-रज्जु, स्त्री०, नकेल ।
नासिका, स्त्री०, नाक ।
नासेति, क्रिया, नष्ट करता है, खराब कर देता है, मार डालता है ।
नासेसि, अतीत० क्रिया, नष्ट किया ।
नासित, कृदन्त, नष्ट किया हुआ ।
नासेत्वा, पूर्व०-क्रिया, नष्ट करके ।
नासितब्ब, नष्ट करने योग्य ।
निकट, नपुं०, पड़ोस; वि०, पास ।
निकट्ठ, वि०, निकृष्ट, गिरा हुआ ।
निकटि, स्त्री०, ठगी ।
निकत, वि०, कपटी ।
निकति, स्त्री०, ठगी ।
निकन्त, कृदन्त, कटा हुआ ।
निकन्तति, क्रिया, काटता है ।
निकन्ति, अतीत० क्रिया, काटा; स्त्री०, इच्छा ।
निकन्तित, कृदन्त, कटा हुआ ।
निकन्तित्वा, पूर्व०-क्रिया, काटकर ।
निकर, पु०, समूह ।
निकस, पु०, कसौटी ।
निकामना, स्त्री०, इच्छा (=निकन्ति) ।
निकामलाभी, वि०, बिना कठिनाई से प्राप्त करने वाला ।
निकामेति, क्रिया, इच्छा करता है, चाहता है ।
निकामेसि, अतीत० क्रिया, इच्छा की ।
निकामित, कृदन्त, इच्छा किया हुआ ।
निकामेन्त, इच्छा करता हुआ ।
निकाय, पु०, समूह, सम्प्रदाय, संग्रह ।
निकास, पु०, पड़ोस ।
निकिट्ठ, वि०, निकृष्ट ।
निकुञ्ज, पु० तथा नपुं०, वृक्षों तथा झाड़ियों से ढका घना स्थान ।
निकूजति, क्रिया, कूजता है ।

निकूजि, अतीत० क्रिया, शब्द किया।
निकूजित, कृदन्त, शब्द किया हुआ।
निकूजमान, कृदन्त, शब्द करता हुआ।
निकेतन, नपुं०, निवास-स्थान, घर।
निक्कङ्ख, वि०, असंदिग्ध।
निक्कड्ढन, नपुं०, बाहर खींच लाना।
निक्कण्टक, वि०, निष्कण्टक, काँटों या शत्रुओं से रहित।
निक्कद्दम, वि०, कर्दम-रहित, कीचड़-रहित।
निक्कम, पु०, प्रयत्न।
निक्करुण, वि०, करुणा-विहीन।
निक्कसाव, वि०, अपवित्रता से मुक्त।
निक्काम, वि०, कामना-रहित।
निक्कारण, वि०, बिना कारण के।
निक्कारणा, क्रिया-विशेषण, कारण-रहित।
निक्किलेस, वि०, विकार-रहित।
निक्कुज्ज, वि०, फेंका गया।
निक्कुज्जेति, क्रिया, उलट देता है।
निक्कुज्जेसि, अतीत० क्रिया, उलट दिया।
निक्कुजित, कृदन्त, उलट दिया गया।
निक्कुज्जेत्वा, पूर्व०-क्रिया, उलट कर।
निक्कुज्जिय, उलट देने योग्य।
निक्कुह, वि०, बिना ढोंग के।
निक्कोध, वि०, क्रोध-रहित।
निक्केस-सीस, पु०, गंजा सिर।
निक्ख, पु०, निकष, स्वर्ण-मुद्रा।
निक्खन्त, कृदन्त, (घर से) बाहर निकला हुआ।
निक्खम, पु०, निष्क्रमण।
निक्खमण, नपुं०, निष्क्रमण, विदाई।
निक्खमति, क्रिया, (घर से) बाहर जाता है।
निक्खमि, अतीत० क्रिया, निकला।
निक्खमन्त, कृदन्त, निकलता हुआ।
निक्खमित्वा, पूर्व०-क्रिया, निकलकर।
निक्खम्म, पूर्व० क्रिया, निष्क्रमण कर।
निक्खमितब्ब, निष्क्रमण करने योग्य।
निक्खमितुं, निष्क्रमण करने के लिए।
निक्खमनीय, पु०, सावन का महीना। इस महीने मे बच्चे को बाहर निकाल कर सूर्य का दर्शन कराया जाता है।
निक्खामेति, क्रिया, निकाल बाहर करता है।
निक्खामेसि, अतीत० क्रिया, निकाला।
निक्खामित, कृदन्त, निकाला हुआ।
निक्खामेन्त, कृदन्त, निकालता हुआ।
निक्खामेत्वा, पूर्व०-क्रिया, निकाल कर।
निक्खिक, पु०, कोषाध्यक्ष, खजांची।
निक्खित्त, कृदन्त, रखा गया।
निक्खिपति, क्रिया, एक ओर रख देता है।
निक्खिपि, अतीत० क्रिया, रखा।
निक्खिपन्त, कृदन्त, रखता हुआ।
निक्खिपित्वा, पूर्व० क्रिया, रख कर।
निक्खिपितब्ब, रखने के योग्य।
निक्खेप, पु०, निक्षेप, रख देना।
निक्खेपन, नपुं०, निक्षेपण, धर देना।
निखणति (**निखनति** भी), क्रिया, खनता है, खोदता है।
निखनि, अतीत० क्रिया, खोदा।
निखात, कृदन्त, खोदा हुआ।
निखनन्त, कृदन्त, खोदते हुए।
निखनित्वा, पूर्व०-क्रिया, खोद कर।
निखादन, नपुं०, छेनी।
निखिल, वि०, समस्त।

निगच्छति, क्रिया, अनुभव करता है, सहन करता है ।

निगण्ठ, निर्ग्रन्थ, जैन सम्प्रदाय का संन्यासी ।

निगण्ठनाथपुत्त, बुद्ध के समकालीन छह प्रसिद्ध आचार्यों में से एक । जैनों के अन्तिम तीर्थंकर वर्धमान महावीर ।

निगति, स्त्री०, भाग्य, अवस्था, आचरण ।

निगम, पु०, कस्बा ।

निगमन, नपुं०, व्याख्या, उद्धरण, दृष्टान्त ।

निगल, पु०, हाथी के पैर की जंजीर ।

निगूहति, क्रिया, ढकता है, छिपाता है ।

निगूहि, अतीत० क्रिया, छिपाया ।

निगूहित, कृदन्त, छिपाया हुआ ।

निगूळ्ह, कृदन्त, छिपाया हुआ ।

निगूहित्वा, पूर्व०-क्रिया, छिपाकर ।

निगूहन, नपुं०, छिपाना ।

निग्गच्छति, क्रिया, बाहर जाता है ।

निग्गण्ठि, वि०, ग्रन्थि-रहित ।

निग्गण्हन, नपुं०, निग्रह करना, डाटना-डपटना ।

निग्गण्हाति, क्रिया, दोपारोपण करता है, डाँटता-डपटता है ।

निग्गण्हि, अतीत० क्रिया, निग्रह किया ।

निग्गहीत, कृदन्त, निग्रह किया गया; नपुं०, अनुस्वार ।

निग्गण्हन्त, कृदन्त, निग्रह करता हुआ ।

निग्गय्ह, पूर्व०-क्रिया, निग्रह करके ।

निग्गहित्वा, पूर्व०-क्रिया, निग्रह करके ।

निग्गम, पु०, बाहर जाना, बाहर निकलना ।

निग्गमन, नपुं०, बाहर जाना, विदा होना ।

निग्गय्ह-वादी, पु०, निग्रह करने वाला, दोष दिखाने वाला ।

निग्रोध मिग जातक, निग्रोध मृग ने अपनी जान देकर भी अपने पक्ष की मृगी और उसके बच्चे की प्राण-रक्षा करनी चाही । वह सभी के प्राण बचाने में सफल हुआ (१२) ।

निग्गह, पु०, निग्रह, दोपारोपण करना ।

निग्गहेतब्ब, कृदन्त, निग्रह करने योग्य ।

निग्गाहक, पु०, निग्रह करने वाला ।

निग्गुण्डि (**निग्गुण्डी** भी), स्त्री०, बूटी-विशेष ।

निग्गुम्ब, वि०, जहाँ झाड़-झंखाड़ न हो ।

निग्घातन, नपुं०, हत्या, विनाश ।

निग्घोस, पु०, निर्घोष, चिल्लाना ।

निग्रोध, पु०, वट वृक्ष, बरगद का पेड़ ।

निग्रोध-पक्क, नपुं०, वट का पका फल ।

निग्रोध-परिमण्डल, वि०, वट का घेरा ।

निघंस, पु०, रगड़ना ।

निघंसन, नपुं०, रगड़ना ।

निघंसति, क्रिया, रगड़ता है ।

निघंसि, अतीत० क्रिया, रगड़ा ।

निघंसित, कृदन्त, रगड़ा हुआ ।

निघंसित्वा, पूर्व०-क्रिया, रगड़कर ।

निघण्डु, पु० निघंटु, पर्याय वचनों का कोश ।

निघात, पु०, मारना ।

निचय, पु०, संग्रह, धन ।

निचित, कृदन्त, संग्रहीत ।

निचुल, नपुं०, एक प्रकार का पौधा, मुचलिदो ।

निच्चं, वि०, नित्य, लगातार।
निच्चं, क्रिया-विशेषण, नित्य, सदैव, लगातार।
निच्च-कालं, क्रिया-विशेषण, सदैव।
निच्च-दान, नपुं०, स्थायी दान।
निच्च-भत्त, नपुं०, सतत भोजन-दान।
निच्च-सील, नपुं०, सतत शील-पालन, पंचशील।
निच्चता, स्त्री०, नित्यता।
निच्चम्म, वि०, चर्म-रहित।
निच्चल, वि०, निश्चल, स्थिर।
निच्चोल, वि०, निर्वस्त्र, नंगा।
निच्छय, पु०, निश्चय।
निच्छरण, नपुं०, बाहर भेजना, बाहर निकलना।
निच्छरति, क्रिया, बाहर जाता है।
निच्छरि, अतीत० क्रिया, बाहर निकला।
निच्छरित, कृदन्त, बाहर निकला हुआ।
निच्छरित्वा, पूर्व० क्रिया, बाहर निकल कर।
निच्छात, वि०, बिना भूख के।
निच्छारित, कृदन्त, प्रकट किया हुआ।
निच्छारेति, क्रिया, प्रकट करता है, बोलता है।
निच्छारेत्वा, पूर्व० क्रिया, प्रकट करके।
निच्छारेसि, अतीत० क्रिया, प्रकट किया, बोला।
निच्छित, कृदन्त, निश्चित, विचारित, मीमांसित।
निच्छनाति, क्रिया, विचार करता है, विमर्षण करता है।
निज, वि०, स्वकीय, अपना।
निज-देस, पु०, अपना देश।
निज्जट, वि०, सुलझा हुआ।
निज्जर, वि०, जरा-रहित, ह्रास-रहित, जिसे बुढ़ापा न व्यापे।
निज्जरेति, क्रिया, नष्ट करता है, विनाश करता है।
निज्जिण्ण, कृदन्त, जरा-प्राप्त, ह्रास-प्राप्त।
निज्जिव्ह, वि०, जिह्वा-विहीन, बिना जीभ के; पु०, जंगली मुर्गा।
निज्जीव, वि०, निर्जीव।
निज्झान, नपुं०, अन्तर्दृष्टि।
निज्झायति, क्रिया, ध्यान लगाता है।
निट्ठा, स्त्री०, अन्त, सारांश, निष्ठा।
निट्ठाति, क्रिया, समाप्त होता है, समाप्त करता है।
निट्ठान, नपुं०, समाप्ति।
निट्ठासि, अतीत० क्रिया, समाप्त किया।
निट्ठापित, कृदन्त, पूरा कराया हुआ।
निट्ठापेति, क्रिया, पूरा कराता है, समाप्त कराता है।
निट्ठापेत्वा, पूर्व० क्रिया, पूरा करके।
निट्ठापेन्त, कृदन्त, पूरा करता हुआ।
निट्ठापेसि, अतीत० क्रिया, पूरा कराया, समाप्त कराया।
निट्ठित, कृदन्त, समाप्त, सम्पूर्ण।
निट्ठुभति, क्रिया, थूकता है।
निट्ठुभन, नपुं०, थूकना, थूक।
निट्ठुभि, अतीत० क्रिया, थूका।
निट्ठुभित, कृदन्त, थूका हुआ।
निट्ठुभित्वा, थूक करके।
निट्ठुर, वि०, निष्ठुर, कठोर,

निर्दयी ।

निट्ठुरिय, नपुं०, निष्ठुरता, निर्दयता।

निड्ड, नपुं०, नीड़, घोंसला, विश्राम-स्थल ।

निड्डेति, क्रिया, घास-पात हटाता है।

निण्णय, पु०, निर्णय।

नितम्ब, पु०, चूतड़, पर्वत का किनारा।

नित्तण्ह, वि०, तृष्णा-रहित।

नित्तल, वि०, गोल।

नित्तिण्ण, कृदन्त, पार हुआ, उत्तीर्ण हुआ।

नित्तुदन, नपुं०, घोंपना, चुभाना।

नित्तेज, वि०, तेज-रहित।

नित्थरण, नपुं०, पार हो जाना, तर जाना, समाप्ति।

नित्थरति, क्रिया, पार होता है।

नित्थरि, अतीत० क्रिया, पार हुआ।

नित्थरित, कृदन्त, पार हुआ।

नित्थरित्वा, पूर्व० क्रिया, पार होकर।

नित्थुनन, नपुं०, कराहना।

नित्थुनाति, क्रिया, कराहता है।

नित्थुनन्त, कृदन्त, कराहता हुआ।

नित्थुनि, अतीत० क्रिया, कराहा।

नित्थुनित्वा, पूर्व० क्रिया, कराह करके।

निदस्सन, नपुं०, उदाहरण, साक्षी, तुलना।

निदस्सित, कृदन्त, दरसाया हुआ।

निदस्सिय, पूर्व० क्रिया, दरसाकर।

निदस्सितब्ब, दरसाने योग्य।

निदस्सेति, क्रिया, दरसाता है।

निदस्सेसि, अतीत० क्रिया, दरसाया।

निदस्सेत्वा, पूर्व० क्रिया, दरसा करके।

निदहति, क्रिया, खज़ाना गाड़ता है।

निदहि, अतीत० क्रिया, खज़ाना गाड़ा।

निदहित, कृदन्त, निहित, खज़ाना गाड़े हुए।

निदहित्वा, पूर्व० क्रिया, खज़ाना गाड़ कर।

निदाघ, पु०, सूखा, ग्रीष्म-काल, गरमी।

निदान, नपुं०, मूल, कारण, उत्पत्ति।

निदान-कथा, जातकट्ठकथा का आरंभिक अंश (भूमिका)।

निद्दय, वि०, निर्दय।

निद्दर, वि०, दुख-रहित, भय-रहित।

निद्दा, स्त्री०, निद्रा, नींद।

निद्दारामता, स्त्री०, निद्रा-प्रियता।

निद्दालु, वि०, निद्रालु।

निद्दासीली, वि०, निद्रालु।

निद्दायति, क्रिया, सोता है।

निद्दायन, नपुं०, सोना।

निद्दायन्त, कृदन्त, सोता हुआ।

निद्दायि, **निद्दायित्वा**, पूर्व० क्रिया, सोकर।

निद्दिट्ठ, कृदन्त, निर्दिष्ट, निर्देश किया हुआ।

निद्दिसति, क्रिया, निर्देश करता है।

निद्दिसि, अतीत० क्रिया, निर्देश किया।

निद्दिसितब्ब, निर्देश करने योग्य।

निद्दिसित्वा, पूर्व० क्रिया, निर्देश करके।

निद्दुक्ख, वि०, दुख-रहित।

निद्देस, पु०, विश्लेषणात्मक व्याख्या, खुद्दक निकाय के अन्तर्गत गिना जाने वाला एक टीका-ग्रन्थ।

निद्दोस, वि०, निर्दोष, निर्मल।

निद्धन, वि०, निर्धन ।
निद्धन्त, कृदन्त, फूंक मारते हुए ।
निद्धमति, फूंक मारता है, बाहर निकालता है ।
निद्धमि, अतीत० क्रिया, फूंक मारी ।
निद्धमित्वा, पूर्व० क्रिया, फूंक मारकर ।
निद्धमन, नपुं०, नाली, नहर ।
निद्धमन-द्वार, नपुं०, तालाब के पानी का निकास ।
निद्धारण, नपुं०, निश्चित करना ।
निद्धारित, कृदन्त, निश्चित किया हुआ ।
निद्धारेति, क्रिया, निश्चय करता है ।
निद्धारेसि, अतीत० क्रिया, निश्चित किया ।
निद्धारेत्वा, पूर्व० क्रिया, निश्चित करके ।
निद्धुनन, नपुं०, धुनना ।
निद्धुनाति, क्रिया, धुनता है ।
निद्धुनि, अतीत० क्रिया, धुना ।
निद्धुनित्वा, पूर्व० क्रिया, धुनकर ।
निद्धोत, कृदन्त, धोया हुआ, साफ किया हुआ, तेज किया हुआ ।
निधन, पु० तथा नपुं०, मृत्यु, मौत ।
निधान, नपुं०, छिपा खज़ाना ।
निधापित, कृदन्त, रखवाया हुआ ।
निधापेति, क्रिया, रखवाता है, गड़वाता है ।
निधापेसि, अतीत० क्रिया, रखवाया, गड़वाया ।
निधाय, पूर्व० क्रिया, रखकर, गाड़कर ।
निधि, पु०, छिपा खजाना ।
निधि-कुम्भि, स्त्री०, ख़ज़ाने का घड़ा ।
निधीपति, क्रिया, रखवाता है, गड़वाता है ।
निधेति, क्रिया, रखता है, गाड़ता है ।
निधेसि, अतीत० क्रिया, गाड़ा ।
निन्दति, क्रिया, निन्दा करता है ।
(**निन्दि, निन्दित, निन्दन्त, निन्दित्वा, निन्दितब्ब**) ।
निन्दन, नपुं०, अपमान, अगौरव ।
निन्दना, स्त्री०, अपमान, अगौरव ।
निन्दिय, वि०, निन्दनीय ।
निन्न, वि०, निम्न; नपुं०, निम्न भूमि ।
निन्नता, स्त्री०, निम्नता ।
निन्नगा, स्त्री० नदी ।
निन्नहुत, नपुं०, संख्या-विशेष ।
निन्नाद, पु०, स्वर-माधुर्य, लय, राग ।
निन्नादी, वि०, ऊँची आवाज़ वाला ।
निन्नामेति, क्रिया, झुकता है ।
(**निन्नामेसि, निन्नामेत्वा, निन्नामित**) ।
निन्निमित्त, नपुं०, इच्छानुसार ।
निन्नेजक, पु०, धोबी ।
निन्नेतु, पु०, निर्णय करने वाला, निर्णायक ।
निपक, वि०, दक्ष, बुद्धिमान ।
निपच्च, पूर्व० क्रिया, गिरकर ।
निपच्चाकार, पु०, नम्रता ।
निपज्ज, पूर्व० क्रिया, लेटकर ।
निपज्जति, क्रिया, लेटता है ।
(**निपज्जि, निपन्न, निपज्जन्त, निपज्ज, निपज्जिय, निपज्जित्वा**) ।
निपज्जन, नपुं०, लेटना ।
निपठ, पु०, पाठ ।
निपाठ, पु०, पढ़ना ।
निपतति, क्रिया, गिरता है ।
(**निपति, निपतित, निपतित्वा**) ।

निपन्न, कृदन्त, लेटा ।

निपात, पु०, गिरना, उतरना, अव्यय-प्रत्यय ।

निपातन, नपुं०, गिरना, नीचे गिरना ।

निपाती, वि०, गिरने वाला, सोने वाला ।

निपातेति, क्रिया, गिरने देता है, गिराता है ।
(निपातेसि, निपातित, निपातेन्त, निपातेत्वा) ।

निपान, नपुं०, पशुओं की जल पीने की जगह ।

निपुण, वि०, दक्ष, होशियार ।

निपक्क, वि०, उबला हुआ ।

निप्पदेस, वि०, सर्व-व्यापक ।

निप्पपञ्च, वि०, प्रपञ्च-रहित ।

निप्पभ, वि०, निष्प्रभ ।

निप्परियाय, वि०, बिना किसी भेद के ।

निप्पलाप, वि०, प्रलाप-रहित ।

निप्पाप, वि०, निष्पाप ।

निप्पाव, पु०, सूप, छाज ।

निप्पितिक, वि०, पिता-विहीन ।

निप्पीळन, नपुं०, पीड़ना, दबाना, निचोड़ना ।

निप्पीळेति, क्रिया, निचोड़ता है ।
(निप्पीळेसि, निप्पीळित, निप्पीळेत्वा) ।

निप्पुरिस, वि०, पुरुष-विहीन, स्त्रियाँ ही स्त्रियाँ ।

निप्पोथन, नपुं०, पीटना ।

निप्फज्जति, क्रिया, निष्पादन करता है, देखो निप्पज्जति ।
(निप्फज्जि, निप्फन्न, निप्फज्जमान, निप्फज्जित्वा) ।

निप्फज्जन, नपुं०, परिणाम, प्रभाव, प्राप्ति ।

निप्फत्ति स्त्री०, निष्पत्ति, प्राप्ति ।

निप्फल, वि०, निष्फल ।

निप्फादक, वि०, निष्पादक, उत्पन्न करने वाला ।

निप्फादन, नपुं०, उत्पत्ति ।

निप्फादेति, क्रिया, उत्पन्न करता है ।
(निप्फादेसि, निप्फादित, निप्फादेन्त, निप्फादेत्वा) ।

निप्फादेतु, पु०, उत्पन्न करने वाला, उत्पादक ।

निप्फोटन, नपुं०, पीटना ।

निप्फोटेति, क्रिया, पीटता है ।
(निप्फोटेसि, निप्फोटित, निप्फोटेन्त, निप्फोटेत्वा) ।

निबद्ध, वि०, नियमित, लगातार ।

निबन्ध, पु०, बंधन ।

निबन्धन, नपुं०, बंधन ।

निबन्धति, क्रिया, बाँधता है, प्रेरित करता है ।
(निबन्धि, निबद्ध, निबद्धित्वा) ।

निब्बट्ट, वि०, बिना बीज क ।

निब्बट्टेति, क्रिया, हटाता है ।
(निब्बट्टेसि, निब्बट्टित, निब्बट्टेत्वा) ।

निब्बत्त, कृदन्त, जिसका पुनर्जन्म हुआ हो ।

निब्बत्तक, वि०, उत्पन्न करने वाला ।

निब्बत्तनक, वि०, उत्पादक ।

निब्बत्तति, क्रिया, उत्पन्न होता है, परिणत होता है, जन्म ग्रहण करता है ।
(निब्बत्ति, निब्बत्त, निब्बत्तन्त, निब्बत्तित्वा)

निब्बत्तन, नपुं०, उत्पत्ति ।
निब्बत्ति, स्त्री०, जन्म-ग्रहण, प्रकट होना ।
निब्बत्तापन, नपुं०, पुनर्जन्म ।
निब्बत्तेति, क्रिया, उत्पन्न करता है ।
(**निब्बत्तेसि, निब्बत्तित, निब्बत्तेन्त, निब्बत्तेतब्ब, निब्बत्तेत्वा**) ।
निब्बन, वि०, तृष्णा-रहित, वन-रहित ।
निब्बनथ, वि०, तृष्णा-मुक्त ।
निब्बसन, वि०, निर्वसन, बिना वस्त्र के ।
निब्बाति, क्रिया, बुझ जाता है, ठण्डा पड़ जाता है, उत्तेजना-रहित हो जाता है ।
(**निब्बायि, निब्बुत, निब्बायन्त, निब्बायित्वा**) ।
निब्बान, नपुं०, निर्वाण, (अग्नि का) बुझ जाना, मोक्ष ।
निब्बान-गमन, वि०, निर्वाण-गामी ।
निब्बान-धातु, स्त्री०, निर्वाण-क्षेत्र ।
निब्बान-पत्ति, स्त्री०, निर्वाण-प्राप्ति ।
निब्बान-सच्छिकिरिया, स्त्री०, निर्वाण का साक्षात् करना ।
निब्बान-सम्पत्ति, स्त्री०, निर्वाण की प्राप्ति ।
निब्बानाभिरत, वि०, निर्वाण-प्राप्ति में अनुरक्त ।
निब्बापन, नपुं०, शान्त होना, बुझना ।
निब्बापेति, क्रिया, बुझा देता है ।
(**निब्बापेसि, निब्बापित, निब्बापेन्त, निब्बापेत्वा**) ।
निब्बायति, क्रिया, निर्वाण-प्राप्त होता है ।
निब्बायितुं, निर्वाण प्राप्त करने के लिए ।
निब्बाहन, नपुं०, हटाना; वि०, बाहर किये हुए, बाह्य-कृत ।
निब्बिकार, वि०, निर्विकार, अपरिवर्तनशील ।
निब्बिचिकिच्छ, वि०, सन्देह-रहित ।
निब्बिज्ज, कृदन्त, निर्वेद-प्राप्त ।
निब्बिज्जति, क्रिया, निर्वेद प्राप्त करता है ।
(**निब्बिज्जि, निब्बिन्न, निब्बिज्जित्वा**) ।
निब्बिज्झति, क्रिया, बींधता है ।
(**निब्बिज्झि, निब्बिद्ध**) ।
निब्बिदा, स्त्री०, निर्वेद ।
निब्बिन्दति, क्रिया, निर्वेद-प्राप्त होता है ।
(**निब्बिन्दि, निब्बिन्न, निब्बिन्दित्वा**) ।
निब्बिस, नपुं०, मजदूरी; वि०, निर्विष ।
निब्बिसेस, वि०, समान, एक जैसा ।
निब्बुति, स्त्री०, शान्ति, सुख ।
निब्बुय्हति, क्रिया, तैरता है ।
निब्बेठन, नपुं०, उधेड़ना, व्याख्या ।
निब्बेठेति, क्रिया, उधेड़ता है ।
(**निब्बेठेसि, निब्बेठित, निब्बेठेत्वा**) ।
निब्बेध, पु०, घुसाना, घुसेड़ना ।
निब्बेमतिक, वि०, एकमत ।
निब्भय, वि०, निर्भय ।
निब्भोग, वि०, व्यर्थ, बेकार ।
निभ, वि०, समान ।
निभा, स्त्री०, प्रकाश, चमक-दमक ।
निभाति, क्रिया, चमकता है ।
निभासि, अतीत० क्रिया, चमका ।
निमन्तक, वि०, निमंत्रण देने वाला ।

निमन्तन, नपुं०, निमंत्रण ।

निमन्तेति, क्रिया, निमंत्रण देता है । (**निमन्तेसि, निमन्तित, निमन्तेत्वा, निमन्तिय, निमन्तेन्त**) ।

निमि जातक, सिर का सफेद बाल दिखाई देने पर अपने अनेक पूर्वजों की तरह निमि राजा ने भी सिंहासन का त्याग कर दिया (५४१) ।

निमित्त, नपुं०, चिह्न, शकुन, कारण ।

निमित्तग्गाही, वि०, ऊपरी चिह्नों से आकर्षित ।

निमित्त-पाठक, पु०, शकुनों की व्याख्या करने वाला, भविष्य-वक्ता ।

निमिनाति, क्रिया, आदान-प्रदान करता है ।
(**निम्मिनि, निमिनित, निमिनित्वा**) ।

निमिस, (**निमेस** भी), पु०, आंख का झपकना ।

निमिसति, क्रिया, आंख झपकता है, आंख मारता है ।

निमीलेति, आंख झपकता है, आंख बंद करता है ।
(**निमीलेसि, निमीलित, निमीलेत्वा**) ।

निमीलन, नपुं०, आंख झपकाना, आंख मारना ।

निमुज्ज, कृदन्त, डुबकी लगाई हुई ।

निमुज्जति, क्रिया, डुबकी लगाता है ।
(**निमुज्जि, निमुज्जित्वा, निमुज्जितुं**) ।

निमुज्जा, स्त्री०, डुबकी मारना, डुबकी ।

निमुज्जन, नपुं०, डुबकी लगाना ।

निमेस, पु०, देखो निमिस ।

निम्ब, पु०, नीम का वृक्ष ।

निम्मक्खिक, वि०, मक्खी-रहित ।

निम्मज्जन, नपुं०, निचोड़ना ।

निम्मथन, नपुं०, पीसना ।

निम्मथति, क्रिया, पीस डालता है ।
(**निम्मथि, निम्मथित, निम्मथित्वा**) ।

निम्मथेति, क्रिया, पीस डालता है, दबा देता है ।

निम्मद्दन, नपुं०, मर्दित करना, दबा देना ।

निम्मल, वि०, निर्मल ।

निम्मंस, वि०, मांस-रहित ।

निम्मात-पितिक, वि०, अनाथ, माता-पिता रहित ।

निम्मातिक, वि०, माता-विहीन ।

निम्मातु, पु०, निर्माण करने वाला, रचयिता ।

निम्माण, नपुं०, रचना, कृति ।

निम्मान, नपुं०, रचना, कृति; वि०, मान-रहित ।

निम्मित, कृदन्त, निर्मित ।

निम्मिणाति, (**निम्मिनाति** भी), क्रिया, उत्पन्न करता है, निर्माण करता है, रचता है ।
(**निम्मिणि, निम्मिणन्त, निम्मिणित्वा, निम्माय**) ।

निम्मूल, वि०, निर्मूल ।

निम्मोक, पु०, साँप की केंचुल ।

निय, नियक, वि०, स्वकीय, अपना ।

नियत, वि०, निश्चित, स्थिर ।

नियति, स्त्री, भाग्य, किस्मत, आवश्यकता ।

नियम, पु०, मर्यादा, निश्चित होना, स्थिर होना ।

नियमन, नपुं०, स्थिरता, नियमाधीन होना।
नियमेति, क्रिया, नियमित करता है। (**नियमेसि, नियमित, नियमेत्वा**)।
नियाम, पु०, नियम होना, तरीका।
नियामता, स्त्री०, नियमित होना।
नियामक, पु०, जहाज़ का कप्तान, सेनापति, नियम में चलाने वाला।
नियुज्जति, क्रिया, नियुक्त होता है, कार्य-रत होता है।
नियुञ्जि, अतीत० क्रिया, कार्य-रत हुआ।
नियुत्त, कृदन्त, नियुक्त।
नियोग, पु०, आज्ञा, हुक्म, आवश्यकता।
नियोजन, नपुं०, नियुक्त करना, आज्ञा देना।
नियोजित, कृदन्त, प्रतिनिधि।
नियोजेति, क्रिया, नियुक्त करता है, प्रेरित करता है। (**नियोजेसि, नियोजेन्त, नियोजेत्वा**)।
निय्यति, (**नीयति** भी), क्रिया, ले जाया जाता है।
निय्यातन, नपुं०, समर्पण, सौंपना।
निय्याति, क्रिया, बाहर जाता है। (**निय्यासि, निय्यात**)।
निय्यातु, पु०, नेता, मार्गदर्शक, बाहर जाने वाला।
निय्यातेति (**निय्यादेति, नीयादेति** भी), क्रिया, सौंपता है, समर्पित करता है। (**निय्यातेसि, निय्यातित, निय्यादित, निय्यातेत्वा, निय्यादेत्वा**)।
निय्यान, नपुं०, बहिर्गमन, विदाई, मुक्ति।
निय्यानिक, वि०, मुक्ति की ओर अग्रसर करने वाला।
निय्यास, पु०, पेड़ों से निकलने वाला रस, गोंद आदि।
निय्यूह, पु०, शिखर, द्वार।
निरंकरोति, (**निराकरोति** भी), क्रिया, तिरस्कार करता है, उपेक्षा करता है। (**निरंकरि, निरंकत, निरंकत्वा**)।
निरग्गल, वि०, बाधा-रहित, मुक्त।
निरत, वि०, लगा हुआ।
निरत्थ, वि०, निरर्थक।
निरत्थक, वि०, निरर्थक।
निरन्तर, वि०, लगातार।
निरन्तरं, क्रिया-विशेषण, लगातार।
निरपराध, वि०, निर्दोष।
निरपेक्ख, वि०, अपेक्षा-रहित, जिसको परवाह न हो।
निरब्बुद, वि०, बाधा-रहित, दुख-रहित, एक विशाल संख्या, निरय-विशेष।
निरय, पु०, नरक।
निरय-गामी, वि०, नरक-गामी।
निरय-दुक्ख, नपुं०, नरक का दुख।
निरय-पाल, पु०, नरक का अधिपति।
निरय-भय, नपुं०, नरक का भय।
निरय-संवत्तनिक, वि०, नरक की ओर ले जाने वाला।
निरवसेस, वि०, सम्पूर्ण।
निरसन, वि०, निराहार।
निरस्साद, वि, बे-स्वाद।
निराकति, स्त्री०, दूर करना।
निराकुल, वि०, उलझन-रहित, बाधा-

रहित ।
निरातङ्क, वि०, रोग-रहित, स्वस्थ ।
निरामय, वि०, निरोग ।
निरामिस, वि०, मांस-रहित, अभौतिक ।
निरारम्भ, वि०, बिना पशुओं की हत्या किये ।
निरालम्ब, वि०, निराधार ।
निरालय, वि०, आसक्ति-रहित, गृह-रहित ।
निरास, वि०, आशा-रहित, इच्छा-रहित ।
निरासङ्क, वि०, शंका-रहित ।
निरासंस, वि०, इच्छा-रहित, आशा-रहित ।
निरासव, वि०, आसव-रहित, चित्त-मैल रहित ।
निराहार, वि०, आहार-रहित, व्रती ।
निरिन्धन, वि०, ईंधन-रहित ।
निरुज्झति, वि०, निरोध को प्राप्त होता है ।
(**निरुज्झि, निरुद्ध, निरुज्झित्वा**) ।
निरुज्झन, नपुं०, निरोध ।
निरुत्तर, वि०, उत्तर-विहीन, सर्वोत्तम ।
निरुत्ति, स्त्री०, निरुक्त-शास्त्र, बोली, व्याकरण सम्बन्धी विश्लेषण ।
निरुत्ति-पटिसम्भिदा, निरुक्त का ज्ञान ।
निरुदक, वि०, जल-रहित ।
निरुद्ध, कृदन्त, निरोध को प्राप्त हुआ ।
निरुपद्दव, वि०, उपद्रव-रहित ।
निरुपधि, वि०, राग-रहित, आसक्ति-रहित ।
निरुपम, वि०, उपमा-रहित ।
निरुस्सास, वि०, आश्वास-प्रश्वास-रहित ।
निरुस्सुक, वि०, औत्सुक्य-रहित, उपेक्षा-युक्त ।
निरोग, वि०, स्वस्थ ।
निरोज, वि०, स्वाद-रहित, बे-मज़ा ।
निरोध, पु०, पुनरुत्पत्ति का रुक जाना ।
निरोध-धम्म, वि०, निरोध-स्वभाव ।
निरोध-समापत्ति, विज्ञान के निरुद्ध होने की स्थिति ।
निरोधेति, क्रिया, निरोध को प्राप्त करता है ।
(**निरोधेसि, निरोधित, निरोधेत्वा**) ।
निलय, पु०, घर, निवास-स्थान ।
निलीयति, क्रिया, छिपता है ।
(**निलीयि, निलीन, निलीयित्वा**) ।
निल्लज्ज, वि०, निर्लज्ज, बेशरम ।
निल्लेहक, वि०, चाटने वाला ।
निल्लोप, पु०, लूटना, डाका डालना ।
निवत्त, कृदन्त, रुक जाना ।
निवत्तति, क्रिया, रुक जाता है, लौट पड़ता है ।
(**निवत्ति, निवत्तन्त, निवत्तित्वा, निवत्तितुं**) ।
निवत्तन, नपुं०, रुकना, वापिस होना ।
निवत्ति, स्त्री०, रुकना, वापिस होना ।
निवत्तेति, क्रिया, रोकता है, लौटाता है ।
(**निवत्तेसि, निवत्तित, निवत्तेन्त, निवत्तेत्वा**) ।
निवत्थ, कृदन्त, वस्त्र पहने हुए ।
निवसति, क्रिया, रहता है, वास करता है ।

(निवसि, निवुत्थ, निवसन्त निवसित्वा)।
निवह, पु०, ढेर, संग्रह।
निवातक, नपुं०, सुरक्षित स्थान।
निवातवुत्ति, वि०, विनम्र।
निवाप, पु०, पशुओं का आहार, श्राद्ध।
निवारण, नपुं०, रोकना।
निवारिय, वि०, रोकने योग्य।
निवारेति, क्रिया, रोकता है।
(निवारेसि, निवारित, निवारेत्वा)।
निवारेतु, पु०, रोकने वाला।
निवास, पु०, रहना, रहने की जगह।
निवास-भूमि, स्त्री०, रहने की जगह।
निवासन, नपुं०, अन्तर्वसन, अन्दर पहनने का कपड़ा, रहने की जगह।
निवासिक, पु०, रहने वाला।
निवासेति, क्रिया, वस्त्र पहनता है।
(निवासेसि, निवासित, निवत्थ, निवासेन्त, निवासित्वा)।
निविट्ठ, कृदन्त, स्थिर हुआ।
निविसति, क्रिया, घुसता है, रुकता है।
निवुत, कृदन्त, घिरा हुआ।
निवुत्थ, कृदन्त, रहा हुआ।
निवेदक, वि०, निवेदन करने वाला।
निवेदेति, क्रिया, निवेदन करता है।
(निवेदेसि, निवेदित, निवेदित्वा, निवेदिय)।
निवेस, पु०, निवास-स्थल, घुसना, रुकना।
निवेसन, नपुं०, घर, घुसना।
निवेसेति, क्रिया, स्थापित करता है, घुसाता है, निर्धारित करता है।
(निवेसेसि, निवेसित, निवेसित्वा)।
निसग्ग, पु०, देना, प्रकृति, निसर्ग।
निसज्ज, पूर्व० क्रिया, बैठकर।
निसज्जा, स्त्री०, बैठना, बैठने का अवसर, बैठने की जगह, सीट।
निसद, पुं०, चक्की (विशेषतः चक्की का निचला पाट)।
निसद-पोत, पु०, चक्की का ऊपर का पाट।
निसभ, पु०, वृषभ।
निसम्म, पूर्व० क्रिया तथा क्रिया-विशेषण, विचार करके।
निसम्मकारी, वि०, सोच-विचारकर करने वाला।
निसा, स्त्री०, निशा, रात्रि।
निसाकर, पु०, चन्द्रमा।
निसाण, पु०, सान चढ़ाने का पत्थर, सिल्ली।
निसाद, सात स्वरों में से एक, एक गैर-आर्य जाति-विशेष, चोर-डाकू।
निसानाथ, पु०, चन्द्रमा।
निसामक, वि०, द्रष्टा, दर्शक, ध्यान लगाकर सुनने वाला।
निसामन, नपुं०, देखना तथा सुनना।
निसामेति, क्रिया, सुनता है।
(निसामेसि, निसामित, निसामेन्त, निसामेत्वा)।
निसित, वि०, तेज।
निसिन्न, कृदन्त, बैठा हुआ।
निसिन्नक, वि०, बैठा हुआ।
निसीथ, पु०, मध्य-रात्रि।
निसीदति, क्रिया, बैठता है।
(निसीदि, निसीदितब्ब, निसीदित्वा, निसीदिय)।

निसीदन, नपुं०, बैठना, बैठने की चटाई वगैरह।
निसीदापन, नपुं०, बैठाना।
निसीदापेति, क्रिया, बैठाता है।
(**निसीदापेसि, निसीदापित, निसीदापेत्वा**)।
निसूदन, नपुं०, हत्या करना।
निसेध, पु०, रोक-थाम।
निसेधक, वि०, निषेध करने वाला।
निसेधेति, क्रिया, निषेध करता है।
(**निसेधेसि, निसेधित, निसेधेन्त, निसेधेत्वा**)।
निसेवति, क्रिया, संगति करता है।
(**निसेवि, निसेवित, निसेवित्वा**)।
निसेवन, नपुं०, संगति करना, उपयोग करना, अभ्यास करना।
निस्सग्ग, पु०, परित्याग।
निस्सग्गिय, वि०, परित्याग करने योग्य।
निस्सङ्ग, वि०, संग-रहित।
निस्सज्जति, क्रिया, ढीला छोड़ता है, त्याग देता है, देता है।
(**निस्सज्जि, निस्सट्ठ, निस्सज्ज, निस्सज्जित्वा**)।
निस्सट्ठ, कृदन्त, बाहर निकला हुआ, दिया हुआ, परित्यक्त।
निस्सत्त, वि०, सत्त्व(प्राणी)-विहीन।
निस्सद्द, वि०, निःशब्द, शान्त।
निस्सन्द, पु०, परिणाम, रिसना।
निस्सय, पु०, आश्रय, संरक्षण।
निस्सयति, क्रिया, आश्रय ग्रहण करता है, सहारा लेता है।
निस्सरण, नपुं०, बाहर जाना, विदाई।
निस्सरति, क्रिया, विदा होता है।
(**निस्सरि, निस्सट, निस्सरित्वा**)।
निस्साय, अव्यय, उसके द्वारा, उससे।
निस्सार, वि०, सार-रहित।
निस्सारज्ज, वि०, विश्वस्त, दावे के साथ।
निस्सारण, नपुं०, बाहर निकालना।
निस्साव, पु०, चावल का माँड़।
निस्सित, कृदन्त, आश्रित।
निस्सितक, वि०, आश्रय ग्रहण करने वाला, अनुयायी, शिष्य।
निस्सिरीक, वि०, अभाग्यपूर्ण, दुखी, वैभव-हीन।
निस्सेणि (**निस्सेणी** भी), स्त्री०, सीढ़ी।
निस्सेस, वि०, सम्पूर्ण।
निस्सेसं, वि०, सम्पूर्ण रूप से।
निस्सोक, वि०, शोक-रहित।
निहत, कृदन्त, निरहकारी, जिसकी मान-मर्यादा कुचल दी गई हो।
निहतमान, वि०, विनम्र।
निहनति, क्रिया, जान से मार डालता है।
(**निहनि, निहंत्वा**)।
निहीन, वि०, नीच, तुच्छ, थोड़ा, महत्त्वहीन।
निहीन-कम्म, नपुं०, नीच-कर्म, पाप-कर्म।
निहीन-पञ्ञ, वि०, दुर्बुद्धि।
निहीन-सेवी, वि०, कुसंगति में रहने वाला।
निहीयति, क्रिया, नाश को प्राप्त होता है।
(**निहीयि, निहीन, निहीयमान**)।

नीघ, पु०, दुख, अव्यवस्था ।
नीच, वि०, निकृष्ट ।
नीचकुल, नपुं०, नीच जाति ।
नीचकुलीनता, स्त्री०, नीच कुल में जन्म ग्रहण करने का भाव ।
नीचासन, नपुं०, नीचा आसन ।
नीत, कृदन्त, ले जाया गया ।
नीतत्थ, पु०, अनुमानित अर्थ ।
नीति, स्त्री०, कानून, मार्ग दर्शन ।
नीति-सत्थ, नपुं०, नीति-शास्त्र ।
नीप, पु०, कदम्ब-वृक्ष ।
नीयति, क्रिया, ले जाया जाता है ।
नीयाति, देखो निय्याति ।
नीर, नपुं०, जल ।
नील, वि०, नीला ।
नील-कसिण, नपुं०, ध्यान लगाने के लिए नील-वर्ण गोलाकार ।
नील-गीव, नपुं०, नील-ग्रीवा, मोर ।
नील-मणि, पु०, नीलम ।
नील-वण्ण, वि०, नील-वर्ण, नीले रंग का ।
नील-वल्ली, स्त्री०, नील-वर्ण लता ।
नील-सप्प, पु०, नीला साँप ।
नीलिनी, **नीली**, स्त्री०, नील का पौधा ।
नीलुप्पल, नपुं०, नील कमल ।
नीवरण, नपुं०, बाधा ।
नीवार, पु०, धान्य-विशेष ।
नीहट, कृदन्त, बाहर निकला हुआ ।
नीहरण, नपुं०, बाहर निकालना ।
नीहरति, क्रिया, बाहर ले जाता है । (**नीहरि**, **नीहरन्त**, **नीहरित्वा**) ।
नीहार, पु०, बाहर निकालना, पथ, ढंग ।
नीहित, कृदन्त, रखा हुआ, व्यवस्थित ।
नीळ, नपुं०, नीड़, घोंसला ।
नीलज, पु० पक्षी ।
नुद, वि०, निकाल बाहर करने वाला, दूर करने वाला ।
नुदक, देखो नुद ।
नुदति, क्रिया, दूर हांक देता है, भगा देता है । (**नुदि**, **नुदित्वा**) ।
नुन्न, कृदन्त, हांका गया, भगाया गया ।
नूतन, वि०, नया ।
नून, अव्यय, निश्चय से ।
नूपुर, नपुं०, पैंजनी, पैर में पहनने का स्त्रियों का गहना ।
नूही, स्त्री०, समन्तदुग्धा, सेंहुड़ ।
नेक, वि०, अनेक ।
नेकाकार, वि०, अनेक प्रकार का ।
नेकतिक, पु०, ठग; वि०, ठग (आदमी) ।
नेकायिक, वि०, सुत्तपिटक के पाँचों निकायों का जानकार, स्मृतिकार ।
नेक्ख, नपुं०, निकष, स्वर्ण-मुद्रा ।
नेक्खम्म, नपुं०, संसार-त्याग ।
नेक्खम्म-वितक्क, नपुं०, अभिनिष्क्रमण सम्बन्धी विचार ।
नेक्खम्म-सङ्कप्प, पु०, अभिनिष्क्रमण सम्बन्धी संकल्प ।
नेक्खम्म-सुख, नपुं०, अभिनिष्क्रमण का सुख ।
नेगम, वि०, निगम सम्बन्धी; पु०, निगम का बाशिंदा, निगम-सभा ।
नेति, क्रिया, ले जाता है । (**नेसि**, **नीत**, **नेन्त**, **नेतब्ब**, **नेत्वा**) ।

नेतु, पु०, नेता ।
नेत्त, पु०, पथ-दर्शक; नपुं०, नेत्र, आँख ।
नेत्त-तारा, स्त्री०, आँख का तारा ।
नेत्ति, स्त्री०, तृष्णा ।
नेत्तिक, पु०, खेत सींचने के लिए नाली बनाने वाला ।
नेत्तिस, पु०, तलवार ।
नेपक्क, नपुं०, बुद्धिमानी, सूझ-बूझ ।
नेपच्छ, नपुं०, पहनावा ।
नेपुञ्ञ, नपुं०, निपुणता, दक्षता ।
नेमि, स्त्री०, पहिये की हाल ।
नेमित्तिक, पु०, ज्योतिषी ।
नेमिंधर, पु०, पर्वत-विशेष का नाम ।
नेय्य, वि०, ले जाया गया ।
नेरञ्जरा, बुद्धत्व-प्राप्ति के बाद भगवान् बुद्ध इसी नदी के तट पर थे ।
नेरयिक, वि०, निरय में उत्पन्न ।
नेरु, पु०, ऊँचे से ऊँचे पर्वत का नाम; देखो मेरु ।
नेरु जातक, स्वर्ण-वर्ण नेरु (मेरु) पर्वत की चमक-दमक के कारण किसी ने भी स्वर्ण-वर्ण राजहंस की ओर ध्यान नहीं दिया (३७९) ।
नेवासिक, पु०, रहने वाला ।
नेसज्जिक, वि०, बैठा रहने वाला ।
नेसाद, पु०, निषाद, शिकारी; देखो निसाद ।
नो, अव्यय, नहीं ।
नोनीत, नपुं०, मक्खन ।
न्यास, पु०, धरोहर ।
न्हात, देखो नहात ।
न्हान, देखो नहान ।
न्हारु, देखो नहारु ।

प

पंसु, पु०, धूलि ।
पकट्ठ, वि०, अति श्रेष्ठ ।
पकत, वि०, कृत, निर्मित ।
पकतत्त, वि०, सदाचारी ।
पकति, स्त्री०, प्राकृतिक या मूल रूप, स्वाभाविक या मूल स्थिति ।
पकति-गमन, नपुं०, स्वाभाविक चाल ।
पकति-चित्त, नपुं०, स्वाभाविक चित्त; वि०, स्वाभाविक चित्त वाला ।
पकति-सील, नपुं० स्वाभाविक शील ।
पकतिक, वि०, प्राकृतिक ।
पकतिज, पु० तथा नपुं०, प्रकृति से उत्पन्न ।
पकप्पना, स्त्री०, तर्क, योजना, व्यवस्था ।
पकप्पेति, क्रिया, विचार करता है, योजना बनाता है, व्यवस्था करता है ।
(**पकप्पेसि, पकप्पित, पकप्पेत्वा**) ।
पकम्पति, क्रिया, काँपता है ।
(**पकम्पि, पकम्पित, पकम्पन**) ।
पकरण, नपुं०, अवसर, साहित्यिक कृति या व्याख्या ।
पकार, पु०, ढंग, पद्धति ।
पकास, पु०, चमक, कथन, व्याख्या ।
पकासक, पु०, प्रकाशक, घोषणा

करने वाला, व्याख्या करने वाला ।

पकासति, क्रिया, प्रकट होता है, प्रकाशित होता है ।
(**पकासि, पकासित**) ।

पकासन, नपुं०, प्रकाशन, घोषणा ।

पकासेति, क्रिया, प्रकट करता है, प्रकाशित करता है ।
(**पकासेसि, पकासित, पकासेन्त, पकासेत्वा**) ।

पकिण्णक, वि०, प्रकीर्ण, बिखरा हुआ ।

पकित्तेति, क्रिया, प्रशंसा करता है, व्याख्या करता है ।
(**पकित्तेसि, पकित्तित, पकित्तेन्त, पकित्तेत्वा**) ।

पकिरति, क्रिया, बिखेरता है, गिरने देता है ।
(**पकिरि, पकिण्ण**) ।

पकुध-कच्चायन, बुद्ध के समकालीन छह तैर्थिक सम्प्रदायों में से एक का मुखिया ।

पकुप्पति, क्रिया, क्रोधित होता है ।

पकुब्बति, क्रिया, करता है ।

पकुब्बमान, कृदन्त, करता हुआ ।

पकोटि, स्त्री०, संख्या-विशेष ।

पकोट्ठन्त, पु०, कलाई ।

पकोप, पु०, क्रोध, विद्वेष ।

पकोपन, नपुं०, क्रोधित करना ।

पक्क, कृदन्त, पका हुआ, उबाला हुआ (भात); नपुं०, पका (फल) ।

पक्कट्ठित, कृदन्त, बहुत उबला हुआ ।

पक्कम, पु०, चले जाना, प्रारम्भ करना ।

पक्कमन, नपुं०, विदाई ।

पक्कमति, क्रिया, विदा होता है ।
(**पक्कमि, पक्कन्त, पक्कमन्त, पक्कमित्वा**) ।

पक्कामि, कृदन्त, चला गया ।

पक्कोसति, क्रिया, बुलाता है ।
(**पक्कोसि, पक्कोसित, पक्कोसित्वा**) ।

पक्कोसन, नपुं०, बुलावट ।

पक्कोसना, स्त्री०, बुलावट ।

पक्ख, पु०, पक्ष, पहलू, पखवारा, (शुक्ल या कृष्ण); वि०, जो साफ दिखाई दे, सम्बन्धित; पु०, लँगड़ा आदमी ।

पक्खन्दति, क्रिया, कूदता है, छलांग लगाता है ।
(**पक्खन्दि, पक्खन्त, पक्खन्दित्वा**) ।

पक्खन्दन, नपुं०, कूदना, छलांग मारना, पीछा करना ।

पक्खन्दिका, स्त्री०, अतिसार, दस्त लग जाना, आँव पड़ना ।

पक्खन्दी, पु०, कूदने वाला, छलांग मारने वाला ।

पक्ख-बिलाल, पु०, चिमगादड़ ।

पक्खलति, क्रिया, लड़खड़ाता है, साफ करता है, धोता है ।
(**पक्खलि, पक्खलित, पक्खलित्वा**) ।

पक्खलन, नपुं०, लड़खड़ाहट, धोना, साफ करना ।

पक्खालेति, धोता है, साफ करता है ।
(**पक्खालेसि, पक्खालित, पक्खालेत्वा**) ।

पक्खिक, वि०, पाक्षिक ।

पक्खिक-भत्त, नपुं०, एक पखवारे में एक बार दिया जाने वाला भोजन ।

पक्खित्त, कृदन्त, प्रक्षिप्त, फेंका गया ।

पक्खिपति, क्रिया, फेंकता है ।

(**पक्खिपि, पक्खिपन्त, पक्खिपित्वा**)।
पक्खिपन, नपुं०, फेंकना।
पक्खि-भेद, पु०, पक्षियों का प्रकार।
पक्खिय, वि०, देखो पक्खिक।
पक्खी, पु०, पक्षी, पक्ष वाला।
पक्खेप, पु०, देखो पक्खिपन।
पखुम, नपुं०, बरौनी।
पगब्भ, वि०, प्रगल्भ, साहसी, दुस्साहसी।
पगाळ्ह, कृदन्त, डूबा हुआ।
पगाहति, डुबकी मारता है।
(**पगाहि, पगाहन्त, पगाहित्वा**)।
पगिद्ध, कृदन्त, अत्यन्त लोभी।
पगुण, वि०, अभ्यस्त, ज्ञान से परिपूर्ण।
पगुणता, स्त्री०, दक्षता।
पगुम्ब, पु०, झाड़ी।
पगेव, अव्यय, समय से अति पूर्व, कहना ही क्या।
पग्गण्हाति, क्रिया, ग्रहण करता है, धारण करता है, अनुबल देता है।
(**पग्गण्हि, पग्गण्हन्त, पग्गहेत्वा, पग्गय्ह, पग्गहेतब्ब**)।
पग्गह, पु०, प्रयत्न, सामर्थ्य, उठाना, पकड़ना, अनुबल देना।
पग्गहण, नपुं०, ग्रहण करना, अनुबल देना।
पग्गहित, कृदन्त, गृहीत, धरा हुआ, पकड़ा हुआ।
पग्गाह, पु०, पराक्रम, उत्साह।
पग्घरण, नपुं०, चूना, रिसना।
पग्घरणक, वि०, चूता हुआ, रिसता हुआ।
पग्घरति, क्रिया, चूता है, बूंद-बूंद गिरता है, रिसता है।
पघण, पु०, घर के सामने का छज्जा।
पघाण, पु०, अलिन्द, बरामदा।
पङ्क, पु०, कीचड़, गारा, मैला।
पङ्कज, नपुं०, कमल।
पङ्केरुह, देखो पंकज।
पङ्गु, वि०, लँगड़ा।
पङ्गुल, देखो, पंङ्गु।
पचति, क्रिया, पकाता है।
(**पचि, पचित, पक्क, पचन्त, पचितब्ब, पचित्वा**)।
पचन, नपुं०, पकाना।
पचरति, क्रिया, अभ्यास करता है, देखता है, चलता है।
पचरि, अतीत० क्रिया, चला।
पचलायति, क्रिया, ऊँघता है।
पचलायिका, स्त्री०, ऊँघना।
पचा, स्त्री०, पकाना।
पचापेति, क्रिया, पकवाता है।
(**पचापेसि, पचापेत्वा**)।
पचारक, पु०, प्रचारक, विज्ञापक।
पचारेति, क्रिया, प्रचार करता है, जाता है।
पचालक, वि०, झूलता, हिलता।
पचालकं, क्रिया-विशेषण, झूलते हुए के रूप में।
पचिनति, क्रिया, चुगता है, (फूल) तोड़ता है, संग्रह करता है।
पचिनाति, क्रिया, देखो पचिनति।
पचुर, वि०, बहुत, नाना प्रकार का।
पच्चक्ख, वि०, प्रत्यक्ष।
पच्चक्ख-कम्म, नपुं०, प्रत्यक्ष करना।
पच्चक्खाति, क्रिया, प्रत्याख्यान करता है, निषेध करता है।

(पच्चक्खासि, पच्चक्खात, पच्च-क्खाय) ।

पच्चक्खान, नपुं०, प्रत्याख्यान, निषेध, इनकार ।

पच्चग्घ, वि०, नया, सुन्दर, मूल्यवान, महँगा ।

पच्चङ्ग, नपुं०, प्रत्यंग ।

पच्चति, क्रिया, पकाया जाता है, कष्ट पाता है ।

(पच्चि. पच्चित्वा, पच्चमान) ।

पच्चत्त, वि०, पृथक्, व्यक्तिगत ।

पच्चत्तं, क्रिया-विशेषण, पृथक्-पृथक्, व्यक्तिगत तौर पर ।

पच्चत्थरण, नपुं०, आस्तरण, बिछाने की चादर ।

पच्चत्थिक, पु०, शत्रु, विरोधी ।

पच्चन, नपुं०, उबलना, कष्ट पाना ।

पच्चनिक, वि०, उल्टा, निषेधात्मक; पु०, विरोधी, शत्रु ।

पच्चनुभवति, क्रिया, अनुभव करता है ।

(पच्चनुभवि, पच्चनुभवित्वा) ।

पच्चन्त, पु०, प्रत्यन्त-देश सीमा-प्रदेश ।

पच्चन्त-जनपद, मज्झिम-देश की सीमा से बाहर का प्रदेश ।

पच्चन्त-वासी, पु०, प्रत्यन्त-देश का वासी, देहाती ।

पच्चन्त-विसय, पु०, प्रत्यन्त-देश ।

पच्चन्तिम, वि०, बहुत दूर स्थित ।

पच्चय, पु०, हेतु, कारण, उद्देश्य, आवश्यकता, साधन, आश्रय ।

पच्चयता, स्त्री०, हेतुत्व ।

पच्चयाकार, पु०, कारणों का प्रकार ।

पच्चयुप्पन्न, वि०, कारण से उत्पन्न ।

पच्चयिक, त्रि०, विश्वसनीय ।

पच्चरी, देखो महापच्चरी (अविद्य-मान अट्ठकथा) ।

पच्चवेक्खति, क्रिया, विचार करता है, विवेचन करता है ।

(पच्चवेक्खि, पच्चवेक्खित, पच्च-वेक्खित्वा, पच्चवेक्खिय) ।

पच्चवेक्खना, स्त्री०, विचार, विवे-चन ।

पच्चस्सोसि, अतीत० क्रिया, प्रतिश्रुति दी, वचन दिया ।

पच्चाकत, कृदन्त, परित्यक्त, परा-जित ।

पच्चाकोटित, कृदन्त, चिकना किया हुआ, स्त्री किया हुआ ।

पच्चागच्छति, क्रिया, वापिस आता है, पीछे हटता है ।

(पच्चागच्छि, पच्चागत, पच्चा-गन्त्वा) ।

पच्चागमन, नपुं०, वापसी, लौटना ।

पच्चाजायति, क्रिया, पुनर्जन्म ग्रहण करता है ।

(पच्चाजायि, पच्चाजात, पच्चा-जायित्वा) ।

पच्चादेस, पु०, प्रतिक्षेप करना, अस्वी-कृति ।

पच्चामित्त, पु०, शत्रु, विरोधी ।

पच्चासिंसति, क्रिया, आशा करता है, इच्छा करता है, इन्तजार करता है ।

पच्चाहरति, क्रिया, वापिस लाता है ।

(पच्चाहरि, पच्चाहट, पच्चा-हरित्वा) ।

पच्चाहार, पु०, बहाना, क्षमा-याचना।
पच्चुग्गच्छति, क्रिया, स्वागत करने जाता है।
(**पच्चुग्गन्त्वा**)।
पच्चुग्गमन, नपुं०, स्वागत करना।
पच्चुट्ठाति, क्रिया, सम्मान प्रदर्शित करने के लिए खड़ा होता है।
(**पच्चुट्ठासि, पच्चुट्ठित, पच्चुट्ठाय**)।
पच्चुट्ठान, नपुं०, आदर।
पच्चुपकार, पु०, प्रत्युपकार, उपकार का बदला।
पच्चुपट्ठाति, क्रिया, उपस्थित रहता है, सेवा में रहता है।
(**पच्चुपट्ठासि, पच्चुपट्ठित, पच्चुपट्ठित्वा**)।
पच्चुपट्ठान, नपुं०, सेवा में उपस्थित रहना।
पच्चुपट्ठापेति, क्रिया, सम्मुख उपस्थित करता है।
पच्चुप्पन्न, वि०, वर्तमान, मौजूदा।
पच्चूस, पु०, प्रत्यूष, बहुत सुबह।
पच्चूस-काल, पु०, प्रातःकाल।
पच्चूह, पु०, बाधा, रुकावट।
पच्चेक, वि०, प्रत्येक, पृथक्-पृथक्।
पच्चेक-बुद्ध, पु०, जिसने बोधि तो प्राप्त की हो लेकिन दूसरों को उस बोधि का उपदेश न दे।
पच्चेति, क्रिया, परिणाम पर पहुँचता है।
पच्चोरोहति, क्रिया, नीचे उतरता है।
(**पच्चोरोहि, पच्चोरूळ्ह, पच्चोरोहित्वा, पच्चोरुय्ह**)।
पच्चोसक्कति, क्रिया, वापिस लौटता है।
(**पच्चोसक्कि, पच्चोसक्कित, पच्चोसक्कित्वा**)।
पच्चोसक्कना, स्त्री०, वापिस लौटना।
पच्छतो, अव्यय, पीछे से।
पच्छन्न, कृदन्त, ढका हुआ।
पच्छा, अव्यय, बाद में, पीछे।
पच्छा-जात, वि०, बाद में पैदा हुआ।
पच्छाताप, पु०, पश्चाताप।
पच्छा-निपाती, पु०, बाद में सोने वाला।
पच्छानुताप, पु०. पश्चाताप।
पच्छाबन्ध, पु०, नाव का डाँडा।
पच्छा-बाहं, क्रिया-विशेषण, पीछे हाथ बँधा।
पच्छा-भत्तं, क्रिया-विशेषण, अपराह्न; नपुं०, अपराह्न-भोजन।
पच्छा-भाग, पु०, पिछला भाग।
पच्छाभाव, पु०, पश्चात्-भाव।
पच्छा-समण, पु०, अनुगामी श्रमण।
पच्छाद, पु०, रथ का झोल।
पच्छानुतप्पति, क्रिया, पश्चाताप करता है।
पच्छाया, स्त्री०, सायादार हिस्सा।
पच्छि, स्त्री०, हाथ की टोकरी।
पच्छिज्जति, क्रिया, छीजता है, बाधित होता है।
(**पच्छिज्जि, पच्छिन्न, पच्छिज्जित्वा**)।
पच्छिज्जन, नपुं०, बाधा, रुकावट।
पच्छिन्दति, क्रिया, छाँटता है, काट डालता है।
(**पच्छिन्दि, पच्छिन्न, पच्छिन्दित्वा**)।
पच्छिम, वि०, अंतिम, सबसे पीछे

का।

पच्छिमक, त्रि०, अंतिम, सबसे निम्न स्तर का।

पच्छेदन, नपुं०, काटना, तोड़ना।

पजग्घति, क्रिया, जोर से हँसता है।

पजप्पति, क्रिया, बक-बक करता है, उत्कट इच्छा करता है।

(**पजप्पि**)।

पजहति, क्रिया, छोड़ देता है, त्याग देता है।

(**पजहि, पजहित, पजहित्वा, पहाय, पजहन्त**)।

पजा, स्त्री०, सन्तान, प्राणी, मनुष्य।

पजानना, स्त्री०, ज्ञान, समझ।

पजानाति, क्रिया, स्पष्ट रूप से जानता है।

पजापति, १. पु०, सृष्टि का मालिक, २. स्त्री०, जिसके सन्तान हो।

पजायति, क्रिया, उत्पन्न होता है।

पजायन, नपुं०, जन्म, उत्पन्न होना।

पज्ज, नपुं०, पद्य।

पज्ज-बद्ध, पु०, काव्य।

पज्जलति, क्रिया, जलता है।

(**पज्जलि, पज्जलित, पज्जलन्त, पज्जलित्वा**)।

पज्जलन, नपुं०, जलना।

पज्जुन्न, पु०, वर्षा के बादल, इन्द्र।

पज्जोत, पु०, प्रदीप, प्रकाश, चमक-दमक।

पज्झायति, क्रिया, जलता है, क्षीण होता है, शोकाकुल होता है।

(**पज्झायि, पज्झायन्त**)।

पञ्च, वि०, पाँच।

पञ्चक, नपुं०, पाँच का समूह।

पञ्च-कल्याण, नपुं०, सौन्दर्य के पांच चिह्न।

पञ्च-कामगुण, पु०, पाँच इन्द्रियों के भोग।

पञ्चक्खत्तुं, क्रिया-विशेषण, पाँच बार।

पञ्चक्खन्ध, पु०, पाँच स्कन्ध।

पञ्च गरु जातक, प्रत्येक बुद्ध का उपदेश माननेवाला राजकुमार राजा बना (१३२)।

पञ्च-गोरस, पु०, दूध, दही आदि पाँच गोरस पदार्थ।

पञ्चङ्ग, वि०, पाँच अंगों (हिस्सों) से युक्त।

पञ्चङ्गिक, देखो, पञ्चङ्ग।

पञ्चङ्गुलिक, वि०, पाँच अँगुलियों का निशान।

पञ्च-चक्खु, वि०, पाँच चक्षुओं वाला।

पञ्चचत्तालीसति, स्त्री०, पैंतालीस।

पञ्च-चूळक, वि०, सिर में बालों के पाँच जूड़ों वाला।

पञ्चतिंसति, स्त्री०, पैंतीस।

पञ्चदस, वि०, पन्द्रह।

पञ्चदसी, स्त्री०, पूर्णिमा।

पञ्च-धरण, नपुं०, तोल-विशेष।

पञ्चधा, अव्यय, पाँच तरह से।

पञ्चनवुति, स्त्री०, पंचानबे।

पञ्च-नीवरण, पाँच बंधन।

पञ्चपञ्ञासति, स्त्री०, पचपन।

पञ्च पण्डित जातक, यह जातक महा-उम्मग्ग जातक के एक अंश के रूप में दिया गया है (५०८)।

पञ्च-पतिट्ठित, नपुं०, पाँच अङ्गों से

प्रणाम।

पञ्चप्पकरण, धम्मसङ्गणि व विभङ्ग को छोड़कर अभिधम्मपिटक की शेष पाँच पुस्तकों का सामूहिक नाम।

पञ्च-बन्धन, नपुं०, पाँच प्रकार का बन्धन।

पञ्च-बल, नपुं०, पाँच बल।

पञ्च-महापरिच्चाग, पु०, पाँच प्रकार के त्याग।

पञ्च-महानदी, स्त्री०, गंगा, अचिरवती, यमुना आदि पाँच महानदियाँ।

पञ्च-महाविलोक, नपुं०, पाँच प्रकार का अन्वेषण।

पञ्च-वग्गिय, बुद्ध के प्रथम पाँच शिष्यों का सामूहिक नाम। वे पाँच शिष्य थे—कोण्डञ्ञ, भद्दिय, वप्प, महानाम, अस्सजि।

पञ्च-वण्ण, वि०, पाँच वर्ण।

पञ्चविध, वि०, पाँच गुना।

पञ्चवीसति, स्त्री०, पच्चीस।

पञ्चसट्ठि, स्त्री०, पैंसठ।

पञ्चसत, नपुं०, पाँच सौ।

पञ्चसिख, पु०, देव-गन्धर्व।

पञ्च-सील नपुं०, पाँच शील।

पञ्च-सुवण्ण, पु०, पाँच सुवर्ण भर (एक तौल)।

पञ्चसो, अव्यय, पाँच तरह से।

पञ्च-हत्थ पु०, पाँच हाथ लम्बा।

पञ्चानन्तरिय, नपुं०, जो पाँच दुष्कर्म तुरन्त फल देते हैं : १. मातृ-हत्या, २. पितृ-हत्या, ३. अर्हत्-हत्या, ४. बुद्ध के शरीर को जख्मी करना तथा ५. संघ की एकता नष्ट करना।

पञ्चाभिञ्ञा, स्त्री०, पाँच दिव्य शक्तियाँ : १. प्रातिहार्य या करिश्मे रखने की शक्ति, २. दिव्य चक्षु, ३. दिव्य श्रोत्र, ४. दूसरों के विचार जान लेने की शक्ति तथा ५. पूर्व जन्म की अनुस्मृति।

पञ्चाल, सोलह महाजनपदों में से एक। उत्तर-पंचाल तथा दक्षिण-पंचाल नामक दो हिस्सों में विभक्त था।

पञ्चालिका, स्त्री०, गुड़िया, पुतली।

पञ्चावुध, नपुं०, तलवार, बर्छी, कुल्हाड़ा आदि पाँच शस्त्र।

पञ्चावुध जातक, पाँच हथियारों से युक्त राजकुमार का सिलेसलोम यक्ष से भयानक संघर्ष हुआ। अन्त में यक्ष ने कुमार को विजयी स्वीकार किया (५५)।

पञ्चासीति, स्त्री०, पचासी।

पञ्चाह, नपुं०, पाँच दिन।

पञ्चुपोसथ जातक, कबूतर, साँप, गीदड़ और भालू के परस्पर मैत्रीपूर्ण ढंग से रहने की कथा (४९०)।

पञ्जर, पु० तथा नपुं०, पिंजरा।

पञ्जलिक, वि०, नमस्कार करने के लिए हाथ जोड़े हुए।

पञ्ञ, वि०, (समास में), प्रज्ञावान।

पञ्ञाता, स्त्री०, (समास में), प्रज्ञावान होना।

पञ्ञत्त, कृदन्त, बनाया गया नियम, की गई घोषणा, बुद्धिमानी।

पञ्ञत्ति, स्त्री०, संज्ञा, नियम, घोषणा।

पञ्ञावन्तु, वि०, बुद्धिमान आदमी ।
पञ्ञा, स्त्री०, प्रज्ञा, ज्ञान, अन्तर्दृष्टि ।
पञ्ञाक्खन्ध, पु०, प्रज्ञा-स्कन्ध ।
पञ्ञा-चक्खु, नपुं०, प्रज्ञा-चक्षु ।
पञ्ञा-धन, नपुं०, प्रज्ञा-धन ।
पञ्ञा-बल, नपुं०, प्रज्ञा-बल ।
पञ्ञा-भेद, पु०, प्रज्ञा के प्रकार ।
पञ्ञा-विमुत्ति, स्त्री०, प्रज्ञा-विमुक्ति ।
पञ्ञा-सम्पदा, स्त्री०, प्रज्ञा-सम्पत्ति ।
पञ्ञाण, नपुं०, चिह्न, निशान ।
पञ्ञात, कृदन्त, प्रकट हुआ ।
पञ्ञापक, वि०, नियुक्त करने वाला ।
पञ्ञापन, नपुं०, घोषणा, (बैठने के लिए आसनों की) व्यवस्था ।
पञ्ञापेति, क्रिया, नियम बनाता है, व्यवस्था करता है, घोषणा करता है ।
(**पञ्ञापेसि**, **पञ्ञापित**, **पञ्ञत्त**, **पञ्ञापेन्त**, **पञ्ञापेत्वा**) ।
पञ्ञापेतु, पु०, नियम-बद्ध करने वाला, घोषणा करने वाला ।
पञ्ञायति, क्रिया, प्रकट होता है, स्पष्ट होता है ।
(**पञ्ञायि**, **पञ्ञात**, **पञ्ञायमान**, **पञ्ञायित्वा**) ।
पञ्ह, त्रिलिङ्गी, प्रश्न, जिज्ञासा ।
पञ्ह-विस्सज्जन, नपुं०, प्रश्नों का उत्तर देना ।
पञ्ह-व्याकरण, नपुं०, प्रश्नों का समाधान करना ।
पट, पु० तथा नपुं०, वस्त्र, पहनावा ।
पटग्गि, पु०, प्रति-अग्नि, आग के जवाब में आग ।
पटङ्ग, पु०, झींगुर ।
पटल, नपुं०, आवरण ।
पटलिका, स्त्री०, ऊनी कढ़ी हुई चादर, दुशाला ।
पटह, पु०, नगाड़ा ।
पटाका, स्त्री०, पताका, झंडा ।
पटि (पति भी), एक उपसर्ग (विरुद्ध, अनुकूल) ।
पटिकङ्खति, क्रिया, इच्छा करता है ।
(**पटिकङ्खि**, **पटिकङ्खित**) ।
पटिकण्टक, वि०, विरोधी; पु०, शत्रु ।
पटिकम्म, नपुं०, प्रति-कर्म, प्रायश्चित ।
पटिकत, कृदन्त, प्रायश्चित किया गया ।
पटिकर, वि०, प्रतिकार ।
पटिकरोति, क्रिया, प्रतिकार करता है, मार्जन करता है ।
(**पटिकरि**, **पटिकरोन्त**) ।
पटिकस्सति, क्रिया, पीछे हटता है, पीछे खिचता है ।
(**पटिकस्सि**, **पटिकास्सित**) ।
पटिकार, पु०, प्रतिकार, इलाज ।
पटिकुज्जति, क्रिया, झुकता है ।
(**पटिकुज्जेसि**, **पटिकुज्जित**, **पटिकुज्जेत्वा**, **पटिकुज्जित्वा**, **पटिकुज्जिय**) ।
पटिकुज्जन, नपुं०, झुकना, उलट देना ।
पटिकुज्झति, क्रिया, बदले में क्रोधित होता है ।
पटिकुट्ठ, कृदन्त, घृणित, बदनाम, सदोष, डाँट खाया हुआ ।
पटिक्कन्त, कृदन्त, वापिस लौटा हुआ ।
पटिक्कम, पु०, एक ओर हट जाना,

पीछे लौटना।

पटिक्कमति, क्रिया, पीछे हटता है।
(**पटिक्कमि, पटिक्कमन्त, पटिक्कमित्वा**)।

पटिक्कमन, नपुं०, प्रतिक्रमण, पीछे हटना।

पटिक्कमन-साला, स्त्री०, विश्राम-शाला।

पटिक्कूल, वि०, प्रतिकूल।

पटिक्कूलता, स्त्री०, प्रतिकूलता।

पटिक्कूल-सञ्ञा, स्त्री०, शरीर की गंदगी से सम्बन्धित चेतना।

पटिक्कोसना, स्त्री०, विरोध-प्रदर्शन।

पटिक्कोसति, क्रिया, बुरा-भला कहता है, दोषारोपण करता है।
(**पटिक्कोसि, पटिक्कुट्ठ, पटिकोसित्वा**)।

पटिक्खिपति, क्रिया, प्रतिक्षेप करता है।
(**पटिक्खिपि, पटिक्खित्त, पटिक्खिपित्वा, पटिक्खित्वा**)।

पटिक्खेप, पु०, प्रतिक्षेप, निषेध।

पटिगच्च, अव्यय, पहले से, देखो पटिकच्च।

पटिगिज्झति, क्रिया, इच्छा करता है, लोभ करता है।
(**पटिगिज्झि, पटिगिद्ध, पटिगिज्झित्वा**)।

पटिगूहति, क्रिया, छिपाता है, पीछे रहता है।
(**पटिग्गूहि, पटिग्गूहित, पटिग्गूहित्वा**)।

पटिग्गण्हन, नपुं०, प्रतिग्रहण, स्वागत।

पटिग्गण्हक, वि०, स्वागत करने वाला, प्रतिग्रहण करने में समर्थ।

पटिग्गण्हाति, क्रिया, लेता है, प्राप्त करता है, स्वीकार करता है।
(**पटिगण्हि, पटिग्गहित, पटिग्गण्हन्त, पटिगहेत्वा, पटिगण्हिय, पटिग्गय्ह**)।

पटिग्गह, पु०, जो ग्रहण करे, पात्र (पानी वगैरह का), पीकदान।

पटिग्गहण, देखो, पटिगण्हन।

पटिग्गहेतु, पु०, स्वीकार करने वाला, स्वागत करने वाला।

पटिघ, पु०, क्रोध, विरोध, द्वेष।

पटिघात, पु०, प्रतिघात, टक्कर।

पटिघोस, पु०, गूँज।

पटिचरति, क्रिया, प्रश्नों का जवाब देने से कतराना, घूमना।

पटिचोदेति, क्रिया, बदले में इलजाम लगाना।
(**पटिचोदेसि, पटिचोदित, पटिचोदेत्वा**)।

पटिच्चं, (अव्यय, पूर्व० क्रिया), हेतु से।

पटिच्च-समुप्पन्न, वि०, हेतु से उत्पन्न।

पटिच्च-समुप्पाद, पु०, हेतु से उत्पत्ति का नियम।

पटिच्छति, क्रिया, स्वीकार करता है, ग्रहण करता है।

पटिच्छन्न, कृदन्त, ढका हुआ।

पटिच्छादक, वि०, छिपाने वाला।

पटिच्छादनिय, नपुं०, मांस का सूप, टखनी।

पटिच्छादेति, क्रिया, ढकता है, छिपाता है।

(पटिच्छादित, पटिच्छन्न, पटिच्छादेन्त, पटिच्छादेत्वा, पटिच्छादिय) ।

पटिजग्गक, पु०, पालन-पोषण करने वाला ।

पटिजग्गति, क्रिया, पालन-पोषण करता है ।
(पटिजग्गि, पटिजग्गित, पटिजग्गित्वा, पटिजग्गिय) ।

पटिजग्गन, नपुं०, पालन-पोषण करना ।

पटिजग्गनक, वि०, देख-भाल रखने वाला, पालन-पोषण करने वाला ।

पटिजग्गिय, वि०, पालन-पोषण करने योग्य, मरम्मत करने योग्य ।

पटिजानाति, क्रिया, स्वीकार करता है, वचन देता है, सहमत होता है ।
(पटिजानि, पटिञ्ञात, पटिजानन्त, पटिजानित्वा) ।

पटिञ्ञा, वि०, विश्वास दिलाने वाला, (जैसे, समण-पटिञ्ञ = झूठ-मूठ श्रमण होने की बात करने वाला) ।

पटिञ्ञा, स्त्री०, प्रतिज्ञा, सहमति, अनुमति ।

पटिञ्ञात, कृदन्त, प्रतिज्ञात, सहमत हुआ ।

पटिददाति, क्रिया, वापिस देता है ।
(पटिददि, पटिदिन्न, पटिदत्वा) ।

पटिदण्ड, पु०, प्रतिकार ।

पटिदस्सेति, क्रिया, अपने आपको प्रकट करता है ।
(पटिदस्सेसि, पटिदस्सित, पटिदस्सेत्वा) ।

पटि-दान, नपुं०, पुरस्कार ।

पटिदिस्सति, क्रिया, दिखाई देता है ।

पटिदिस्सि, कृदन्त, दिखाई दिया ।

पटिदेसेति, क्रिया, स्वीकार करता है, मान लेता है, कबूल कर लेता है ।
(पटिदेसेसि, पटिदेसित, पटिदेसेत्वा) ।

पटिधावति, क्रिया, पीछे की ओर दौड़ता है, समीप दौड़ता है ।
(पटिधावि, पटिधावित्वा) ।

पटिनन्दति, क्रिया, प्रसन्न होता है ।
(पटिनन्दि, पटिनन्दित, पटिनन्दित्वा) ।

पटिनन्दना, स्त्री०, आनन्दित होना ।

पटिनासिका, स्त्री०, बनावटी नाक ।

पटिनिधि, पु०, प्रतिमूर्ति ।

पटिनिवत्त, कृदन्त, लौटा हुआ, वापिस आया हुआ ।

पतिनिवत्तति, क्रिया, वापिस लौटता है
(पटिनिवत्ति, पटिनिवत्तित्वा) ।

पटिनिस्सग्ग, पु०, परित्याग ।

पटिनिस्सज्जति, क्रिया, त्याग देता है, छोड़ देता है ।
(पटिनिस्सज्जि, पटिनिस्सट्ठ, पटिनिस्सजित्वा, पटिनिस्सज्जिय) ।

पटिनेति, क्रिया, वापिस ले जाता है ।
(पटिनेसि, पटिनीत, पटिनेत्वा) ।

पतिंपक्ख, वि०, विरोधी, पु०, शत्रु ।

पटिपक्खिक, वि०, विरोधी पक्ष का ।

पटिपज्जति, क्रिया, मार्ग रूढ़ होता है ।
(पटिपज्जि, पतिपन्न, पटिपज्जमान, पटिपज्जित्वा) ।

पटिपज्जन, नपुं०, पद्धति, अभ्यास, आचरण ।

पटिपण्ण, नपुं०, पत्र का उत्तर ।

पटिपत्ति, स्त्री०, आचरण, धार्मिक

क्रिया-कलाप ।

पटिपथ, पु०, उल्टा रास्ता, सामने का रास्ता ।

पटिपदा, स्त्री०, आचरण, जीवन-मार्ग ।

पटिपन्न, कृदन्त, मार्गारूढ़ ।

पटिपहरति, क्रिया, उल्टा प्रहार करता है ।

(पटिपहरि, पटिपहट, पटिहरित्वा) ।

पटिपहिणाति, क्रिया, वापिस भेजता है ।

(पटिपहिणि, पटिपहित, पटिपहिणित्वा) ।

पटिपाटि, स्त्री०, क्रम ।

पटिपाटिया, क्रिया-विशेषण, क्रमशः ।

पटिपाद, पु०, पलंग या चारपाई का सहारा ।

पटिपादक, पु०, व्यवस्थापक ।

पटिपादन, नपुं०, प्रतिपादन, शिक्षण देना ।

पटिपादेति, क्रिया, व्यवस्था करता है, सामग्री पहुँचाता है ।

(पटिपादेसि, पटिपादित, पटिपादेत्वा) ।

पटिपीळन, नपुं०, त्रास देना, पीड़ा देना ।

पटिपीळेति, क्रिया, त्रास देता है, पीड़ा देता है, दमन करता है ।

(पटिपीळेसि, पटिपीळित, पटिपीळेत्वा) ।

पटिपुग्गल, पु०, प्रतिस्पर्धी ।

पटिपुच्छति, क्रिया, बदले में प्रश्न पूछता है ।

(पटिपुच्छि, पटिपुच्छित) ।

पटिपुच्छा, स्त्री०, बदले में पूछा गया प्रश्न, प्रश्न के उत्तर में पूछा गया प्रश्न ।

पटिपूजना, स्त्री०, आदर प्रदर्शित करना, गौरव करना ।

पटिपूजेति, क्रिया, आदर करता है, गौरव करता है ।

(पटिपूजेसि, पटिपूजित, पटिपूजेत्वा) ।

पटिपेसेति, क्रिया, वापिस भेजता है ।

पटिपस्सद्ध, कृदन्त, शान्त हुआ ।

पटिपस्सद्धि, स्त्री०, शान्ति ।

पटिपस्सम्भति, क्रिया, शान्त होता है ।

पटिपस्सम्भना, स्त्री०, देखो पटिपस्सद्धि ।

पटिबद्ध, कृदन्त, बँधा हुआ, आकर्षित ।

पटिबद्ध-चित्त, वि०, अनुरक्त ।

पटिबल, वि०, योग्य, सामर्थ्यवान ।

पटिबाहक, वि०, विरोध करने वाला, रुकावट डालने वाला, हटाने वाला ।

पटिबाहति, क्रिया, दूर करता है, हटाता है, बचाता है ।

(पटिबाहि, पटिबाहित, पटिबाहन्त, पटिबाहित्वा, पटिबाहिय) ।

पटिबिम्ब, नपुं०, प्रतिबिम्ब, छाया ।

पटिबिम्बित, वि०, जिसकी छाया पड़ी हो ।

पटिबुज्झति, क्रिया, समझता है, जागता है ।

(पटिबुज्झि, पटिबुज्झित्वा) ।

पटिबुद्ध, कृदन्त, ज्ञानी, जागा हुआ ।

पटिभय, नपुं०, डर, भय ।

पटिभाग, वि०, समान, एक जैसा ।

पटिभाग, पु०, समानता, एकरूपता, मुकाबले का भाग ।

पटिभाति, क्रिया, सूझता है, स्पष्ट होता है ।

पटिभासि, अतीत० क्रिया, सूझा ।

पटिभाण, नपुं०, प्रत्युत्पन्न-मति, हाजिरजवाबी ।

पटिभाणवन्तु, नपुं०, प्रत्युत्पन्न-मति (वाला), क्षिप्र-प्रज्ञ ।

पटिभासति, क्रिया, उत्तर देता है ।

पटिभासि, अतीत० क्रिया, उत्तर दिया ।

पटिभू, पु०, जामिन ।

पटिमग्ग, पु०, विरुद्ध मार्ग ।

पटिमण्डित, कृदन्त, सजा हुआ ।

पटिमल्ल, पु०, मुकाबले का पहलवान ।

पटिमा, स्त्री०, प्रतिमा, मूर्ति ।

पटिमानेति, क्रिया, गौरव करता है, प्रतीक्षा करता है ।
(**पटिमानेसि**, **पटिमानित**, **पटिमानेत्वा**) ।

पटिमुक्क, कृदन्त, वस्त्र पहने, बँधा हुआ ।

पटिमुञ्चति, क्रिया, वस्त्र धारण करता है, बांधता है ।
(**पटिमुञ्चि**, **पटिमुञ्चित्वा**) ।

पटियादेति, क्रिया, तैयार करता है, व्यवस्था करता है, सामग्री पहुँचाता है ।
(**पटियादेसि**, **पटियादित**, **पटियत्त**, **पटियादेत्वा**) ।

पटियोध, पु०, मुकाबले का योधा ।

पटिरव, पु०, प्रतिरव, गूंज ।

पटिराज, पु०, मुकाबले का राजा ।

पटिरूप, (**पतिरूप** भी), वि०, योग्य, ठीक, अनुकूल ।

पटिरूपक, (**पतिरूपक** भी), मिलती-जुलती शक्ल का ।

पटिरूपता, (**पतिरूपता** भी) स्त्री०, स्वरूप की साम्यता ।

पटिलद्ध, कृदन्त, प्राप्त ।

पटिलभति, क्रिया, प्राप्त करता है ।
(**पटिलभि**, **पटिलभन्त**, **पटिलभित्वा**, **पटिलद्धा**) ।

पटिलाभ, पु०, प्राप्ति ।

पटिलीयति, क्रिया, पीछे हटता है, दूर रहता है ।
(**पटिलीयि**, **पटिलीन**, **पटिलीयित्वा**) ।

पटिलीयन, नपुं०, दूर रहना, पीछे हटना ।

पटिलोम, वि०, विरुद्ध ।

पटिलोम-पक्ख, विरोधी पक्ष ।

पटिवचन, नपुं०, उत्तर, जवाब ।

पटिवत्तन, नपुं०, पीछे की ओर मुड़ना ।

पटिवत्तिय, वि०, पीछे लौटाने योग्य, लपेटने योग्य ।

पटिवत्तु, पु०, विरुद्ध भाषण करने वाला, खण्डन करने वाला ।

पटिवत्तेति, क्रिया, लपेटता है, पीछे हटता है ।
(**पटिवत्तेसि**, **पटिवत्तित**, **पटिवत्तेत्वा**, **पटिवत्तिय**) ।

पटिवदति, क्रिया, उत्तर देता है, विरुद्ध, बोलता है ।
(**पटिवदि**, **पटिवुत्त**, **पटिवत्वा**, **पटिवदित्वा**) ।

पटिवसति, क्रिया, रहता है, निवास

करता है।
(पटिवसि, पटिवुत्थ, पटिवसित्वा)।
पटिवाक्य, नपुं०, उत्तर।
पटिवातं, क्रिया-विशेषण, हवा के विरुद्ध।
पटिवाद, पु०, प्रतिवाद, आरोपित दोष का खण्डन।
पटिविंस, पु०, हिस्सा।
पटिविजानाति, क्रिया, पहचानता है, जानता है।
(पटिविजानि, पटिविजानेत्वा)।
पटिविज्झति, क्रिया, प्रवेश करता है, समझता है।
(पटिविज्झि, पटिविज्झ, पटिविज्झित्वा)।
पटिविदित, कृदन्त, ज्ञात, सुनिश्चित।
पटिविद्ध, कृदन्त, प्रविष्ट हुआ, समझ लिया गया।
पटिविनोदन, नपुं०, हटाना, निकाल बाहर करना।
पटिविनोदेति, क्रिया, हटाता है, निकाल बाहर करता है।
(पटिविनोदेसि, पटिविनोदित, पटिविनोदेत्वा, पटिविनोदय)।
पटिविभजति, क्रिया, बाँटता है।
(पटिविभजि, पटिविभत्त, पटिविभजित्वा)।
पटिविरत, कृदन्त, रुका हुआ।
पटिविरमति, क्रिया, रुकता है, विरत रहता है।
(पटिविरमि, पटिविरमन्त, पटिविरमित्वा)।
पटिविरुज्झति, क्रिया, विरुद्ध होता है, झगड़ा करता है।
(पटिविरुज्झि, पटिविरुज्झित्वा)।
पटिविरुद्ध, कृदन्त, विरुद्ध।
पटिविरूहति, क्रिया, फिर से उगता है।
(पटिविरूहि, पटिविरूळ्ह, पटिविरूहित्वा)।
पटिविरोध, पु०, विरोध-भाव, दुश्मनी, शत्रुता।
पटिविस्सक, पु०, पड़ोसी।
पटिवेदेति, क्रिया, जनाता है, ज्ञात कराता है।
(पटिवेदेसि, पटिवेदित, पटिवेदेत्वा)।
पटिवेध, पु०, भीतर घुसना।
पटिसङ्खत, कृदन्त, चुकता कर दिया गया।
पटिसंयुत्त, कृदन्त, सम्बन्धित।
पटिसंवेदेति, क्रिया, सहन करता है, अनुभव करता है।
(पटिसंवेदेसि, पटिसंविदित, पटिसंवेदित, पटिसंवेदेत्वा)।
पटिसंहरण, नपुं०, सिकोड़ना, त्याग देना, हटा लेना।
पटिसंहार, पु०, सिकोड़ना, त्याग देना, हटा लेना।
पटिसंहरति, सिकोड़ता है, त्याग देता है, हटा लेता है।
(पटिसंहरि, पटिसंहरित, पटिसंहत, पटिसंहरित्वा)।
पटिसंकरण, नपुं०, प्रतिसंस्करण, मरम्मत।
पटिसंकरोति, क्रिया, प्रतिसंस्कार करता है, मरम्मत करता है।
पटिसंखरण, नपुं०, देखो पटिसंकरण।
पटिसंखरोति, देखो पटिसंकरोति।

पटिसंखा, स्त्री०, विचार, फैसला।
पटिसंखान, नपुं०, विचार करना, मीमांसा करना।
पटिसंखाय, पूर्व० क्रिया, विचार कर।
पटिसंखार, देखो पटिसंखरण।
पटिसंचिक्खति, क्रिया, विचार करता है, मीमांसा करता है।
(**पटिसंचिक्खि, पटिसंचिक्खित, पटिसंचिक्खित्वा**)।
पटिसंथार, पु०, मैत्रीपूर्ण स्वागत।
पटिसंदहति, क्रिया, पुर्नमिलन होता है।
[**पटिसंदहि, पटिसंदहित (पटिसंधित)**]
पटिसंधातु, पु०, मेल कराने वाला, शान्ति-संस्थापक।
पटिसंधान, नपुं०, पुर्नमिलन।
पटिसंधि, स्त्री०, पुनर्जन्म ग्रहण करना।
पटिसम्भिदा, स्त्री०, मीमांसापूर्ण ज्ञान।
पटिसम्भिदामग्ग, खुद्दक निकाय का बारहवां ग्रन्थ। वास्तव में इसकी गणना अभिधम्म ग्रन्थों में की जानी चाहिए।
पटिसम्मोदति, क्रिया, मैत्रीपूर्ण बातचीत करता है।
(**पटिसम्मोदि, पटिसम्मोदित, पटिसम्मोदित्वा**)।
पटिसरण, नपुं०, शरण-स्थान, सहायता, संरक्षण।
पटिसल्लान, नपुं०, एकान्त जीवन।
पटिसल्लान-सारूप्प, वि०, एकान्त जीवन या योगाभ्यास के लिए अनुकूल।
पटिसल्लीयति, क्रिया, एकान्त जीवन व्यतीत करता है, योगाभ्यास करता है।
(**पटिसल्लि, पटिसल्लीन, पटिसल्लीयित्वा**)।
पटिसमेति, क्रिया, व्यवस्थित करता है, दूर रहता है।
(**पटिसमेसि, पटिसमित, पटिसमित्वा**)।
पटिसासन, नपुं०, प्रत्युत्तर।
पटिसेध, पु० प्रतिषेध, इनकार।
पटिसेधन, नपुं० प्रतिषेध करना, इनकार करना।
पटिसेधक, वि०, प्रतिषेध करने वाला।
पटिसेधेति, क्रिया, दूर रखता है, दूर हटाता है, मना करता है।
(**पटिसेसेसि, पटिसेधित, पटिसेधित्वा, पटिसेधिय**)।
पटिसेवति, क्रिया, अनुकरण करता है, सेवन करता है, उपयोग में लाता है।
(**पटिसेवि, पटिसेवित, पटिसेवन्त, पटिसेवित्वा, पटिसेविय**)।
पटिसेवन, नपुं०, अभ्यास करना, अनुकरण करना, उपयोग में लाना।
पटिसोत, वि०, स्रोत (=बहाव) के विरुद्ध।
पटिस्सत, वि०, विचारवान।
पटिस्सव, पु०, वचन, स्वीकृति।
पटिसुणाति, वचन देता है, सहमत होता है।
(**पटिसुणि, पटिसुत, पटिसुणित्वा**)।
पटिहञ्ञति, क्रिया, चोट खाता है।
(**पटिहञ्ञि, पटिहञ्ञित्वा**)।

पटिहत, कृदन्त, चोट खाया हुआ ।
पटिहनन, नपुं०, विरोध, संघर्ष ।
पटिहनति, क्रिया, रगड़ खाता है ।
(**पटिहनि, पटिहत, पटिहन्त्वा**) ।
पटिहार, पुं०, द्वार ।
पटु, वि०, होशियार, कुशल (आदमी) ।
पटुता, स्त्री०, दक्षता ।
पटोल, पु०, पटोल ।
पट्ट, नपुं०, तख्ता, वस्त्र, रेशमी वस्त्र, पट्टी ।
पट्टक, देखो पट्ट ।
पट्टन, नपुं०, नदी तट के पास का नगर ।
पट्टिका, स्त्री०, पट्टी ।
पट्ठपेति, क्रिया, स्थापित करता है ।
(**पट्ठपेसि, पट्ठपित, पट्ठपेत्वा**) ।
पट्ठान, नपुं०, प्रस्थान ।
पट्ठानप्पकरण, अभिधम्म पिटक का अन्तिम ग्रन्थ । इसमें भौतिक तथा अभौतिक चीजों के २४ प्रकार के पच्चयों अथवा हेतुओं का विस्तृत विवेचन है ।
पट्ठाय, अव्यय, आरम्भ करके, तब से, उस समय से ।
पठति, क्रिया, पढ़ता है ।
(**पठि, पठित, पठित्वा**) ।
पठन, नपुं०, पढ़ना ।
पठम, वि०, पहला ।
पठमं, क्रिया-विशेषण, पहली बार ।
पठमज्झान, नपुं०, प्रथम ध्यान ।
पठमतरं, क्रिया-विशेषण, सबसे पहले, यथासम्भव जल्दी ।
पठवी, स्त्री०, भूमि, पृथ्वी ।
पठवी-ओज, (**पठवोज भी**), पृथ्वी का तेज ।
पठवी-कम्पन, नपुं०, भूकम्प ।
पठवी-कसिण, नपुं०, योगाभ्यास करने के लिए मिट्टी का बना केन्द्र-विन्दु ।
पठवी-चलन, नपुं०, भूकम्प ।
पठवी-चाल, पु०, भूकम्प ।
पठवी-धातु, स्त्री०, पृथ्वी-धातु ।
पठवी-सम, वि०, पृथ्वी-समान ।
पण, पुं०, शर्त, दुकान ।
पणक, पु०, शैवाल-विशेष, सिवाल ।
पणमति, क्रिया, प्रणाम करता है, झुकता है, पूजा करता है ।
(**पणमि, पणमित, पणत, पणमित्वा**) ।
पणय, पु०, विश्वास, याचना, प्रणय ।
पणव, पु०, ढोल ।
पणाम, पु०, प्रणाम, नमस्कार ।
पणामेति, क्रिया, चलता करता है, भगा देता है, फैला देता है, झुकाता है ।
(**पणामेसि, पणामित, पणामेन्त, पणामेत्वा**) ।
पणालि, स्त्री०, नाली ।
पणिदहति, क्रिया, इच्छा करता है । आकांक्षा करता है ।
(**पणिदहि, पणिहित, पणिदहित, पणिदहित्वा**) ।
पणिधान, नपुं०, आकांक्षा, दृढ़ संकल्प ।
पणिधि, स्त्री०, आकांक्षा, निश्चय ।
पणिधाय, पूर्व० क्रिया, संकल्प करके ।
पणिपात, पु०, दण्डवत् लेट जाना, पूजा ।
पणिय, नपुं०, पण्य, बेचने की चीज;

पु०, व्यापारी ।
पणिहित, कृदन्त, संकल्प-युक्त ।
पणीत, वि०, श्रेष्ठ, बढ़िया ।
पणीततर, वि०, श्रेष्ठतर, और भी बढ़िया ।
पणेति, क्रिया, दण्डित करता है, निकालता है, रास्ते पर ले जाता है ।
(**पणेसि**, **पणेत्वा**) ।
पण्डक, पु०, हिजड़ा ।
पण्डर, वि०, श्वेत, सफेद, फीका, हल्का पीला ।
पण्डर जातक, साँपों की, गरुड़ों से अपने-आपको बचाये रखने की युक्ति (५१८) ।
पण्डव, पु०, पर्वत-विशेष ।
पण्डिच्च, नपुं०, पाण्डित्य ।
पण्डित, वि०, विद्वान् ।
पण्डितक, पु०, बनावटी पण्डित, पाण्डित्य-दम्भ वाला ।
पण्डु, वि०, पीला, पीलापन लिये हुए ।
पण्डुकम्बल, नपुं०, पाण्डु रंग का कम्बल ।
पण्डु-पलास, पु०, सूखा पत्ता ।
पण्डु-रोग, पु०, पाण्डु-रोग ।
पण्डु-रोगी, पु०, पाण्डु-रोग वाला ।
पण्डुकम्बल सिलासन, देवेन्द्र शक्र के बैठने का आसन ।
पण्डू, दक्षिण भारत की एक जाति—पाण्ड्य ।
पण्ण, नपुं०, पत्ता, पत्र, चिट्ठी ।
पण्णक, देखो, पण्ण ।
पण्ण-कुटि, स्त्री०, पर्ण-कुटी ।
पण्ण-छत्त, नपुं०, पत्तों का छाता, पत्तों का पंखा, पत्तों की छत ।
पण्ण-सन्थर, पु०, पत्तों का बिछौना ।
पण्ण-साला, स्त्री०, आश्रम, कुटिया ।
पण्णत्ति, देखो, पञ्ञत्ति (प्रज्ञप्ति) ।
पण्णरस, वि०, पन्द्रह ।
पण्णाकार, पु०, भेंट ।
पण्णास, स्त्री०, पचास ।
पण्णिक, पु०, पत्ते बेचने वाला ।
पण्णिक जातक, पिता ने लड़की के सतीत्व की परीक्षा ली (१०२) ।
पण्य, देखो, पणिय ।
पण्हि, पु० तथा स्त्री०, एड़ी ।
पतङ्ग, पु०, पक्षी ।
पतति, क्रिया, गिरता है, फिसलता है ।
(**पति**, **पतित**, **पतन्त**, **पतित्वा**) ।
पतन, नपुं०, गिरावट ।
पतनु, वि०, अत्यन्त दुबला-पतला ।
पताका, स्त्री०, झण्डा ।
पताप, पु०, प्रताप, तेजस्विता ।
पतापवन्तु, वि०, प्रतापी, तेजस्वी ।
पतापेति, क्रिया, तपाता है ।
(**पतापेसि**, **पतापित**) ।
पति, पु०, स्वामी, खाविन्द ।
पतिकिट्ठ, वि०, निकृष्ट ।
पति-कुल, नपुं०, पति का खानदान ।
पतिट्ठहति, क्रिया, प्रतिष्ठित होता है, स्थापित होता है ।
(**पतिट्ठहि**, **पतिट्ठहन्त**, **पतिट्ठहित्वा**) ।
पतिट्ठा, स्त्री०, प्रतिष्ठा, सहायता, आश्रय-स्थान ।
पतिट्ठातब्ब, (**पतिट्ठितब्ब** भी),

कृदन्त, प्रतिष्ठा के योग्य, स्थापित करने योग्य ।

पतिट्ठाति, देखो पतिट्ठहति । (**पतिट्ठासि, पतिट्ठित, पतिट्ठाय, पतिट्ठातुं**) ।

पतिट्ठान, नपुं०, प्रतिष्ठान, स्थापना ।

पतिट्ठापित, कृदन्त, प्रतिष्ठापित, स्थापित किया हुआ ।

पतिट्ठापेति, क्रिया, प्रतिष्ठित कराता है । (**पतिट्ठापेसि, पतिट्ठापेन्त, पतिट्ठापेत्वा, पतिट्ठापिय**) ।

पतिट्ठापेतु, पु०, स्थापित करने वाला ।

पतित, कृदन्त, गिरा हुआ ।

पतितिट्ठति, क्रिया, खड़ा होता है, दुबारा खड़ा होता है ।

पतिदान, नपुं०, प्रतिदान, दान का बदला दान ।

पतिबोध, पु०, जागरण, ज्ञान ।

पतिब्बता, स्त्री०, प्रतिव्रता ।

पतिरूप, देखो, पटिरूप ।

पतिस्सत, देखो, पटिस्सत ।

पतीचि, स्त्री०, पश्चिम दिशा ।

पतीत, वि०, प्रसन्न-चित्त ।

पतीर, नपुं०, किनारा ।

पतोद, पु०, बैलों को हांकने की लकड़ी, पैंणी ।

पतोदक, नपुं०, प्रेरणा; वि०, प्रेरक ।

पतोदक-लट्ठि, स्त्री०, बैलों को हांकने की लाठी ।

पत्त, कृदन्त, प्राप्त, प्राप्त हुआ; पु०, पात्र, भिक्षा-पात्र; नपुं०, पत्ता, पंख ।

पत्तक्खन्ध, वि०, गिरे हुए कन्धों वाला, निराश, बुझा-बुझा-सा ।

पत्तगत, वि०, पात्र-गत, पात्र में पड़ा हुआ ।

पत्त-गन्ध, पु०, पत्तों की गन्ध ।

पत्त-गाहक, पु०, (दूसरे का) भिक्षा-पात्र लेकर चलने वाला ।

पत्त-थविका, स्त्री०, भिक्षा-पात्र लटकाने की झोली ।

पत्त-पाणि, वि०, जिसके हाथ में भिक्षा-पात्र हो ।

पत्त-पिण्डिक, वि०, एक ही पात्र में से खाने वाला ।

पत्त-दान, पु०, पक्षी-विशेष ।

पत्तन, देखो पट्टन ।

पत्तब्ब, कृदन्त, प्राप्त करणीय ।

पत्ताधारक, पु०, पात्र का आधार ।

पत्तानीक, नपुं०, चार-चार जनों की पैदल सेना ।

पत्तानुमोदना, स्त्री०, प्राप्त पुण्य का अनुमोदन (=देवताओं तथा स्वर्गस्थ सम्बन्धियों को दान) ।

पत्ति, पु०, पैदल सैनिक; स्त्री०, पत्ती, पेड़ का पत्तों वाला भाग ।

पत्तिक, वि०, हिस्सेदार, पैदल चलने वाला, पैदल सैनिक, पात्रवाला ।

पत्ति-दान, नपुं०, पुण्य अथवा हिस्से का प्रदान ।

पत्ती, पु०, तीर, धनुष का तीर ।

पत्तुन्न, नपुं०, वस्त्र-विशेष ।

पत्तुं, कृदन्त, प्राप्त करने के लिए ।

पत्थ, पु०, प्रस्थ, धान्य अथवा किसी तरल पदार्थ का माप, एकान्त स्थान ।

पत्थट, कृदन्त, ज्ञात, विख्यात, फैलाया हुआ।

पत्थद्ध, वि०, कठोर, चट्टान की तरह सीधा।

पत्थना, स्त्री०, प्रार्थना, कामना, इच्छा।

पत्थयति, क्रिया, इच्छा करता है, कामना करता है, प्रार्थना करता है।
(पत्थयि, पत्थयन्त, पत्थित, पत्थ-) यित्वा)।

पत्थयान, वि०, इच्छा करते हुए, कामना करते हुए।

पत्थर, पु०, पत्थर, शिला, पत्थर का सामान।

पत्थरति, क्रिया, फैलाता है।
(पत्थरि, पत्थट, पत्थरन्त, पत्थरित्वा)।

पत्थिव, पु०, पार्थिव, राजा।

पत्थेति, देखो पत्थयति।
(पत्थेसि, पत्थित, पत्थेन्त, पत्थेत्वा)।

पत्वा, पूर्व० क्रिया, प्राप्त करके।

पथ, पु०, मार्ग, रास्ता (**गणन-पथ**, गिनती)।

पथवी, देखो पठवी।

पथावी, पु०, पथिक, पैदल यात्री।

पथिक, पु०, राही, यात्री।

पथित, वि०, प्रसिद्ध।

पद, नपुं०, कदम, वचन, पदवी, स्थान, हेतु, कविता का अनुच्छेद।

पद-चेतिय, नपुं०, पवित्र पद-चिह्न।

पद-जात, नपुं०, नाना प्रकार के पद-चिह्न।

पदट्ठान, नपुं०, निकट कारण, नजदीकी वजह।

पद-पूरण, नपुं०, जिससे पद-पूर्ति हो।

पद-भाजन, नपुं०, शब्दों का विभाग।

पद-भाणक, वि०, धर्म-ग्रन्थ के पदों का पाठ करने वाला।

पद-वण्णना, स्त्री०, पदों की व्याख्या।

पद-वलञ्ज, नपुं०, पद-चिह्न, पद-चिह्नों वाला रास्ता।

पद-विभाग, पु०, शब्दों का विभाग।

पद-वीतिहार, पु०, कदमों का परिवर्तन।

पद-सद्द, पु०, पैरों की आहट।

पदकुसल माणव जातक, बारह साल के गुजर जाने के बाद भी पद-चिह्नों का पता लगा सकने की कथा (४३२)।

पदक्खिणा, स्त्री०, प्रदक्षिणा।

पदग, पु०, पैदल सैनिक।

पदत्त, कृदन्त, दिया गया, बांटा गया।

पदर, नपुं०, दरार, फटाव, छेद।

पदवि, स्त्री०, मार्ग।

पदहति, क्रिया, प्रयत्न करता है, किसी के खिलाफ लड़ता है।
(पदहि, पदहित, पदहित्वा)।

पदहन, देखो पधान।

पदातवे, कृदन्त, देने के लिए।

पदाति, पु०, पैदल सैनिक; क्रिया, देना, लेना, पाना।

पदातु, पु०, दाता, देने वाला।

पदान, नपुं०, प्रदान, देना।

पदाळन, नपुं०, चीरना, फाड़ना, चिपटना।

पदाळेति, क्रिया, चिपटता है, चीरता

है, फाड़ता है ।
(पदाळेसि, पदाळित, पदाळेन्त, पदाळेत्वा) ।
पदाळेतु, पु०, चीरने वाला, तोड़ने वाला ।
पदिक, वि०, काव्य-पंक्तियों से युक्त, पैदल यात्री ।
पदिप्पति, जलता है ।
(पदिप्पि, पदिप्पमान, पदित्त)
पदिस्सति, क्रिया, दिखाई देता है ।
पदिट्ठ, कृदन्त, देखा गया ।
पदिस्समान, कृदन्त, देखा जाता हुआ ।
पदीप, पु०, प्रदीप, दिया, चिराग, प्रकाश ।
पदीप-काल, पु०, लैम्प जलाने का समय ।
पदीपिय, नपुं०, प्रदीप-सामग्री ।
पदीपेति, क्रिया, प्रदीप जलाता है, समझाता है, तेज करता है ।
(पदीपेसि, पदीपित, पदीपेन्त, पदीपेत्वा) ।
पदीपेय्य, देखो पदीपिय ।
पदीयति, क्रिया, दिया जाता है, प्रदान किया जाता है ।
(पदीयि, पदिन्न) ।
पदुट्ठ, कृदन्त, प्रदुष्ट, विकृत, खराब ।
पदुब्भति, क्रिया, षड्यन्त्र करता है, साजिश करता है, गलत करता है ।
(पदुब्भि, पदुब्भित, पदुब्भित्वा) ।
पदुम, नपुं०, कमल, नरक-विशेष, एक बहुत बड़ी संख्या ।
पदुम-कण्णिका, स्त्री०, कमल का बीज-कोष ।
पदुम-कलाप, पु०, कमल-समूह ।
पदुम-गब्भ, पु०, कमल का भीतरी भाग ।
पदुम-पत्त, नपुं०, कमल का पत्ता ।
पदुम-राग, पु०, लाल रंग की मणि ।
पदुम-सर, पु० तथा नपुं०, कमल का तालाब ।
पदुम जातक, बोधिसत्व को तालाब से कमल-गुच्छ लाने में सफलता मिली (२६१) ।
पदुमिनी, स्त्री०, कमल का पौधा, कमल का तालाब ।
पदुमिनी-पत्त, नपुं०, कमल के पौधे का पत्ता ।
पदुमी, वि०, कमल वाला, पदुमी (हाथी) ।
पदुस्सति, क्रिया, दुष्कृत करता है, क्रोधित होता है, भ्रष्ट करता है ।
(पदुस्सि, पदुट्ठ, पदुस्सित्वा)
पदुस्सन, नपुं०, विरोधी कार्य, षड्यन्त्र, साजिश ।
पदूसेति, क्रिया, भ्रष्ट करता है, दुष्कृत करता है ।
(पदूसेसि, पदूसित, पदूसेत्वा) ।
पदेस, पु०, प्रदेश, स्थान ।
पदेस-ञाण, नपुं०, सीमित ज्ञान ।
पदेस-रज्ज, नपुं०, प्रदेश राज्य ।
पदेस-राजा, पु०, अनु-राजा ।
पदेसन, नपुं०, भेंट या परित्याग ।
पदोस, पु०, १. प्रदोष (रात्रि), २. क्रोध, ३. दोष ।
पदोसेति, देखो पदूसेति ।
पद्म, देखो पदुम ।
पधंस, पु०, प्रध्वंस, विनाश ।
पधंसन, नपुं०, लूट-मार ।

पधंसित, कृदन्त, लूट-पाट किया गया।

पधंसिय, वि०, लूट-पाट किये जाने की सम्भावना वाला।

पधंसेति, क्रिया, लूट-पाट करता है, आक्रमण करता है।
(**पधंसेसि, पधंसित, पधंसेत्वा, पधंसेन्त**)

पधान, वि०, प्रधान, मुख्य; नपुं०, प्रयास, प्रयत्न।

पधान-घर, नपुं०, योगाभ्यास करने का स्थान।

पधानिक, वि०, योगाभ्यास के लिए प्रयत्न करने वाला।

पधावति, क्रिया, दौड़ता है।
(**पधावि, पधावित, पधावित्वा**)।

पधावन, नपुं०, दौड़।

पधूपेति, क्रिया, धुआँ देता है, धुआँ फेंकता है; देखो धूपेति।
(**पधूपेसि, पधूपित, पधूपेन्त**)।

पधोत, कृदन्त, अच्छी तरह धोया गया या तेज किया गया।

पन, अव्यय, और, अभी, लेकिन, इसके विरुद्ध, अब, इसके अतिरिक्त।

पनस, पु०, कटहल का पेड़; नपुं० कटहल का फल।

पनस्सति, क्रिया, विनाश को प्राप्त होता है, गायब हो जाता है।
(**पनस्सि, पनट्ठ, पनस्सित्वा**)।

पनाळिका, स्त्री०, नाली, पाइप, नली।

पनुदति, क्रिया, दूर करता है, हटा देता है, धकेल देता है।
(**पनुदि, पनुदित, पनुदित्वा, पनुदिय, पनुदमान**)।

पनुदन, (**पनूदन** भी), नपुं०, हटाना, दूर करना, अस्वीकृत कर देना।

पन्त, वि०, दूर, एकान्त।

पन्त-सेनासनं, नपुं०, एकान्त स्थान।

पन्ति, स्त्री०, पंक्ति, कतार।

पन्थ, पु०, मार्ग, सड़क।

पन्थक, पु०, यात्री, राही।

पन्थ-घात, पु०; बटमारी।

पन्थ-घातक, पु०, रास्ता चलते डाका डालने वाला।

पन्थ-दूहन, नपुं०, रास्ता चलते डाका डालना।

पन्थिक, देखो, पन्थक।

पन्न, कृदन्त, गिरा हुआ, पतित।

पन्नक्खन्ध, देखो पत्तक्खन्ध।

पन्न-भार, वि०, जिसने अपना भार नीचे उतारकर रख दिया।

पन्न-लोम, वि०, जिसके बाल गिर पड़े, पराजित।

पन्नग, पु०, साँप।

पप, नपुं०, जल, पानी।

पपञ्च, पु०, प्रपंच, रुकावट, झगड़ा, झंझट, विलम्ब, भ्रम, वहम।

पपञ्चेति, क्रिया, व्याख्या करता है, विलम्ब करता है।
(**पपञ्चेसि, पपञ्चित, पपञ्चेत्वा**)।

पपटिका, स्त्री०, पेड़ की छाल, पपड़ी।

पपतति, क्रिया, गिर जाता है।
(**पपति, पपतित, पपतित्वा**)।

पपतन, नपुं०, गिरना, गिरावट।

पपद, पु०, पाँव का पंजा।

पपा, स्त्री०, प्याऊ, कुआँ।

पपात, पु०, गिरना, प्रपात, झरना ।
पपितामह, पु०, दादा के पिता ।
पपुत्त, पु०, पौत्र, पोता ।
पपुन्नाट, पु०, फल्गु फल ।
पप्पटक, पु०, कुकुरमुत्ता, पत्थर का टुकड़ा ।
पप्पोठेति, क्रिया, पीटता है ।
(**पप्पोठेसि, पप्पोठित, पप्पोठेत्वा**) ।
पप्पोति, क्रिया, प्राप्त होता है, पहुँचता है ।
(**पप्पुय्य**) ।
पप्फास, नपुं०, फेफड़े ।
पबन्ध, पु०, साहित्यिक रचना; वि०, सिलसिलेवार ।
पबल, वि०, प्रबल ।
पबुज्झति, क्रिया, जागता है, समझता है ।
पबुज्झि, अतीत० क्रिया, जागा, समझा ।
पबुद्ध, कृदन्त, प्रबुद्ध, जाग्रत ।
पबोधन, नपुं०, जागरण ।
पबोधेति, क्रिया, जगाता है, प्रबुद्ध करता है ।
(**पबोधेसि, पबोधित, पबोधेत्वा, पबोधेन्त**) ।
पब्ब, नपुं०, गाँठ, उँगली का पोर, विभाग, हिस्सा ।
पब्बजति, क्रिया, प्रव्रजित होता है, निकल पड़ता है, संन्यास के लिए घर छोड़ता है ।
(**पब्बजि, पब्बजित, पब्बजित्वा, पब्बजन्त**) ।
पब्बजन, नपुं०, प्रव्रज्या, गृहस्थ-जीवन का त्याग ।
पब्बज्जा, स्त्री०, प्रव्रज्या ।
पब्बजित, कृदन्त, प्रव्रजित हुआ; पु०, प्रव्रजित, साधु ।
पब्बत, पु०, पहाड़ ।
पब्बत-कूट, नपुं०, पर्वत-शिखर, पहाड़ की चोटी ।
पब्बत-गहन, नपुं०, पर्वत-भरा प्रदेश ।
पब्बतट्ठ, वि०, पर्वत-स्थित ।
पब्बत-पाद, पु०, पर्वत की तराई ।
पब्बत-शिखर नपुं०, पर्वत की चोटी ।
पब्बतुपत्थर जातक, एक राजदरबारी ने राजा के रनिवास को दूषित किया । राजा ने उसकी उपेक्षा की (१९५) ।
पब्बतेय्य, वि०, पर्वत पर रहने वाला ।
पब्बाजन, नपुं०, प्रव्रजित करना, देश-निकाला देना ।
पब्बाजनिय, वि०, निकाल बाहर करने योग्य ।
पब्बाजेति, क्रिया, निकाल बाहर करता है, प्रव्रजित करता है ।
(**पब्बाजेसि, पब्बाजित, पब्बाजेत्वा**) ।
पब्भार, पु०, पर्वत की ढलान ।
पभग्ग, कृदन्त, नष्ट हुआ, टूटा हुआ ।
पभङ्कर, पु०, प्रभाकर, सूर्य ।
पभङ्गु, वि०, अनित्य, नाशवान् ।
पभङ्गुर, वि०, देखो पभङ्गु ।
पभव, पु०, उत्पत्ति, मूल स्रोत ।
पभवति, क्रिया, उत्पन्न होता है; देखो पहोति ।
(**पभवि, पभवित, पभवित्वा**) ।
पभस्सर, वि०, प्रभास्वर, अत्यन्त चमकदार ।

पभा, स्त्री०, प्रभा, प्रकाश ।

पभात, कृदन्त, स्पष्ट हुआ, चमकता हुआ; नपुं०, प्रभात, सवेरा ।

पभाव, पु०, प्रभाव, सामर्थ्य, तेजस्विता ।

पभावित, कृदन्त, प्रभावित ।

पभावेति, क्रिया, प्रभावित करता है ।

पभास, पु०, चमक, प्रकाश ।

पभासति, क्रिया, चमकता है । (**पभासि, पभासित्वा, पभासन्त**) ।

पभासेति, क्रिया, प्रकाशित कराता है । (**पभासेसि, पभासित, पभासेन्त, पभासेत्वा**) ।

पभिज्जति, क्रिया, टूटता है, टुकड़े-टुकड़े हो जाता है । (**पभिज्जि, पभिज्जमान, पभिज्जित्वा**) ।

पभिज्जन, नपुं०, पृथक्-पृथक् होना, टूटना ।

पभिन्न, कृदन्त, टूटा हुआ, भिन्न हुआ, टुकड़े-टुकड़े हुआ ।

पभु, (**पभू** भी), स्वामी, प्रभु ।

पभुति, अव्यय, प्रभृति, इत्यादि । (**ततो-पभुति**=तब से) ।

पभुत्त, नपुं०, प्रभुत्व ।

पभेद, पु०, प्रभेद, प्रकार ।

पभेदन, नपुं०, बँटवारा; वि०, विनाश करने वाला ।

पमज्जति, क्रिया, लापरवाही करता है, प्रमाद करता है, नशे में होता है, साफ कर देता है । (**पमज्जि, पमत्त, पमज्जित्वा, पमज्ज, पमज्जिय, पमज्जितुं**) ।

पमज्जना, स्त्री०, प्रमाद, विलम्ब ।

पमत्त, कृदन्त, प्रमादी, आलसी ।

पमत्त-बन्धु, पु०, प्रमादियों का मित्र, अर्थात् मार ।

पमथति, क्रिया, अधीन करता है । (**पमत्थि, पमत्थित, पमत्थित्वा**) ।

पमदा, स्त्री०, औरत ।

पमदा-वन, नपुं०, महल के समीप का उद्यान ।

पमद्दति, क्रिया, मर्दन करता है, नष्ट करता है, पराजित करता है । (**पमद्दि, पमद्दित, पमद्दित्वा**) ।

पमद्दन, नपुं०, मर्दन, जीत लेना ।

पमद्दी, पु०, मर्दन करने वाला, विजयी होने वाला ।

पमा, स्त्री०, माप ।

पमाण, नपुं०, माप ।

पमाणक, वि०, मापने वाला ।

पमाणिक, वि०, माप के अनुसार ।

पमाद, पु०, प्रमाद, लापरवाही ।

पमाद-पाठ, नपुं०, पुस्तक का सदोष पाठ ।

पमिणाति, क्रिया, मापता है, अन्दाजा लगाता है । (**पमिणि, पमित, पमिणित्वा, पमित्वा**) ।

पमुख, वि०, प्रमुख; नपुं०, (घर के) आगे का भाग ।

पमुच्चति, क्रिया, मुक्त करता है । (**पमुच्चि, पमुत्त, पमुञ्चित्वा**) ।

पमुच्छति, क्रिया, मूर्छित होता है । (**पमुच्छि, पमुच्छित, पमुच्छित्वा**) ।

पमुञ्चति, क्रिया, छोड़ता है, मुक्त करता है । (**पमुञ्चि, पमुञ्चित, पमुत्त, पमु-**

ञ्चिय, पमुञ्चित्वा) ।
पमुट्ठ, कृदन्त, भूला हुआ ।
पमुत्त, देखो, पमुञ्चति ।
पमुत्ति, स्त्री०, मोक्ष, मुक्ति ।
पमुदित, कृदन्त, प्रमुदित, अति प्रसन्न ।
पमुय्हति, क्रिया, मोह को प्राप्त होता है, चकित होता है ।
(पमुय्हि, पमूळ्ह, पमुय्हित्वा, पमुय्ह) ।
पमुस्सति, क्रिया, भूल जाता है ।
(पमुस्सि, पमुट्ठ, पमुस्सित्वा) ।
पमूळ्ह, कृदन्त, मोह को प्राप्त हुआ ।
पमेय्य, वि०, मापा जा सके, सीमित किया जा सके ।
पमोक्ख, पु०, मोक्ष, मुक्ति ।
पमोचन, नपुं०, मुक्त करना ।
पमोचेति, क्रिया, मुक्त करता है ।
(पमोचेसि, पमोचित, पमोचेत्वा) ।
पमोद, पु०, आनन्द, प्रीति, खुशी ।
पमोदति, क्रिया, आनन्दित होता है, खुश होता है ।
(पमोदि, पमोदित, पमोदमान, पमोदित्वा) ।
पमोदना, स्त्री०, देखो पमोद ।
पमोहन, नपुं०, धोखा ।
पमोहेति, क्रिया, धोखा देता है ।
(पमोहेसि, पमोहित, पमोहेत्वा) ।
पम्पक, पु०, छिपकली जैसा प्राणी ।
पम्पटक, पु०, एक प्रकार की छिपकली ।
पम्ह, नपुं०, बरौनी ।
पय, पु० तथा नपुं०, दूध, पानी ।
पयत, कृदन्त, संयत ।
पयतन, नपुं०, प्रयत्न, कोशिश ।
पयाग, गङ्गा-जमुना के संगम पर आधुनिक इलाहाबाद ।
पयाग-तित्थ, देखो पयाग ।
पयाग-पतिट्ठान, देखो पयाग ।
पयाति, क्रिया, आगे बढ़ता है ।
(पयासि, पयात) ।
पयिरुपासति, क्रिया, संगति करता है, सेवा में रहता है ।
(पयिरुपासि, पयिरुपासित, पयिरुपासित्वा) ।
पयिरुपासना, स्त्री०, सेवा में रहना, संगति करना ।
पयुञ्जति, क्रिया, नियुक्त करता है, लगाता है ।
(पयुञ्जि, पयुत्त, पयुञ्जमान, पयुञ्जित्वा) ।
पयुत्तक, वि०, चर-पुरुष ।
पयोग, पु०, प्रयोग, साधन, क्रिया ।
पयोग-करण, नपुं०, प्रयास, प्रयत्न ।
पयोग-विपत्ति, स्त्री०, असफलता ।
पयोग-सम्पत्ति, स्त्री०, सफलता ।
पयोजक, पु०, व्यवस्थापक, निर्देशक ।
पयोजन, नपुं०, प्रयोजन, कार्य ।
पयोजेति, क्रिया, कार्य में लगाता है ।
(पयोजेसि, पयोजित, पयोजेन्त, पयोजेत्वा, पयोजिय) ।
पयोजेतु, देखो पयोजक ।
पयोधर, पु०, बादल, स्तन ।
पय्यक, पु०, प्रपितामह ।
पर, वि०, दूसरा ।
पर-कत, वि०, परकृत, दूसरे का किया हुआ ।
पर-कार, (परङ्कार भी), दूसरापन, (अहंकार का उलटा) ।
पर-जन, पु०, अपरिचित जन, बाहर

का आदमी ।

परत्थ, पु०, परोपकार; अव्यय, अन्यत्र, मरणान्तर ।

परदत्तूपजीवी, त्रि०, दूसरों के दान पर जीने वाला ।

पर-दार, पु०, किसी दूसरे की स्त्री ।

पर-दार-कम्म, नपुं०, पर-स्त्री-गमन ।

पर-दारिक, पु०, पर-स्त्री-गमन करने वाला ।

परनेय्य, वि०, दूसरे द्वारा ले जाया जाने वाला ।

पर-जातक, रानी ने राजा तथा पुरोहित की अनुपस्थिति में परन्तप नाम के नौकर से सहवास किया (४१६) ।

पर-पच्चय, वि०, दूसरे पर निर्भर ।

पर-पटिय, वि०, दूसरे पर आश्रित ।

पर-पुट्ठ, वि०, दूसरे द्वारा पोषित ।

पर-पेस्स, वि०, दूसरों की सेवा करने वाला ।

पर-भाग, पु०, पीछे का हिस्सा, बाहर का हिस्सा ।

पर-लोक, पु०, मरणान्तर लोक ।

पर-वम्भन, नपुं०, दूसरों को नीची नजर से देखना ।

पर-वाद, पु०, विरोधी मत ।

परवादी, पु०, विरोधी मत रखने वाला ।

पर-विसय, पु०, विदेश, दूसरे का राज्य ।

पर-सेना, स्त्री०, विरोधी सेना ।

पर-हत्थगत, वि०, शत्रु-गृहीत ।

पर-हित, पु०, दूसरों का उपकार ।

पर-हेतु, वि०, दूसरों के लिए ।

परक्कम, पु०, पराक्रम, प्रयत्न ।

परक्कमन, नपुं०, प्रयास ।

परक्कमति, क्रिया, पराक्रम करता है, साहस दिखाता है । (**परक्कमि, परक्कन्त, परक्कमन्त, परक्कमित्वा, परक्कम्म**) ।

परम, वि० श्रेष्ठतम ।

परमता, स्त्री०, श्रेष्ठत्व, पराकाष्ठा का भाव ।

परमत्थ, पु०, परमार्थ, उच्चतम आदर्श ।

परमत्थ-जोतिका, खुद्दक-पाठ, धम्मपद, सुत्तनिपात तथा जातक पर बुद्ध-घोष की अट्ठकथा ।

परमत्थ-दीपनी, उदान, इतिवुत्तक, विमानवत्थु, पेतवत्थु, थेरगाथा तथा थेरीगाथा पर धम्मपाल की अट्ठकथा ।

परमाणु, पु०, अणु (कण) का छत्तीसवाँ हिस्सा ।

परमायु, नपुं०, आयु की सीमा ।

परम्परा, स्त्री०, (वंश-)परम्परा, सिलसिला ।

परम्मुख, वि०, मुँह दूसरी ओर ।

परम्मुखा, क्रिया-विशेषण, अनुपस्थिति में ।

परसुवे, अव्यय, परसों ।

परं, क्रिया-विशेषण, बाद में, मरणान्तर ।

परंमरणा, क्रिया-विशेषण, मरने के बाद ।

परा, उपसर्ग, परिहानि व पराजय आदि अर्थों में ।

पराग, पु०, पुष्प-रेणु ।

पराजय, पु०, हार ।
पराजियति, क्रिया, पराजित होता है । (**पराजियि, पराजियित्वा**) ।
पराजेति, क्रिया, हराता है । (**पराजेसि, पराजित, पराजेन्त, पराजित्वा**) ।
पराधीन, वि०, दूसरे के अधीन ।
पराभव, पु०, अवनति, अपमान ।
